(21) A copy of the National Financial Reporting Authority (Recruitment, Salary, Allowances and other Terms and Conditions of Service of Secretary, Officers and other Employees of Authority) Rules, 2019 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R.526(E) in Gazette of India dated 25th July, 2019 under Section 132 read with Section 469 of the Companies Act, 2013.

[Placed in Library, See No. LT 1275/17/19]

(22) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under Section 64 of the Competition Act, 2002: -

1. The Competition Commission of India (Procedure in regard to the transaction of business relating to combinations) Amendment Regulations, 2019 published in Notification No. F. No. CCI/CD/Amend/Comb. Regl. /2019 in Gazette of India dated 13th August, 2019.
2. The Competition Commission of India (Procedure in regard to the transaction of business relating to combinations) Second Amendment Regulations, 2019 published in Notification No. F. No. CCI/CD/Amend/Comb. Regl. /2019(2) in Gazette of India dated 30th October, 2019.

[Placed in Library, See No. LT 1276/17/19]

(23) A copy of Notification No. S.O.3705(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated 14th October, 2019 delegating powers to Tribunal-Section 458 read with Section 418 of the Companies Act, 2013 under sub-section (2) of Section 458 of the said Act.

[Placed in Library, See No. LT 1277/17/19]

(24) A copy of Notification No. S.O.4024(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated 7th November, 2019, together with an explanatory memorandum specifying M/s Go Airlines (India) Ltd. And TATA SIA

Airlines Limited (Vistara) as “Designated Indian Carrier” for the purpose of sub-section (5) of the Central Sales Tax Act, 1956 issued under the said Act..

[Placed in Library, See No. LT 1278/17/19]

(25) A copy of the Notification No. G.S.R.871(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated 22nd November, 2019, together with an explanatory memorandum making certain amendments in Notification No. 8/2017-Integrated Tax (Rate), dated 28th June, 2017 under Section 24 of the Integrated Goods and Service Tax Act, 2017.

[Placed in Library, See No. LT 1279/17/19]

(26) A copy of the Notification No. G.S.R.872(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated 22nd November, 2019, together with an explanatory memorandum making certain amendments in Notification No. 11/2017-Union Territory Tax (Rate), dated 28th June, 2017 under Section 24 of the Union Territory Goods and Service Tax Act, 2017.

[Placed in Library, See No. LT 1280/17/19]

12.03 hrs

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report the following message received from the Secretary-General of Rajya Sabha: -

> "In accordance with the provisions of sub-rule (6) of rule 186 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to return herewith the Taxation Laws (Amendment) Bill, 2019 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 2nd December, 2019 and transmitted to the Rajya Sabha for its recommendations and to state that this House has no recommendations to make to the Lok Sabha in regard to the said Bill."

12.03 ½ hrs

STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE

272nd to 274th Reports

श्री कमलेश पासवान (बासगाँव): अध्यक्ष महोदय, मैं परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

1. "सड़क क्षेत्र में आधारभूत संरचना के लिए ऋण" के बारे में समिति के 236वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समिति की सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 272वां प्रतिवेदन।
2. "भारत में बौद्ध परिपथ का विकास" के बारे में समिति के 262वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समिति की सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 273वां प्रतिवेदन।
3. "संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रशासित अध्येतावृत्ति, छात्रवृत्ति, अनुदान, पेंशन और योजनाएं" के बारे में समिति के 271वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समिति की सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 274वां प्रतिवेदन।

———————

12.04 hrs

STATEMENTS BY MINISTERS

(i) Status of implementation of the recommendations contained in the 271st Report of the Standing Committee on Transport, Tourism and Culture on "Fellowships, Grants, Pensions and Schemes administered by the Ministry of Culture" pertaining to the Ministry of Culture

संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री प्रह्लाद सिंह पटेल): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं अध्येतावृत्ति, छात्रवृत्ति, अनुदान, पेंशन और योजनाएं के बारे में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के 271वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन के बारे में वक्तव्य प्रस्तुत करता हूं।

[Placed in Library, See No. LT 1281/17/19]

12.04 ½ hrs

(ii) (a) Status of implementation of the recommendations contained in the 50th Report of the Standing Committee on Labour on Action taken by the Government on the observations/recommendations contained in 36th Report of the Committee on 'Demands for Grants 2018-19' pertaining to the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP (SHRI R.K. SINGH): Sir, I beg to make a statement regarding the status of implementation of recommendations in the 50th Report of the Standing Committee on Labour on Action taken by the Government on the observations/recommendations contained in 36th Report of the Committee on `Demands for Grants 2018-19' pertaining to the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship.

[Placed in Library, See No. LT 1282/17/19]

(b) Status of implementation of the recommendations/observations contained in the 53rd Report of the Standing Committee on Labour on Action taken by the Government on the observations/recommendations contained in 41st Report of the Committee on 'Jan Shikshan Sansthan Scheme' pertaining to the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP (SHRI R.K. SINGH): Sir, I beg to make a statement regarding the status of implementation of the recommendations/observations contained in the 53rd Report of the Standing Committee on Labour on Action taken by the Government on the observations/recommendations contained in the 41st Report of the Committee on `Jan Shikshan Sansthan Scheme' pertaining to the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship.

[Placed in Library, See No. LT 1283/17/19]

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप सब बैठिए।

…(व्यवधान)

12.05 hrs

MOTION RE: SUSPENSION OF MEMBERS FROM THE SERVICE OF THE HOUSE UNDER RULE 374 – Not Moved

माननीय अध्यक्ष: मद संख्या 14 – श्री प्रहलाद जोशी ।

संसदीय कार्य मंत्री, कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रह्लाद जोशी): माननीय अध्यक्ष जी, शुक्रवार को जो घटना हुई, इसके बारे में हमने निवेदन किया था, कांग्रेस पार्लियामेंटरी पार्टी लीडर अधीर रंजन जी से आपके समक्ष भी निवेदन किया था। हमारी रिक्वेस्ट अभी भी है।...(व्यवधान) भारतीय जनता पार्टी, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम पूरे सदन में शांति से, अच्छे ढंग से, स्ट्रक्चरल रूप से डिबेट चाहते हैं, लेकिन जो बर्ताव उन्होंने किया, दो सदस्यों ने किया, हाउस डिस्टर्ब किया और चेयर से डायरेक्शन भी दी गई कि आप माफी मांगिए, In spite of that, they have not asked apology.

अभी भी अधीर रंजन जी और मैम्बर्स से मेरा आग्रह है, क्योंकि यह बर्ताव बिल्कुल ठीक नहीं है । एक महिला सदस्य हैं, वह भी मंत्री हैं, ऐसे हाथ ऊपर करके आगे आना, ठीक नहीं है । ...(व्यवधान) It has been seen in a very bad light as far as the entire country is concerned. मैं आग्रह पूर्वक कहना चाहता हूं कि उन लोगों को माफी मांगनी चाहिए। हम तो किसी को बाहर करने के पक्ष में नहीं हैं, फिर भी अगर वे माफी नहीं मांगते हैं, तो मैं माननीय अध्यक्ष जी, आपके ऊपर छोड़ दूंगा, आपको जो कार्रवाई करनी है कर दीजिए।...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूं कि सरकार की तरफ से पार्लियामेंटरी लीडर और बाकी लोग यह न सोचें कि यह सदन किसी राजा का हवा महल है। ...(व्यवधान) हिन्दुस्तान के लोगों की, नुमाइंदों की बात करने के लिए यह सदन बनाया गया है।...(व्यवधान) ये लोग नहीं जानते हैं कि किस तरह का मोशन लाना चाहिए। आप लोग मोशन

लाने का तरीका नहीं जानते हैं, फिर भी पार्लियामेंटरी मिनिस्टर बने हैं ।...(व्यवधान) स्पीकर साहब उस दिन थे, जब सदन में चर्चा हुई थी ।...(व्यवधान)

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): वह अपनी पार्टी के नेता हैं, अनुभवी सांसद हैं । उन्होंने जिस तरह के शब्दों का प्रयोग इस सम्मानीय सदन के लिए किया है, वह बहुत ही निंदनीय है, उन्हें इसे वापस लेना चाहिए, यह हम कहना चाहते हैं ।...(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : Sir, I would like to refer to page No. 1059 of Kaul and Shakdher. It has been clearly stated there that an order passed by the Speaker is final. उस दिन स्पीकर सर ने कोई ऑर्डर नहीं दिया । उस दिन स्पीकर सर की रूलिंग पर ओवर रूलिंग की गई ।

The rule of the Speaker was overruled. These kinds of atrocities and arrogance was being shown by you. जनाब, आप 374ए को पढ़ लीजिए ।...(व्यवधान)

> "374A. (1) Notwithstanding anything contained in rules 373 and 374, in the event of grave disorder occasioned by a member coming into the well of the House or abusing the Rules of the House persistently and wilfully obstructing its business by shouting slogans or otherwise, such member shall, on being named by the Speaker, stand automatically suspended from the service of the House for five consecutive sittings or the remainder of the session, whichever is less:"

क्या स्पीकर सर ने उस दिन कोई नाम लिया था? Did the Speaker name anybody? No. The House was continuing....(*Interruptions*) सब कुछ होने के बाद आपको लगा कि हमारे दो सदस्यों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाए । ...(व्यवधान) हमारे सदस्यों को डराने की कोशिश

मत करो। ...(व्यवधान) हम डरने वाले नहीं हैं।...(व्यवधान) आप बात-बात में हमें डराने की कोशिश न करें।...(व्यवधान)

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान विनम्रता से नियम 374क की तरफ ले जाना चाहता हूं:-

"नियम 373 और 374 में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी किसी सदस्य द्वारा अध्यक्ष के आसन के निकट आकर अथवा सभा में नारे लगाकर या अन्य प्रकार से सभा की कार्यवाही में बाधा डालकर लगातार और जानबूझकर सभा के नियमों का दुरुपयोग करते हुए घोर अव्यवस्था उत्पन्न किए जाने की स्थिति..."

इसमें अध्यक्ष द्वारा सदस्यों का नाम लिए जाने का प्रावधान है।

ऐसा नहीं है कि यह अध्यक्ष जी के सामने करेंगे। ...(व्यवधान) आप सुन लीजिए। सभा को बाधित करने के किसी भी प्रकार के तरीके पर इस नियम का प्रयोग कर सकते हैं। एक महिला सदस्य के सामने, महिला मंत्री के सामने हाथ खड़े करके वेग के साथ जाना, मैं नहीं मानता कि इससे ज्यादा कोई शर्मनाक बात हो सकती है। ...(व्यवधान) माननीय अध्यक्ष जी, This is a fit case for invoking Rule 374.

माननीय अध्यक्ष: एक मिनट प्लीज, आप सभी बैठ जाइए।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष: सभी माननीय संसद सदस्यगण, हम सबको इस संसद की मर्यादा को ध्यान में रखना चाहिए। जबसे आप सबने मुझे इस आसन पर बैठाया है, मैंने प्रयास किया है और कोशिश की है कि सभी माननीय सदस्यों का सम्मान बना रहे । मैंने कई बार यह भी आग्रहपूर्वक कहा है कि सदन की एक मर्यादा है। जब मैं विश्व के संसदीय सम्मेलनों में जाता हूं तो मैं गर्व से कह सकता हूं कि भारत सबसे मजबूत और निर्णायक लोकतंत्र देश है और हमारी संसद की मर्यादा भी सबसे ऊपर है। हमारी

संसद की कार्यवाही लाइव होती है, इसलिए मैं बार-बार इस बात को इंगित करता हूं कि हम भारत की संसद से देश को दिशा दे सकें। हम सभी इस मर्यादा को कायम रखें। मैं आपका संरक्षक हूं। जो कुछ भी विषय हुआ है, मैं हमेशा यह अपेक्षा करूंगा कि कोई भी माननीय सदस्य न तो बाहें चढ़ाकर आएं, न कोई तीखा बोलें। तल्ख टिप्पणियां बहुत हुई हैं, तल्ख राजनीति और टिप्पणी होनी चाहिए, लेकिन मर्यादित तरीके से। हम सभी मर्यादा का ध्यान रखेंगे, इससे सदन की मर्यादा रहेगी। सभापति की मर्यादा रहेगी तो संसद की मर्यादा रहेगी। आप निश्चिंत रहें, जो विषय मेरे ध्यान में आया है, मैं पुन: बैठकर यह अपेक्षा करूंगा कि इस विषय पर आपके साथ न्यायपूर्ण निर्णय करूं।

अब सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सकती है ।

12.12 hrs

GOVERNMENT BILLS – Introduced

(i) Constitution (One Hundred and Twenty-Sixth Amendment) Bill, 2019*

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE, MINISTER OF COMMUNICATIONS AND MINISTER OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI RAVI SHANKAR PRASAD): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

माननीय अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Mr. Speaker, Sir, I have given a notice to oppose this Bill, which is called the Constitution (One Hundred and Twenty-Sixth Amendment) Bill. सर, संविधान लागू होने के समय अनुच्छेद 333 और 334 था, जिसमें एंग्लो इंडियन्स के लिए संरक्षण रखा गया था, उसको बंद किया जा रहा है। इसका प्रावधान अम्बेडकर साहब और जवाहर लाल नेहरू जी ने किया था। आज सरकार को अचानक ध्यान में आया कि इसको एबोलिश करना चाहिए। एंग्लो इंडियन्स के लिए दो सीट लोक सभा में और 9 सीट विधान सभाओं में होती हैं। अनुच्छेद 334 में प्रावधान है कि 70 साल तक एंग्लो इंडियन्स को भी छुटकारा मिले, उसको एबोलिश किया जा रहा है। That is why I have given a notice opposing the introduction of this Constitution (Amendment) Bill. Under Rule 272 (i) of the Rules

* Published in the Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2 dated 9.12.2019

of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I beg to oppose the introduction of the Constitution (One Hundred and Twenty-Sixth Amendment) Bill, 2019 due to its unconstitutional nature. This Bill is in violation of Article 14, which talks of equality before law and which provides against arbitrariness, and requires a classification to be based on some real and substantial distinction. The current Bill extends different treatment to various minority communities, namely, SCs, STs and Anglo Indians. Both have reservation under Article 334. This difference is being exercised arbitrarily without relying on any real facts or data.

The Bill is also an attack on the principle of federalism as it deprives the States of the power of appointing Members from the Anglo Indian community. यह जो 70 साल से चला आ रहा है, एक कम्यूनिटी की रिप्रेजेंटेशन को रातों-रात एबॉलिश करना सही नहीं होगा, जायज नहीं होगा, फेयर नहीं होगा, तो मैं मंत्री जी से कहूंगा कि इसे विदड्रॉ कर लिया जाए। डॉ. अम्बेडकर और जवाहर लाल नेहरू ने एंग्लो इंडियन्स, जो एक छोटा माइनॉरिटी है, के लिए जो रिजर्वेशन दिया था, उसे बनाए रखना चाहिए। ...(व्यवधान) अभी भी हाउस में एंग्लो इंडियन सदस्य हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइए, आपको इजाजत नहीं दी है। आप बैठ जाइए।

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, मैं बहुत विनम्रता से माननीय प्रोफेसर राय को बताना चाहूंगा कि इस संविधान संशोधन विधेयक के माध्यम से इस देश के अनुसूचित-जाति, अनुसूचित-जनजाति का रिजर्वेशन, जो 25 जनवरी, 2020 को समाप्त हो रहा है, उसे दस साल आगे बढ़ाने के लिए संशोधन लेकर आए हैं। हम इसे इसलिए लेकर आए हैं कि हमारी सरकार मानती है कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति को पोलिटिकल रिप्रेजेंटेशन का अधिकार मिलना चाहिए, वह नॉमिनेशन नहीं है,

वह रिप्रेजेंटेशन है। इस बात को समझना चाहिए। हमारी सरकार प्रतिबद्ध है, इसलिए हम यह विधेयक लाए हैं, वे इसका विरोध कर रहे हैं, यह उनके ऊपर है। यह मेरिट का विषय है। जहां तक एंग्लो इंडियन्स का सवाल है, मैं उत्तर में विस्तार से बताऊंगा। 2011 के सेंसस के मुताबिक देश में सिर्फ 296 एंग्लो इंडियन्स हैं।...(व्यवधान) मैं सदन को बताना चाहूंगा कि हमने इस पर विचार बन्द नहीं किया है। ...(व्यवधान) यह मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं। इसलिए यह जो चिन्ता व्यक्त की जा रही है, अपने आप में उचित नहीं है। ...(व्यवधान)

तीसरी बात, सदन में किसी बिल को रोकने या नहीं रोकने के लिए पूरी परम्परा स्थापित है। What is that? It is: 'the House must not have legislative competence and the Bill should be palpably against any fundamental rights.' When these mattes would be raised, when I propose the Bill for consideration, we can discuss it. When he raises, I will reply to it at that time. But how this can be that this sovereign House does not have the competence?

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

> "कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"
>
> <u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: I introduce the Bill.

12.18 hrs

(ii) Citizenship (Amendment) Bill, 2019

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि नागरिकता अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि नागरिकता अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए। "

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज बैठिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप विराजें, आपके नेता बोल रहे हैं। बशीर भाई, एक मिनट बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, थोड़ा समय दीजिएगा। ...(व्यवधान)

Sir, I do not have any qualm...

माननीय अध्यक्ष: समय देंगे, जब बिल पर डिबेट होगी, अभी मोशन पर बोलना है।

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, एकदम बिन्दु-बिन्दु में बोलूंगा । ...(व्यवधान) I do not have any qualm to opine that this is a regressive legislation. It is nothing but a targeted legislation against the minority people of our country ...(*Interruptions*)

श्री अमित शाह: महोदय, मेरा एक ऑब्जेक्शन है। ...(व्यवधान) ऐसे नहीं चलेगा। ...(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : Sir, I am not yielding ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: माननीय गृह मंत्री जी ।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: महोदय, एक सेकण्ड, मेरी बात सुन लीजिए।…(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY: No, I am not yielding, Sir. मेरी बात सुन लीजिए। …(व्यवधान)

श्री अमित शाह: अध्यक्ष महोदय, यह बिल कहीं पर भी देश की…(व्यवधान) जरा सुनिए तो…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी की बात सुनिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह: अध्यक्ष जी, यह बिल कहीं भी .001 प्रतिशत भी इस देश की माइनोरिटी के खिलाफ नहीं है।…(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY: Sir, let me finish my submission. …(*Interruptions*)

श्री अमित शाह: मगर, आप घुसपैठियों की चिंता कर रहे हैं, उन घुसपैठियों को कोई अधिकार न देने का यह बिल है।…(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY: Sir, let me finish. …(*Interruptions*) In the year 1947 on 22nd January, Pandit Jawaharlal Nehru had presented a historic Objective Resolution which was adopted. In the subsequent stages, the Objective Resolution always acted in shaping of our Constitution. The ideal of the Resolution was reflected in our Constitution which was later, in 1976, got

amended. It was surmised and it was summarised into the aims and objectives which says: "We, the People of India, having solemnly resolved to constitute India into a Sovereign, Secular, Socialist, Democratic Republic and to secure to all its citizens justice, equality, liberty, and fraternity." In the Constituent Assembly, on 26th November …(*Interruptions*) यदि आप डिस्टर्ब करेंगे, तो हम कहां जाएंगे? …(व्यवधान) गृह मंत्री जी हमें तो बोलने दो।…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: अध्यक्ष जी, सदन को इस बिल पर चर्चा करने का अधिकार है या नहीं है, इस पर ही चर्चा हो सकती है। इसके कंटेंट पर चर्चा नहीं हो सकती है।…(व्यवधान) मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : मंत्री जी, आप हमारी रक्षा करो। आप उन्नाव पीड़ित को संभाल नहीं सके और उन्नाव के पीड़ित को बचा नहीं सके।…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान नियम 72(1) पर दिलाना चाहता हूं:

> " जब प्रस्ताव का इस आधार पर विरोध किया जाए कि यह विधेयक ऐसे विधान का सूत्रपात करता है, जो सभा की विधायनी क्षमता से परे है …… । "

बिल के कंटेंट पर चर्चा नहीं होगी। बिल जब लेकर आऊंगा, तब जो पूछेंगे, सबका जवाब दूंगा।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी नियम पढ़ रहे हैं।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह: जब मैं बिल प्रस्तुत करता हूं, तब सदन की विधायी क्षमता पर ही चर्चा हो सकती है। बिल पर आपको बोलने का पूरा मौका मिलेगा और एक-एक बात को टाले बिना मैं जवाब भी दूंगा, आप

वॉक आउट मत कर जाना। परन्तु अभी सदन की विधायी क्षमता पर ही चर्चा हो सकती है। इस बिल के कंटेंट पर चर्चा नहीं हो सकती है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप एक मिनट शांत हो जाएं। मैं बोलने का मौका दूंगा। मेरा कहना है कि मैं किसी सदस्य को रोक नहीं रहा हूं।

...(व्यवधान)

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद): आप रोक रहे हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं-नहीं, आपको भी बोलने का मौका दूंगा। आप मेरी बात सुनिए। नियम प्रक्रिया में लिखा हुआ है, जब बिल पर डिबेट होगी, जितने सदस्य बोलना चाहेंगे, सभी को बोलने का मौका देंगे। विधेयक पुर:स्थापित करने के समय आपको अधिकार है, आप मत विभाजन भी करा सकते हैं। अभी अपना विषय संक्षिप्त में रखें और चर्चा के समय डिटेल में बोल लेना।

...(व्यवधान)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I am on a point of order. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : दादा अभी आपको बोलने की इजाजत नहीं दी है।

प्रो. सौगत राय: महोदय, प्वॉइंट आफ आर्डर है। यह व्यवस्था का प्रश्न है।

माननीय अध्यक्ष : किस नियम के तहत है।

प्रो. सौगत राय: महोदय, नियम 72(1) के तहत।

माननीय अध्यक्ष : दादा, अभी व्यवस्था दे रहा हूं। अभी अधीर रंजन जी को बोलने का मौका दिया है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपको भी मौका दूंगा। अभी मैंने पहले अधीर रंजन जी को बोलने के लिए कहा है।

…(<u>व्यवधान</u>)

PROF. SOUGATA RAY: Sir, I have a point of order under Rule 72(1). I want to say that what the Home Minister has said is not right. A person may oppose the Bill *per se.* He must give some reasons for opposing the Bill. Only if a substantive question of law is involved when the jurisdiction of the House is called into question, full discussion will be called for.

But I can oppose the Bill *per se* without any detailed discussion. *....(Interruptions)* What the Home Minister is saying is not right. *...(Interruptions)* He is giving a wrong interpretation of the Rule of the House*.....(Interruptions)* Maybe, he is new to this House. *....(Interruptions)*

श्री अमित शाह : माननीय अध्यक्ष महोदय, जब विधेयक पर चर्चा होगी, तब सब लोग अपना-अपना मत रख सकते हैं और विरोध भी कर सकते हैं। …(व्यवधान) अभी इसकी विधायी क्षमता पर ही चर्चा हो सकती है।…(व्यवधान)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Sir, the Rule is very clear. If it is out of the legislative competence, they can oppose it. *....(Interruptions)* It is within the legislative competence. *....(Interruptions)*

Sir, Rule 72(1) says –

"If a motion for leave to introduce a Bill is opposed, the Speaker, if thinks fit, after permitting, brief statements from the member who opposes the motion and the member who moved the motion, may, without further debate, put the question:

Provided that where a motion is opposed on the ground that the Bill initiates legislation outside the legislative competence of the House, the Speaker may permit a full discussion thereon."

यह आउटसाइड दि परमिशन का ही है। आप तो इस पर पूरी डिबेट कर रहे हैं। इस पर सिर्फ इंट्रोडक्शन होना है या नहीं होना है, इतना ही होना चाहिए। …(व्यवधान)

Sir, if it out of the legislative competence, then let him say that. *....(Interruptions)*

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप जितना बोलना चाहें, मैं सबको मौका दंगा। मैं यह कह रहा हूं कि एक नियम प्रक्रिया बना रखी है, लेकिन फिर भी सामान्य रूप से मैं हमेशा आपको मौका देता हूं। आप पाइंटेड बात कर दें। अगर पाइंटेड बात नहीं बोलेंगे, तब आपको पुर:स्थापन पर माननीय मंत्री जी का पूरा जवाब भी सुनना पड़ेगा। जितना विषय बोलेंगे, उतनी देर आपको जवाब भी सुनना पड़ेगा। यह भी आप विचार कर लें।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, there are deficiencies in the Bill. *...(Interruptions)* For the past more than 10 years, Sri Lankan Tamils are there, Christians are there, Muslims are there and other people are there*....(Interruptions)* They have been there for more than 10 years.

....(Interruptions) So, that deficiency should be corrected by the Home Minister. *....(Interruptions)* That is my point. *....(Interruptions)* We are opposing the introduction of the Bill. *....(Interruptions)*

श्री अमित शाह : माननीय अध्यक्ष जी, फिर से इसके मैरिट्स पर चर्चा हो रही है। मेरा यह कहना है कि सदन की विधायी क्षमता पर ही अभी चर्चा हो सकती है कि सदन के पास यह अधिकार है या नहीं है कि इस बिल पर चर्चा हाथ में लें। श्रीमान बालू जी और अधीर रंजन जी जो कह रहे हैं, वे मैरिट्स में जा रहे हैं। जब डिसकशन होगा, मैं विधेयक पर चर्चा शुरू करूंगा, मुझे सुनने के बाद उनको भी बोलने का मौका मिलेगा।...(व्यवधान) सब लोग अपना-अपना पक्ष रखें। मैं जवाब भी दूंगा। उसके बाद सदन निर्णय करेगा। मुझे लगता है कि पुर:स्थापित करने के समय पर ये सारी चीजों की चर्चा इसलिए नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह सदन की कॉम्पीटेंसी का सवाल नहीं है। ये बिल के मैरिट्स पर चर्चा कर रहे हैं।...(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU: Sir, it is a half-backed motion. *....(Interruptions)* That is why, interests of all should be fulfilled. *...(Interruptions)*

श्री अधीर रंजन चौधरी : माननीय अध्यक्ष जी, हिन्दुस्तान के एक बड़े विषय पर यह एक अमेंडमेंट है। सर, मैं जो पढ़ रहा था, वह प्रिएम्बल ऑफ दि कांस्टीट्यूशन पढ़ रहा था। वह क्या आपको अच्छा नहीं लगता? What I said is, "We in the Constituent Assembly on 26th November, 1949, do hereby adopt, enact and give ourselves the Constitution". संविधान का मतलब क्या है? कांस्टीट्यूशन का मतलब होता है- जस्टिस, ईक्वैलिटी, लिबर्टी और फ्रैटर्निटी। यह प्रिएम्बल को थ्रो कर रहे हैं। **...(**व्यवधान**)** आर्टिकल 14 को आप अंडरमाइन कर रहे हैं। आर्टिकल 14 पर आप आक्रमण कर रहे हैं। यह तो हमारा लोक तंत्र का ढॉंचा है। ...**(**व्यवधान**)** आप उस पर

प्रहार कर रहे हैं।...(व्यवधान) आप हिन्दुस्तान को और एक बार कम्यूनल का प्रयास कर रहे हैं।...(व्यवधान) जैसे ब्रिटिश राज में होता था।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप भाषण नहीं दीजिए।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I rise to oppose the introduction of the Citizenship (Amendment) Bill, 2019 on specific grounds. ...(*Interruptions*)

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): आप बिल की काम्पिटेंसी पर नहीं बोल रहे हैं, आप कारण दीजिए। आप वह नहीं दे रहे हैं।...(व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, I am on my legs. ...(*Interruptions*)

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): सर, यह क्या तरीका है कि आपने एलाउ किया है और मंत्री जी डिस्टर्व कर रहे हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने आपको भी इजाजत नहीं दी है।

...(<u>व्यवधान</u>)

श्री रवि शंकर प्रसाद: उन्होंने नाम लिया, इसलिए मैं बोल रहा था।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सभी बैठ जाइए।

...(<u>व्यवधान</u>)

SHRI T. R. BAALU : Sir, we are not satisfied with the Bill. So, we are walking out.

<u>12.32 hrs</u>

(At this stage, Shri T.R. Baalu and some other hon. Members left the House.)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Speaker Sir, I am opposing the introduction of the Bill. I shall fully abide by the rulings of the hon. Speaker and what the hon. Home Minister has rightly pointed out. We are challenging the legislative competence …(*Interruptions*)

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर**,** मुझे बोलने दीजिए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपने विषय के बारे में बोल दिया है।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, मैं काम्पिटेंसी पर बोलना चाहता हूं।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने आपको इसी विषय पर बोलने का मौका दिया था।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अधीर रंजन जी**,** आप एक मिनट में अपनी बात कह दीजिए।

…(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : Sir, the Preamble of the Constitution has engraved the basis of our democratic fabric and any deviation from it would render any statutory enactment not only nugatory but also unconstitutional. The Supreme Court has also observed: 'Whether it is the Constitution that is expounded or the constitutional validity of a Statute, what is considered a cardinal rule is to look to the Preamble of the Constitution as the guiding light. The Preamble embodies and expresses the hopes and aspirations of the people.'

Articles 5 to 11 of the Constitution deal with the citizenship and the Citizenship Act which was thereafter drafted keeping in mind the guidelines as

fixed and prescribed by the Constitution itself. The concept of citizenship cannot be read in isolation but has to be read extensively with the Articles enunciated in our Constitution itself. मैं कहां इसके बाहर बात कर रहा हूं?

The amendment goes against the essence of Articles 5, 10, 14 and 15 of the Constitution of India. Article 5 deals with citizenship at the commencement of the Constitution and Article 10 deals with continuance of the rights of citizenship. The aforementioned Articles define and protect the right of citizenship of Indians, which is in serious threat if the said amendment is sought to be brought. Article 14 guarantees equality before law.

Article 15 protects every person of discrimination on the pretext of religion, race, caste, sex or place of birth. Article 11 of the Constitution further empowers the Parliament to legislate on citizenship, but it has to be borne in mind that the said legislation is subject to Article 13 which envisages an express bar to legislation inconsistent with the Fundamental Rights guaranteed under Part III of the Constitution. आप बोलिए, माननीय मंत्री, मैंने कहां गलत किया? …(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri N.K. Premachandran.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : अधीर रंजन जी, क्या आप अन्य दूसरे माननीय सदस्यों को भी बोलने का मौका देंगे।?

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY: That is why, we are opposing this kind of a Bill being brought to the House because it is regressive, diversionary and exclusionary …(*Interruptions*) and it will harm integrity and unity of our country.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Mr. Speaker, Sir, I thank you for giving me this opportunity.

I shall fully abide by the ruling of the Hon. Speaker. Also, the hon. Home Minister has already spoken about the legislative competence of the Bill. We are challenging the legislative competence of the Bill. That is why, we are discussing.

I am not going into the merits and history of the case. It is entirely different. The first point is that this is the first time in the legislative history of India that in order to acquire the citizenship, one of the main factors is the religion.

Sir, clauses 2 and 6 violate the right to equality guaranteed under Article 14 of the Constitution as it provides differential treatment to the illegal migrants on the basis of religion. I will not even name the religion. Article 14 is the heart and soul of the Fundamental Rights, Chapter III of the Constitution.

माननीय अध्यक्ष: मैं सबकी व्यवस्था दूँगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप मेरी बात भी सुन लें।

आप रूल बुक पर डिबेट करना चाहते हैं, तो आप टू-डू पॉइंट पर बोलें। मैं सबकी व्यवस्था आपको दूँगा। लेकिन आप इस बिल के डिटेल का वर्णन नहीं करेंगे।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : The second point is this. The Clauses in the Bill violate articles 25 and 26 of the Constitution as the right to religion is applicable to all the persons including non-citizens. I repeat, it is applicable to all the persons and even to non-citizens. So, the right to religion is applicable not only to citizens but also to non-citizens. The right to religion under articles 25 and 26 is applicable to all the persons who are residing in India, including non-citizens.

The third point is, the Bill violates the basic structure and features of the Constitution envisaged in the Preamble of the Constitution as entitlement of the citizenship based on religion is against the secular fabric of the country.

The fourth point is, the provisions in clause 4 are self-contradictory as one provision makes the other provision redundant.

The final point is, the Statement of Objects and Reasons is not clear. It is ambiguous as it does not explain the rationale behind differentiating between illegal migrants on the basis of religion they belong to.

So, if it goes to the court of law, definitely the court will strike it down. Therefore, this House has no legislative competence to discuss this Bill. Hence, I oppose its introduction. Thank you very much.

माननीय अध्यक्ष: एक बार जो विषय आ गया हो, सदन में उसका रिपिटिशन न करें।

…(व्यवधान)

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY (MALAPPURAM): The noise from this side is so strong today.

माननीय अध्यक्ष: जिन्होंने नोटिस दिया है, केवल उन्हीं को बोलने का मौका दिया जाएगा। जिन्होंने नोटिस नहीं दिया है, वे हाथ खड़ा न करें।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY: Why is there so much opposition from this side? The noise from this side is so strong. Why is it so? The ruling Party should understand that what they are doing is totally against the Constitution.

माननीय अध्यक्ष: आप विषय पर अपनी बात कहें।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY : Sir, it is against the essence of the Constitution. The provisions of the Bill are in utter violation article 14 of the Constitution. That is what everybody is saying. The Government should not introduce this Bill.

HON. SPEAKER: Okay.

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY : I will just say one word. It is in violation of article 14, the Fundamental Rights. They are naming one particular community, that too the major community of this nation, that is the Muslim community. They are naming it.

HON. SPEAKER: Prof. Saugata Roy ji.

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY: They are naming and saying it. …(*Interruptions*)

श्री अमित शाह: कहीं पर भी मुस्लिम कम्युनिटी को नेम नहीं किया गया है। यह सत्य नहीं है। …(व्यवधान)

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY: They have named four or five communities and excluded one community. So, in a technical manner, it is equivalent to naming one community.

श्री अमित शाह: केवल मुस्लिम एक्सक्लूड नहीं होता है, बहुत-से एक्सक्लूड होते हैं।...(व्यवधान) कहीं पर भी मुस्लिम का नाम नहीं है। ...(व्यवधान) आप इसमें दिए गए प्रोविजंस को तोड़-मरोड़कर नहीं रख सकते हैं। ...(व्यवधान)

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY : Let me complete what I have to say. It is almost equivalent to saying that one particular community will not be given citizenship. Everybody knows that. How can you do that in this House? So far it has not happened here.

माननीय अध्यक्ष: आपने विधान की बात रख दी।

प्रो. सौगत राय।

...(<u>व्यवधान</u>)

PROF. SOUGATA RAY: Sir, I rise to oppose the introduction of Citizenship (Amendment) Bill, 2019 under rule 72(1) of Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha. Sir, this is the book. But I do not refer to only the book. Please see rule 72(1).

I think that the Home Minister, being new to this House, is not fully familiar yet with the rules of procedure ...(*Interruptions*) I have not used any unparliamentary word ...(*Interruptions*) I am only saying that it is only six months that he is in this House. He is not yet aware of the rules....(*Interruptions*) What

does the rule say? It is very relevant …(*Interruptions*) Sir, one second …(*Interruptions*) क्या मैंने कुछ खराब बोला है? …(व्यवधान) सर, हाउस को ऑर्डर में लाइए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं आप सभी को व्यवस्था दूंगा, लेकिन पहले इनकी बात सुन लीजिए। मैं इनके बाद आपको मौका दूंगा।

…(व्यवधान)

PROF. SOUGATA RAY : …(*Interruptions*) Sir, can I speak now? …(*Interruptions*) The rule says: If a motion for leave to introduce a Bill is opposed as it has been done, the Speaker after permitting brief statements from the member who opposes the motion, may without further debate put the question. So, opposing is *per se suo moto.* It does not need any reference to legislative competence.

Secondly, there is a Proviso which says:

> "Provided that where a motion is opposed on the ground that the Bill initiates legislation outside the legislative competence of the House, the Speaker may permit a full discussion thereon."

Sir, I also refer to Kaul and Shakdher 7th edition, pages 618-619. आप देखिए पूरी डिटेल लिखी हुई है कि कैसे बिल को अपोज किया जाए।

माननीय अध्यक्ष: मैंने पढ़ लिया है।

प्रो. सौगत राय (दमदम): सर, मैंने अपोजिशन का नोटिस दिया था और 10 बजे के अंदर दिया था। मैंने कारण भी दिखाया था कि क्यों मैं इस बिल को अपोज करता हूं। मुझे आपसे विनती करनी है कि आज संविधान संकट में है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप सभी ने जो नोटिस दिए हैं, मैं उनको पढ़कर सुना दूंगा। आप नोट कर लीजिए और नोटिस के इतर मत बोलिए। आप नोटिस देते हैं और मैं नोटिस को पढ़ता हूं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं सभी को व्यवस्था दे रहा हूं। अधीर रंजन चौधरी जी - आर्टिकल 14 और 15, एन.के. प्रेमचन्द्रन जी - आर्टिकल 14, 15 और 26, पी.के. कुनहलिकुट्टी जी - आर्टिकल 14, प्रो. सौगत राय - आर्टिकल 14, ई.टी. मोहम्मद बशीर - आर्टिकल 14 और 15, ए.एम. आरिफ जी ने कोई कारण नहीं दिया है और बिना कारण के बोला भी नहीं जाता है। श्री गौरव गोगोई का आर्टिकल 5, 10, 14 और 15 पर है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: जब मैं आपका नाम लूं, तभी बोलिएगा। मेरी एक बात सभी सुन लीजिए। जब आप कानून की बात कर रहे हैं तो फिर कानून के हिसाब से ही सब कुछ हो। अभी तक मैं आपको कानून के विपरीत भी बोलने का मौका देता था। अगर आप कानून के अनुसार बात रखना चाहते हैं तो सदन कानून से चल जाएगा। आप एक मिनट रुकिए, मैं व्यवस्था दे रहा हूं।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : मैंने आपको बोलने के लिए मौका नहीं दिया है।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात का कोई जवाब नहीं देगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : किसी की बात अंकित नहीं हो रही है। जो माननीय सदस्य बैठे-बैठे बोल रहे हैं, उनकी बात सदन की कार्यवाही का हिस्सा नहीं बन रही है।

… (व्यवधान) *

माननीय अध्यक्ष : जो माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं, सौगत राय जी, आपने आर्टिकल 14 पर बोलने के लिए नोटिस दिया है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपको भी बोलने का मौका देंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब आप आर्टिकल 14 पर बोलें।

…(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय: सर**,** मैं आर्टिकल 14 के अलावा भी एक पॉइंट रखना चाहता हूं। कृपया मुझे वह पढ़ने दिया जाए। …(व्यवधान) सर, क्या इस तरह से हाउस में चलेगा?…(व्यवधान) क्या हम लोगों को मारेंगे…(व्यवधान) Let me first read Article 14. …(*Interruptions*) Sir, Article 14 says that : "The State shall not deny to any person equality before the law or the equal protection of the laws within the territory of India …". …(*Interruptions*) Now, 'any person' includes 'any community'. If any community is left out of the purview of law, then it is violative of Article 14 of the Constitution. This is what I was saying.

Further, I heard the Home Minister four months ago in this House, when he said हमारा स्लोगन है, "एक विधान, एक निशान" …(व्यवधान) One country, one nation. …(*Interruptions*) It was said while abrogating Article 370 …(*Interruptions*) सर, मुझे

* Not recorded.

बोलने दिया जाए। It was said while abrogating Article 370 relating to Jammu and Kashmir that one nation - one law. So, no separate law for Kashmir.

Now, you are bringing a law and you are saying that the areas included in the Sixth Schedule of the Constitution belonging to Meghalaya, Mizoram, Nagaland will not form part of the law. …(*Interruptions*) Also, the areas under the Inner Line Permit will also be excluded. Now, the Home Minister is proposing one law for rest of the country; one law for the Sixth Schedule areas; and one law for the Inner Line Permit. …(*Interruptions*) Hence, I …(*Interruptions*) सर, मैं कम्प्लीट कर रहा हूं। इसे पढ़कर खत्म कर रहा हूं।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप पढ़ चुके हैं।

प्रो. सौगत राय : सर, मैं केवल इतना ही पढूंगा।

Sir, under Rule 72 (1) of the Rules of Procedure, I beg to oppose the introduction of the Citizenship (Amendment) Bill, 2019. The ground for opposition are following :

1. The Bill is divisive and unconstitutional;
2. It violates Article 14 of the Constitution, which ensures equality before law of all persons; and
3. This law is against everything that our founding fathers and Dr. Ambedkar envisioned in the Constitution of India.

The Bill, by leaving out the tribal areas of Assam, Meghalaya, Mizoram or Tripura, as included in the Sixth Schedule, …(*Interruptions*) इसमें क्या गलती हुई

है?...(व्यवधान) क्या पार्लियामेंटरी अफेयर मंत्री नहीं जानते हैं? ...(व्यवधान) मैंने नोटिस दिया हुआ है ।...(व्यवधान) सर, मुझे इसे पढ़ने दीजिए ।...(व्यवधान) सर, मिनिस्टर उठकर रुकावट डाल रहे हैं ।...(व्यवधान) सर, यह दुखद बात है ।...(व्यवधान)

SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI): Sir, thank you very much for giving me this opportunity.

Respecting the direction of the hon. Speaker, I am not entering into any other provisions of the Act. What I am saying, in brief, is this. I am very sorry to say that in the history of this House, which made tremendous laws, this is the darkest day because this is the first time an enactment is coming dividing the people into Muslims and non-Muslims. It is a shame. ...(*Interruptions*) Article 14 of the Constitution says equality before the law. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, एक मिनट । माननीय सदस्यगण, मैं आपसे फिर आग्रह कर रहा हूं कि गृह मंत्री जी ने इस बिल की मंशा को आप सबको बता दिया है । माननीय सदस्य, आप एक मिनट के लिए बैठ जाइए । मैं आपको व्यवस्था दे रहा हूं । बैठ जाइए ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : उन्होंने इस बिल की मंशा के बारे में आपको संक्षिप्त में बता दिया है । मेरे पास आर्टिकल 14 और 15 है ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आर्टिकल *14* में दो लाइन लिखी है**,** मैं सभी सदस्यों को पढ़कर सुना देता हूं ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : 'भारत के राज्य क्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा' । एक मिनट के लिए मेरी बात सुन लीजिए । इस बिल पर बाद में डिटेल में चर्चा होगी । लेकिन माननीय सदस्य आप बिल की मेरिट पर नहीं बोल रहे हैं, आप भाषण कर रहे हैं । विधेयक क्यों नहीं लाया जाए, उसको पुरःस्थापित क्यों नहीं किया जाए, आप इस पर बोलिए । आप तो बिल पर भाषण कर रहे हैं ।

…(व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर) : अध्यक्ष महोदय, अभी तक किसी ने भी उत्तर-पूर्वांचल को लेकर बात नहीं रखी है । मैं पहला व्यक्ति हूं, जो यह कह रहा है कि उत्तर-पूर्वांचल के राज्यों को आर्टिकल 371 ए,बी,सी,एफ और जी के तहत स्पेशल प्रोटेक्शन मिला हुआ है । यह बिल उन सारे प्रोविजन्स का उल्लंघन करता है । यह असम एकार्ड का उल्लघंन करता है । पूरे तरीके से डिस्टैबिलाइज़ करता है ।…(व्यवधान) इसलिए, हम इसके विरोध में हैं ।…(व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I am opposing the Parliament's legislative competence to address and pass this Bill because it is an assault on the foundational values of our Republic. The nationalist movement did not divide on ideological grounds or on regional grounds or on geographical grounds or on linguistic grounds. It divided on one simple principle: should religion be the determinant of our nationhood. The fact is, those who believe their religion should determine nationhood, they formed Pakistan. That was the idea of Pakistan.

Mahatma Gandhi, Jawaharlal Nehru, Dr. Ambedkar, Maula Azad, they all said, religion cannot determine nationhood. Our nation is a land for everybody.

That is why, this is violative of the fundamental structure of the Constitution of India. It betrays the Preamble, on which I have given you a notice. Preamble constitutes an integral part of the basic structure. That is violated. It violates Article 14, as others have pointed out, which applies to all persons not just citizens. …(*Interruptions*) Finally, it enshrines discrimination against the values of our Constitution. I, therefore, believe, we do not have the competence to discuss this Bill. It should not be brought forward and introduced.

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद) : महोदय, मैं सिर्फ चार पाइंट्स पर आपकी तवज्जो चाहता हूं। मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा।

माननीय अध्यक्ष : आप डिबेट पर 40 पाइंट्स बोलिएगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री असादुद्दीन ओवैसी : महोदय, आपने क्या कहा है, मैं सुन नहीं पाया हूं।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप डिबेट पर 40 पाइंट्स बोलिएगा, मैं आपको पूरा समय दूंगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री असादुद्दीन ओवैसी: महोदय, 40 का वक्त नहीं है, सिर्फ 4 पर ही बोलूंगा।…(व्यवधान) ये जवाब नहीं दे पाएंगे।…(व्यवधान) महोदय**,** पहली बात यह है कि सेकुलरिज्म इस मुल्क के बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा है। केशवानंद भारती में कहा गया है, आर्टिकल 14 में कहा गया है। दूसरा, हम इस एक्ट की इसलिए मुखालफत कर रहे हैं, क्योंकि यह फंडामेंटल राइट्स को वाइलेट करता है, आर्बिट्री इन नेचर है। शायरा बानो और नवतेज जोहर का जिक्र है। तीसरा, बोम्मई और केशवानंद भारती है। चौथा, हमारे मुल्क में सिटिजनशिप का कान्सेप्ट सिंगल है। आप इस बिल को लाकर सर्वानंद सोनोवाल सुप्रीम कोर्ट केस का वायलेशन कर रहे हैं। पांचवा, हमने चकमा को…(व्यवधान) यह सुप्रीम

कोर्ट का केस है।...(व्यवधान) सुप्रीम कोर्ट का केस है कि चकमा केस में, चकमा को अरुणाचल प्रदेश में रहने की इजाज़त है, बगैर आई.एल. परमिट के। आखिरी पाइंट है, मैं आपसे हाथ जोड़कर यह अपील कर रहा हूं कि इस मुल्क को ऐसे कानून से बचा लीजिए और आप होम मिनिस्टर जी को भी बचा लीजिए।...(व्यवधान) वरना क्या होगा कि न्यूरेमबर्ग रेस लॉज़ और इजराइल के सिटिजनशिप एक्ट में ... * के साथ लिखा जाएगा। आप हाउस को बचाइए।...(व्यवधान)

جناب اسدالدین اویسی (حیدرآباد): محترم چیرمین صاحب، 40 کا وقت نہیں ہے، صرف 4 پر ہی بولوں گا (مداخلت)۔ یہ جواب نہیں دے پائیں گے (مداخلت) جناب، پہلی بات یہ ہے کہ سیکولرزم اس ملک کے بیسِک اسٹرکچر کا حصہ ہے۔ کیشوآنند بھارتی میں کہا گیا ہے، آرٹیکل 14 میں کہا گیا ہے۔ دوسرا اس ایکٹ کی ہم اس لئے مخالفت کر رہے ہیں کیونکہ یہ فنڈا مینٹل رائٹس کو وائلیٹ کرتا ہے، آرہِٹری اِن نیچر ہے۔ سائرہ بانوں اور نو تیج جوہر کو ذکر ہے۔ تیرس بوممئی اور کیشوآنند بھارتی ہیں۔ چوتھا ہمارے ملک میں سیٹیزن شِپ کا کنسیپٹ سِنگل ہے۔ آپ اس بل کو لا کر سروانند سونو وال سپریم کورٹ کیس کا وائلیشن کر رہے ہیں۔ پانچواں ہم نے چکما کو (مداخلت)... یہ سپریم کورٹ کا کیس ہے۔ (مداخلت)۔۔ سپریم کورٹ کا کیس ہے کہ چکما کیس میں چکما کو اروناچل پردیش میں رہنے کی اجازت ہے، بغیر آئی۔ایل۔، پرمِٹ کے۔ آخری پوائنٹ ہے میں آپ سے ہاتھ جوڑ کر یہ اپیل کر رہا ہوں کہ اس ملک کو ایسے قانون سے بچا لیجیئے اور آپ ہوم

* Not recorded.

منسٹر صاحب کو بھی بچا لیجیئے (مداخلت)۔ ورنہ کیا ہوگا کہ نیو ریمبرگ ریس لاز اور اسرائیل کے سیٹیزن شِپ ایکٹ میں (کاروائی میں شامل نہیں) کے ساتھ لکھا جائے گا۔ آپ اس ایوان کو بچائیے۔ (مداخلت)...

माननीय अध्यक्ष: इसे रिकार्ड से निकाल दिया जाए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि संसदीय भाषा का प्रयोग करें।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं करें जो असंसदीय हो।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: ऐसी भाषा को कार्यवाही से निकाल दिया जाए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री एस.एस. अहलूवालिया जी बोलिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: हाँ निकाल देंगे।

...(व्यवधान)

श्री एस. एस. अहलुवालिया (बर्धमान-दुर्गापुर): अध्यक्ष महोदय, ...(व्यवधान) अरे बैठो न। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, अभी सिटीजनशिप बिल, 2019 का प्रस्ताव माननीय गृह मंत्री जी ने इंट्रोड्यूज करने के लिए रखा है और हमारे विद्वान साथी अधीर रंजन जी ने इसका विरोध करते हुए ...(व्यवधान) इसका अपोज़ किया है। ...(व्यवधान) मैं आर्टिकल - 5, 10, 14, 25 और अर्टिकल –

26 के बारे में बोल रहा हूँ। …(व्यवधान) महोदय, जो कि मेरे ऊपर भी लागू होता है। …(व्यवधान) मैं एक अल्पसंख्यक समुदाय का सदस्य हूँ। …(व्यवधान) जो मेरे ऊपर भी लागू होता है। …(व्यवधान) मुझे यह बोलने का पूर्ण अधिकार है। …(व्यवधान) मैं आर्टिकल - 5 के बारे में कहना चाहता हूँ कि नागरिकता का यह विधेयक किस पर लागू होगा। …(व्यवधान) इसमें आर्टिकल – 5 का उल्लेख करते हुए जब इन्होंने बात रखी है कि "At the commencement of the Constitution, every person who has his domicile in the territory of India" …(व्यवधान) यह उनके लिए लागू होता है। …(व्यवधान) किंतु आर्टिकल – 10, जिसके प्रावधान को ही संशोधन करने के लिए गृह मंत्री ने यहां पर एक बिल इंट्रोड्यूज़ करने की कोशिश है, वह है आर्टिकल – 10 …(व्यवधान) "Every person who is or who is deemed to be a citizen of India under any of the foregoing provisions of this Part shall, subject to the provisions of any law that may be made by Parliament…" …(व्यवधान) जब तक यह पार्लियामेंट में इंट्रोड्यूज़ नहीं होगा, तो इसका प्रावधान कहां से आएगा? …(व्यवधान) यह पार्लियामेंट में इंट्रोड्यूज़ होना चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय गृह मंत्री जी, बोलिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्लीज़ दादा बैठ जाइए। नोटिस दिया करो।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: गृह मंत्री जी, बोलिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज बैठ जाइए। माननीय गृह मंत्री जी बोलेंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : भैया, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, सुनिए। एक मिनट गृह मंत्री जी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सदन में इतना जोश मत खाया करो। मैंने अहलूवालिया जी को परमिशन दी है और सुनो।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : हाँ एक कानून मैं आपको बताऊं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य**,** प्लीज़ बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं कई बार सदस्यों को, वरिष्ठ सदस्यों को जब कानून की डिबेट होती है।

…(व्यवधान)

13.00 hrs

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट, आप मुझे भी बोलने नहीं देंगे क्या? प्लीज बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं आप सब को बोलने का अवसर देता हूँ। मैंने कभी भी आपके अवसर को समाप्त नहीं किया। क्या मैंने कभी इसे समाप्त किया है?

अनेक माननीय सदस्य : नहीं सर।

माननीय अध्यक्ष : मैं सब को पर्याप्त अवसर देता हूँ। किसको अवसर देना है, किसको अवसर नहीं देना है, कुछ चीजें मुझे तय करने दिया करो। माननीय सदस्य, आप जोश में बोल रहे हो। आपको भी कई बार नोटिस दिए बिना भी मैं बोलने का मौका देता हूं। नियमों से परे भी मौका देता हूं। मैं माननीय गृह मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि इस विषय पर बोलें।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप भी बोलना।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: माननीय अध्यक्ष जी, जब मैं यह बिल पुर:स्थापित करने के लिए खड़ा हुआ, सदन के बहुत सारे लोगों ने नियम 72(1) का उल्लेख करते हुए सदन की कम्पीटेंसी के बारे में सवाल उठाया। कम्पीटेंसी इस दृष्टि से कि यह बिल संविधान के कई आर्टिकल्स की मूल भावना को आहत करता है। इसलिए इस बिल पर सदन चर्चा न करे। इस बिल को पुर:स्थापित न किया जाए। अध्यक्ष महोदय, मै सबसे पहले आपके माध्यम से पूरे सदन को और सदन के सदस्यों के माध्यम से पूरे देश को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि यह बिल संविधान के किसी भी आर्टिकल को कंट्राडिक्ट नहीं करता है।…(व्यवधान) आप सुनें ना।…(व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, यह ठीक नहीं है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कल्याण जी, बैठिये।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह : बैठ जाओ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सिर्फ माननीय गृह मंत्री जी का भाषण रिकार्ड में अंकित हो।

…(<u>व्यवधान</u>)… *

श्री अमित शाह : अध्यक्ष महोदय, मैं फिर से एक बार सदन के सभी सदस्यों को आपके माध्यम से आश्वस्त करना चाहता हूं कि जिस बिल का मैं पुर:स्थापित करने के लिए प्रस्ताव लेकर आया हूँ, वह बिल किसी भी तरह से, किसी भी दृष्टिकोण से संविधान के किसी भी आर्टिकल को आहत नहीं करता है। सबसे पहले अनुच्छेद 11 की बात करें। मेरा सबसे आग्रह है कि अनुच्छेद 11 को पूरा पढ़ लें। मैं अनुच्छेद 11 का उपबंध पढ़ना चाहता हूँ-

> "इस भाग के पूर्वगामी उपबंधों की कोई भी बात नागरिकता के अर्जन और समाप्ति के तथा नागरिकता से संबंधित अन्य सभी विषयों के संबंध में उपबंध करने की संसद की शक्ति का अल्पीकरण नहीं करेगी।" …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अधीर रंजन जी का वक्तव्य अंकित नहीं होगा।

…(<u>व्यवधान</u>) *

श्री अमित शाह : अध्यक्ष जी, इस तरह से नहीं होगा। मैं सब का जवाब दे रहा हूं। मान्यवर, मेनली सभी ने आर्टिकल 14 का उल्लेख किया है कि आर्टिकल 14 वायलेट हो रहा है।

अध्यक्ष जी, मैं सदन के सामने थोड़ा आर्टिकल-14 को पढ़ना चाहता हूं: -

> "राज्य, भारत के राज्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा।"

यह है आर्टिकल-14.

मान्यवर, मैं जो बिल लेकर आया हूं, इसमें कुछ सदस्यों को लगता है कि समानता का अधिकार इससे आहत हो गया है, परन्तु मैं सबके सामने मेरी एक बात रखना चाहता हूं कि आर्टिकल-

* Not recorded.

14 रिजनेबल क्लासिफिकेशन के आधार पर कानून बनाने से रोक नहीं सकता।...(व्यवधान) एकदम जवाब मत दीजिएगा, मुझे ध्यान से सुनिएगा।

मान्यवर, ऐसा नहीं है कि पहली बार नागरिकता के लिए कोई सरकार निर्णय कर रही है। वर्ष 1971 में श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने एक निर्णय किया कि बांग्लादेश से जितने भी लोग आए हैं, सारे लोगों को नागरिकता दी जाएगी। अब मुझे एक बात बताइए कि फिर पाकिस्तान से आए हुए लोगों को इसमें क्यों नहीं लिया?...(व्यवधान) आप बैठिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, यह ठीक नहीं है।...(व्यवधान) मैं बताता हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, उस वक्त के लिए मेरा छोटा-सा सवाल है कि जब आर्टिकल-14 ही था तो फिर सिर्फ बांग्लादेश क्यों? अभी अधीर रंजन चौधरी खड़े हो गए। उनका गुस्सा होना स्वाभाविक भी है। मैं उनका गुस्सा होना समझ रहा हूं और गुस्से का कारण भी समझ रहा हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, ये कह रहे हैं कि यह तो बांग्लादेश से आए हुए लोगों के लिए था, तो यह भी बांग्लादेश से आए हुए लोगों के लिए भी है और नरसंहार रुका नहीं है। वर्ष 1971 के बाद भी वहां अल्पसंख्यकों को चुन-चुन कर प्रताड़ित करने की घटना हुई है। मैं जब बिल का जवाब दूंगा तो बताऊंगा।...(व्यवधान) मैं बिल पर ही बोल रहा हूं, आर्टिकल-14 पर ही बोल रहा हूं।...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, यह भाषण हो रहा है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपने भी भाषण दिया था।

श्री अमित शाह: भाषण तो होगा ही ।...(व्यवधान)

मान्यवर, उसके बाद युगांडा से आए हुए सारे लोगों को, इस देश में, कॉंग्रेस के शासन में ही शरण दी गई, नागरिकता दी गई। क्यों युगांडा से आए हुए लोगों को दिया, इंगलैंड से आए हुए लोगों को

क्यों नहीं दिया? सबको देने चाहिए थे, क्योंकि एक विशिष्ट रिजनेबल क्लासिफिकेशन के ग्राउण्ड पर युगांडा वालों को दिया गया था।

दंडकारण्य कानून लेकर आए। तब भी सबको नागरिकता दी। उस वक्त भी, वर्ष 1959 में क्यों सिर्फ बांग्लादेश को किया, क्योंकि रिजनेबल क्लासिफिकेशन के आधार पर यह किया गया।

मान्यवर, श्रीमान् राजीव गाँधी जी ने असम अकॉर्ड किया। फिर से वर्ष 1971 तक के सभी लोगों को स्वीकार कर लिया। वर्ष 1971 के बाद के लोगों को क्यों नहीं लिया गया, क्योंकि एक कट-ऑफ डेट नक्की थी, तो क्या वहां आर्टिकल-14 अप्लाई नहीं होता था? पूरी दुनिया से आए हुए लोगों को वर्ष 1971 से ले लेते?

मान्यवर, ऐसे समानता के अधिकार के कानून दुनिया भर के संविधान के अन्दर हैं। मैं ढेरों संविधान को क्वोट कर सकता हूं। एक नागरिक यहां से वहां जाकर सिटीजनशिप ले ले। वे ग्रीन कार्ड देते हैं। वे इसे किसके आधार पर देते हैं? जो ज्यादा निवेश करेगा, जो रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट में कंट्रीब्यूट करेगा, उसे देते हैं। क्या इससे समानता विकसित होती है? यह नहीं होती है। यह एक रिजनेबल क्लासिफिकेशन के आधार पर होता है। ऐसे कई सारे कानून हैं। इसे छोड़ दीजिए।

मैं अभी बोलूंगा तो आपको अच्छा नहीं लगेगा, मगर समानता का, आर्टिकल-14 का, मेरे विपक्ष के सदस्य मित्र जैसा इंटरप्रिटेशन करते हैं, अगर वैसा ही इंटरप्रिटेशन समानता के कानून का करना है तो अल्पसंख्यकों के लिए विशेष अधिकार कैसे होंगे, मुझे यह बताइए।...(व्यवधान) समानता का कानून वहां एप्लाई क्यों नहीं होता है? उनके एजुकेशन, माइनॉरिटी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस को जो अधिकार मिले हैं, क्या वह आर्टिकल-14 को वॉयलेट करता है? ...(व्यवधान) दादा आप बैठ जाइए। आपको मुझे सुनना पड़ेगा।...(व्यवधान) आप बैठ जाइए। मैं आपको एक-एक चीज का जवाब देता हूं।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य प्लीज बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: माननीय अध्यक्ष जी, मुझे ऐसे नहीं रोक सकते, इस सरकार को पांच साल के लिए चुना गया है। आपको हमें सुनना पड़ेगा। इस तरह से नहीं चलेगा। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, प्लीज बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर): अध्यक्ष जी, पांच वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था कितनी गिरी है, वह भी इनको देखना पड़ेगा। इस सबको हमें भी देखना पड़ेगा। आपके टाइम में यही सब देखना होगा। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं सभी सदस्यों को चुप करा रहा था। अगर इस सदन को चलाना है और गंभीरता से चलाना है, सवाल करेंगे तो जवाब भी सुनना चाहिए। मैं आपको डिबेट के समय पर्याप्त समय दूंगा, यह आपको बताया है। गृह मंत्री जी के भाषण के बीच में कोई भी माननीय सदस्य न उठे, न ही उनका भाषण अंकित होगा।

श्री अमित शाह: माननीय अध्यक्ष जी, रिजनेबल क्लासिफिकेशन के आधार पर इस देश में आर्टिकल 14 के रहते ढ़ेर सारे कानून बने हैं। इस कानून को लाने के लिए रिजनेबल क्लासिफिकेशन का क्या आधार है, वह मुझे बताना चाहिए। मैं जब बिल पॉयलट कर रहा हूं, बिल लेकर आया हूं तो मेरा दायित्व है कि मैं सदन के सामने रिजनेबल क्लासिफिकेशन का आधार रखूं।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य आपस में बात न करें।

श्री अमित शाह: माननीय अध्यक्ष जी, इस बिल के अंदर भारत की जमीनी सीमाओं से सटे हुए तीन देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान है। …(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : क्यों, नेपाल नहीं है?

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: माननीय अध्यक्ष जी, मैं नेपाल का भी जवाब दूंगा, लेकिन जब बिल चर्चा में आएगा तब सभी का जवाब दूंगा। …(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: अभी आप जिक्र करना बंद कीजिए, हम भी चुप रहेंगे।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज बैठ जाइए। मैं सदन के नेता से आग्रह करूंगा कि आप अपनी गरिमा बनाए रखें, अपनी सीट पर से न उठे, अच्छा नहीं लगता है।

श्री अधीर रंजन चौधरी: अध्यक्ष महोदय, ये मौका देते हैं इसलिए उठता हूं।

श्री कल्याण बनर्जी: अध्यक्ष जी**,** मंत्री जी अगर ठीक बोलेंगे तो हम भी सुनेंगे। मंत्री जी अगर लक्ष्मण रेखा क्रास कर जाएंगे तो हम लोग चुप नहीं रहेंगे, …(व्यवधान) हम लोग अपोज करने के लिए आए हैं और अपोज करके रहेंगे। आप पांच वर्ष मिनिस्टर रहेंगे और हम लोग पांच वर्ष तक अपोज करेंगे। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: दादा, आज आप जोश में क्यों हो, आपका संदेश वहां तक पहुंच गया है।

श्री अमित शाह: माननीय अध्यक्ष जी, मैं रिजनेबल क्लासिफिकेशन के ग्राउंड पर था । रिजनेबल क्लासिफिकेशन का ग्राउंड क्या है? इस बिल के प्रस्ताव को संशोधन लेकर आया हूं, उसमें भारत की जमीनी सीमाओं से सटे हुए तीन देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: सभी सदस्य कह रहे हैं कि भारत की 106 किलोमीटर जमीनी सीमा अफगानिस्तान से सटी हुई है ।…(व्यवधान) मैं रिकॉर्ड पर कह रहा हूं, उकसाने से कुछ नहीं होगा । …(व्यवधान) रिकॉर्ड की बात है। …(व्यवधान) मैं इस देश के भूगोल को जानता हूं। …(व्यवधान) मैं यहीं का हूं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप बैठ जाएं।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मान्यवर, मैं रिपीट करना चाहता हूं, इस देश की 106 किलोमीटर की जमीनी सरहद अफगानिस्तान से सटी है ।…(व्यवधान) शायद ये लोग पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर को भारत का हिस्सा नहीं मानते हैं ।…(व्यवधान)

मैं सभी सदस्यों से आपके माध्यम से विनती करता हूं कि क्लासिफिकेशन की डेफिनेशन को धैर्य से सुनें, सिर्फ भौगोलिक आधार नहीं है ।…(व्यवधान) इसमें बहुत सी चीजें हैं ।…(व्यवधान)

महोदय, तीन देश हैं, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान। हमें तीनों देश के संविधान को बारीकी से देखना पड़ेगा, अगर इस बिल के तथ्यों को समझना है। …(व्यवधान) अखिलेश जी, जल्दी समझ में नहीं आएगा। …(व्यवधान)

मान्यवर, अफगानिस्तान, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान के संविधान के अनुच्छेद में पवित्र धर्म इस्लाम रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान का धर्म है, मतलब स्टेट का एक धर्म है। पाकिस्तान, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के संविधान का अनुच्छेद 2 देखिए, इसमें प्रावधान है – पाकिस्तान राज्य का धर्म इस्लाम होगा। बांग्लादेश के संविधान के अनुच्छेद 2क में रिपब्लिक राज्य बांग्लादेश का धर्म इस्लाम है। …(व्यवधान) मैं तीनों पड़ोसी देशों के धर्म का जिक्र कर रहा हूं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप बैठिए, बहुत हो गया।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मान्यवर, मैं फिर से यह स्पष्ट कर दूं कि अभी मैं बिल पर बात नहीं कर रहा हूं । मैं बिल की कांपिटेंसी को समझा रहा हूं। अपने वक्तव्य के अंदर दयानिधि मारन जी श्रीलंका के बारे में पूछेंगे तो जरूर जवाब दूंगा। मगर, मैं अभी बिल की वैधानिक कांपिटेंसी के बारे में कह रहा हूं। ये नहीं है, वो नहीं है, दुनिया के जिन देशों के बारे में पूछना है, पूछ लीजिएगा। …(व्यवधान) मैं सबका जवाब दूंगा।

माननीय अध्यक्ष: आप सभी बैठ जाइए।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह: मान्यवर, ये जो तीन देश हैं, इन तीनों देश के संविधान के अंदर राज्य के धर्म का जिक्र है। पार्टिशन के वक्त शरणार्थियों का यहां से वहां जाना और वहां से यहां आना हुआ। वर्ष 1950 में नेहरू-लियाकत समझौता हुआ । मैं इसके बारे में डिटेल में बताऊंगा । मगर, नेहरू-लियाकत समझौते में, उस समय पूर्व और पश्चिम दोनों पाकिस्तान और भारत के बीच में एक समझौता हुआ। इसमें दोनों देशों ने अपने यहां मॉइनोरिटी के संरक्षण की व्यवस्था की गारंटी दी। दुर्भाग्य से, यहां पर इसका अनुपालन ठीक ढंग से हुआ, लेकिन इन तीनों देशों में मॉइनोरिटी पर, मैं जब बिल पर आऊंगा तब बताऊंगा, बहुत अत्याचार हुए। वे अत्याचार के मारे, धार्मिक प्रताड़ना के कारण हिन्दू, मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी और क्रिश्चियन …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अधीर रंजन जी प्लीज।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह: एक मिनट, मेरे शब्द को मत पकड़िए। दानिश अली जी, क्या आप कहना चाहते हैं कि पाकिस्तान में मुसलमान पर अत्यचार होगा, बांग्लादेश में मुसलमान पर अत्याचार होगा, कभी नहीं हो सकता।…(व्यवधान) मान्यवर, मैं फिर से रिपीट कर देता हूं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: एक मिनट माननीय सदस्य ।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह: इतने अधीर मत होइए अधीर रंजन जी। बैठ जाइए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: वे बोल रहे हैं**,** एक मिनट ।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह: मान्यवर, मैं सारी चीजों का जवाब दूंगा। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य प्लीज।

...(व्यवधान)

श्री अमित शाह : मान्यवर, इन तीनों राष्ट्रों के अंदर हिन्दू, बुद्ध, सिख, जैन, पारसी और क्रिश्चियन, इन छ: मत के धर्म का पालन करने वालों के साथ धार्मिक प्रताड़ना हुई है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्लीज, आप सभी बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मान्यवर, मैं जो बिल लेकर आया हूं, वह पॉजिटिव डायरेक्शन के आधार पर धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को शरण में लेकर नागरिकता देने का बिल है। यह भी कहा गया कि मुस्लिमों के अधिकार ले लिए गए, इस बिल ने किसी मुस्लिम के अधिकार नहीं लिए। हमारे एक्ट के मुताबिक कोई भी एप्लीकेशन दे सकता है। बहुत सारे लोगों को नागरिकता दी गई है और भविष्य में भी बहुत सारे लोगों को नागरिकता मिलेगी। नियमों के अनुसार एप्लीकेशन देंगे तो सबको मिलेगा। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: एक मिनट प्लीज, माननीय मंत्री जी आप इनका जवाब मत दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मान्वयर, अब ये इतना बोल रहे हैं तो मैं कह दूं कि इस बिल की जरूरत क्यों पड़ी है? ...(व्यवधान) जब देश को आजादी मिली, तब धर्म के आधार पर विभाजन अगर कांग्रेस पार्टी न करती तो इस बिल की जरूरत न पड़ती। ...(व्यवधान) किसने किया धर्म के आधार पर विभाजन?

…(व्यवधान) इस देश का विभाजन धर्म के आधार पर कांग्रेस पार्टी ने किया है, हमने नहीं किया है। …(व्यवधान) मान्यवर, इनको सुनना पड़ेगा । यह इतिहास है, इसको सुनना पड़ेगा।…(व्यवधान) मान्यवर, इस देश का विभाजन हुआ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय गृह मंत्री जी, आपका भाषण अंकित हो रहा है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय गृह मंत्री जी ।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मान्यवर, उनको सुनना पड़ेगा। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप लोग बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्लीज, आप लोग बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: माननीय अध्यक्ष जी, इन तीनों राष्ट्रों के अंदर, धार्मिक प्रताड़ना के आधार पर जिन छ: धर्म समुदाय, जिनका मैंने नाम कहा है, वे लोग भारत में आए हैं, उन लोगों को भारतीय नागरिकता देने के लिए प्रस्ताव है। This is reasonable ground for classification. इस रीजनेबल ग्राउण्ड ऑफ क्लासिफिकेशन के आधार पर आर्टिकल 14 को यह बिल आहत नहीं करता है। …(व्यवधान)

मान्यवर, मैं फिर से एक बार कहता हूं कि इन तीन राष्ट्रों से अगर कोई मुसलमान, मुस्लिम सज्जन हमारे कानून के आधार पर एप्लीकेशन देता है तो यह देश खुले मन से उस पर विचार करेगा, परन्तु लोगों को यह जो प्रावधान होने जा रहा है, उसका फायदा इसलिए नहीं मिल सकता है क्योंकि उनके साथ धार्मिक प्रताड़ना नहीं हुई है। इस निश्चित क्लासिफिकेशन के आधार पर हम यह बिल लेकर आए हैं। …(व्यवधान)

मान्यवर, आर्टिकल 371 का जिक्र हुआ है। ...(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहता हूं कि आर्टिकल 371 के किसी भी प्रॉविजन को यह बिल वायलेट नहीं करेगा, आहत नहीं करेगा, वह जस का तस रहेगा। मैं आपसे इतना ही कहना चाहता हूं कि जितने भी आर्टिकल्स कोट किए गए है, उन सभी आर्टिकल्स को ध्यान में रखते हुए ही इस बिल को ड्राफ्ट किया गया है और मैं मानता हूं कि यह बिल इस सदन की कम्पिटेंसी की परव्यू के अंदर आता है, इसलिए इस पर चर्चा की अनुमति दी जाए।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि नागरिकता अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, हम इस पर डिवीजन चाहते हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रवेश-कक्ष खाली कर दिए जाएं। अब प्रवेश कक्ष खाली हो गए हैं।

महासचिव।

स्वचालित मतदान रिकार्डिंग प्रणाली के बारे में घोषणा

महासचिव : माननीय सदस्यों का ध्यान स्वचालित मतदान रिकार्डिंग प्रणाली के संचालन से संबंधित विधि की ओर आकृष्ट किया जाता है। मतदान आरम्भ होने से पूर्व प्रत्येक माननीय सदस्य को अपना स्थान ग्रहण करना चाहिए और उस स्थान से ही प्रणाली का संचालन करना चाहिए। जब माननीय अध्यक्ष 'अब मतदान' बोलेंगे, तब मैं, महासचिव मतदान बटन को एक्टिवेट करूंगी, जिसके पश्चात् माननीय अध्यक्ष के आसन के दोनों ओर डिसप्ले बोर्डों के ऊपर लाल बटन जलेंगे और इसके साथ-साथ गोंग की ध्वनि भी सुनाई देगी। मतदान के लिए माननीय सदस्य केवल गोंग की ध्वनि के पश्चात् ही दो बटन एक साथ दबाएंगे।

इस बात को मैं पुन: दोहराना चाहूंगी कि केवल गोंग की साउंड के बाद ही दोनों बटन दबाए जाएं। प्रत्येक माननीय सदस्य के सामने हेड फोन प्लेट पर लगा वोट बटन और सीट की डेस्क के सबसे ऊपर लगे निम्नलिखित बटनों में से कोई एक बटन यदि आप 'हाँ' कहना चाहते हैं तो 'हरे' रंग का बटन दबाएंगे और यदि 'नहीं' कहना चाहते हैं, तो 'लाल' रंग का बटन और यदि मतदान में भाग नहीं लेना चाहते हैं तो 'पीले' रंग का बटन दबाएंगे। गोंग की ध्वनि दूसरी बार सुनाई देने तक, मैं यह भी बता दूं कि पहली ध्वनि और दूसरी ध्वनि के बीच में दस सैकेंड का अंतर होता है और इन दस सैकेंड के लिए आपको दोनों बटन दबाकर रखने हैं और प्लाजमा डिसप्ले के ऊपर लगे लाल बल्ब भी उसी के साथ बुझते हैं। तब तक दोनों बटनों को दबाए रखना अनिवार्य है।

माननीय सदस्य कृपया नोट करें कि उनके मत दर्ज नहीं होंगे, यदि गोंग की ध्वनि सुनने से पहले उन्होंने बटन दबा दिया हो। दूसरी गौंग ध्वनि सुनाई देने तक दोनों बटन लगातार दबाकर नहीं रखे गए हों। माननीय सदस्य माननीय अध्यक्ष के आसन के दोनों तरफ स्थापित डिसप्ले बोर्डों पर

अपना मत देख सकते हैं। मत रजिस्टर नहीं होने की दशा में वे पर्ची के माध्यम से भी मतदान कर सकते हैं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : मैं एक सूचना देना चाहता हूं। श्री प्रिंस राज, जिन्हें अभी मत-विभाजन संख्या आबंटित नहीं हुई है, उनको सीट पर पक्ष-विपक्ष में मुद्रित पर्ची अपना मतदान रिकार्ड कराने के लिए दी जाएगी। वे पर्ची पर विनिर्दिष्ट स्थान पर अपना नाम, पहचान, पत्र संख्या, निर्वाचन क्षेत्र, राज्य, दिनांक को स्पष्ट लिखकर और पर्ची पर हस्ताक्षर करके अपनी इच्छानुसार मतदान करें। यदि माननीय सदस्य मतदान में भाग नहीं लेना रिकार्ड करना चाहते हैं तो मतदान में भाग नहीं लेने वाली पर्ची की मांग कर सकते हैं।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

> "कि नागरिकता अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

<u>लोक सभा में मत-विभाजन हुआ:</u>

DIVISION **AYES** **13.34 hrs**

Agrawal, Shri Rajendra

Ahluwalia, Shri S.S.

Ajgalley, Shri Guharam

Amarappa, Shri Karadi Sanganna

Angadi, Shri Suresh C.

Anuradha, Shrimati Chinta

Badal, Shrimati Harsimrat Kaur

Baghel, Shri Vijay

Baheria, Shri Subhash Chandra

Balyan, Dr. Sanjeev

Bapat, Shri Girish Bhalchandra

Barla, Shri John

Barne, Shri Shrirang Appa

Baruah, Shri Pradan

Basavaraj, Shri G. S.

Bey, Shri Horen Sing

Bhabhor, Shri Jasvantsinh Sumanbhai

Bhagat, Shri Sudarshan

Bhamre, Dr. Subhash Ramrao

Bharat, Shri Margani

Bhargava, Shri Ramakant

Bhatia, Shri Sanjay

Bhatt, Adv. Ajay

Bhatt, Shrimati Ranjanben

*Bholanath ‘B.P. Saroj’, Shri

'Bhole', Shri Devendra Singh

Bidhuri, Shri Ramesh

Bisen, Dr. Dhal Singh

Bista, Shri Raju

Bohra, Shri Ramcharan

Chandel, Kunwar Pushpendra Singh

*Chandra Sekhar , Shri Bellana

Chatterjee, Shrimati Locket

Chaudhary, Shri P. P.

Chaudhary, Shri Pankaj

Chaudhuri, Sushri Debasree

Chauhan, Shri Devusinh

Chauhan, Shri Nandkumar Singh

* Voted through slip.

Chavda, Shri Vinod Lakhamshi

*Chikhlikar, Shri Prataprao Patil

Choubey, Shri Ashwini Kumar

Choudhary, Shri Bhagirath

Choudhary, Shri Kailash

Choudhary, Shri Pradeep Kumar

Chouhan, Shri Nihal Chand

Chudasama, Shri Rajesh Naranbhai

Dadarao, Shri Danve Raosaheb

Damor, Shri Guman Singh

Darbar, Shri Chattar Singh

Das, Shri Pallab Lochan

Deb, Shri Nitesh Ganga

Delkar, Shri Mohanbhai Sanjibhai

Devarayalu, Shri Lavu Srikrishna

Devendrappa, Shri Y.

Devi, Shrimati Rama

Devi, Shrimati Veena

Dharmapuri, Shri Arvind

* Voted through slip

Dhotre, Shri Sanjay Shamrao

Diler, Shri Rajveer

Dubey, Dr. Nishikant

Duggal, Sushri Sunita

Dwivedi, Shri Harish

Firojiya, Shri Anil

Gaddigoudar, Shri P. C.

Galla, Shri Jayadev

Gambhir, Shri Gautam

Gangwar, Shri Santosh Kumar

Gao, Shri Tapir

Gautam, Shri Satish Kumar

Gavit, Dr. Heena Vijaykumar

Gavit, Shri Rajendra Dhedya

Gawali (Patil), Shrimati Bhavana

Geetha Viswanath, Shrimati Vanga

Ghosh, Shri Dilip

Gogoi, Shri Topon Kumar

Goswami, Shri Dulal Chandra

Gowda, Shri D.V. Sadananda

Gupta, Shri Sudheer

Hegde, Shri Anantkumar

Hembram, Shri Kunar

Irani, Shrimati Smriti Zubin

Jadav, Dr. Umesh G.

Jadon, Dr. Chandra Sen

Jaiswal, Dr. Sanjay

Jardosh, Shrimati Darshana Vikram

Jaunapuria, Shri Sukhbir Singh

Jigajinagi, Shri Ramesh Chandappa

Jolle, Shri Annasaheb Shankar

Joshi, Prof. Rita Bahuguna

Joshi, Shri C. P.

Joshi, Shri Pralhad

Jyoti, Sadhvi Niranjan

Kachhadiya, Shri Naranbhai

Kaiser, Choudhary Mehboob Ali

Kamait, Shri Dileshwar

Kapoor, Shri Kishan

Karandlaje, Kumari Shobha

Kashyap, Shri Dharmendra

Kashyap, Shri Suresh

Kaswan, Shri Rahul

Katara, Shri Kanakmal

Kataria, Shri Rattan Lal

Kateel, Shri Nalin Kumar

Katheria, Dr. Ram Shankar

Kaushik, Shri Ramesh Chander

Khadse, Shrimati Raksha Nikhil

Khan, Shri Saumitra

Kher, Shrimati Kirron

Khuba, Shri Bhagwanth

Kinjarapu, Shri Ram Mohan Naidu

*Kirtikar, Shri Gajanan

Kishan, Shri Ravi

Kishore, Shri Kaushal

Kol, Shri Pakauri Lal

Kotagiri, Shri Sridhar

Kotak, Shri Manoj

* Voted through slip

Kulaste, Shri Faggan Singh

Kumar, Dr. Virendra

*Kumar, Shri Bandi Sanjay

**Kumar, Shri Kaushlendra

Kumar, Shri Narendra

Kumari, Sushri Diya

Kundariya, Shri Mohanbhai

Lal, Shri Akshaibar

Lalrosanga, Shri C.

Lalwani, Shri Shankar

Lekhi, Shrimati Meenakashi

Madhav, Shri Kuruva Gorantla

Madhavi, Kumari Goddeti

Mahajan, Shrimati Poonam

Maharaj, Dr. Swami Sakshiji

Mahato, Shri Jyotirmay Singh

Mahtab, Shri Bhartruhari

Majumdar, Dr. Sukanta

---

* Voted through slip

** Corrected through slip for Ayes

Mandal, Shri Ramprit

Mandavi , Shri Mohan

Mane, Shri Dhairyasheel Sambhajirao

Maurya, Dr. Sanghamitra

Meena, Shri Arjunlal

Meena, Shrimati Jaskaur

Meghwal, Shri Arjun Ram

*Mendhe, Shri Sunil Baburao

Mishra, Shri Janardan

Mohan, Shri P. C.

Munde, Dr. Pritam Gopinathrao

Muniswamy, Shri S.

Munjapara , Dr. (Prof.) Mahendra

Murmu, Shri Khagen

Nagar, Shri Rodmal

Namgyal, Shri Jamyang Tsering

Nath, Shri Balak

Nimbalkar, Shri Ranjeetsinha Hindurao Naik

Nishad, Shri Ajay

* Voted through slip

*Nishad, Shri Praveen Kumar

Nishank, Dr.Ramesh Pokhriyal

Oja, Shrimati Queen

Oram, Shri Jual

Pal, Shri Krishan

Panda, Shri Basanta Kumar

Pandey, Dr. Mahendra Nath

Pandey, Shri Santosh

*Paras, Shri Pashupati Kumar

Parkash, Shri Som

Paswan, Shri Chirag Kumar

Paswan, Shri Kamlesh

Patel, Dr.K.C.

Patel, Shri Devaji

Patel, Shri Gajendra Umrao Singh

Patel, Shri Hasmukhbhai Somabhai

Patel, Shri Lalubhai B.

Patel, Shri Parbatbhai Savabhai

Patel, Shri Prahalad Singh

* Voted through slip

Patel, Shri R.K. Singh

Patel, Shrimati Anupriya

Patel, Shrimati Keshari Devi

Patel, Shrimati Sharda Anil

Pathak, Shri Subrat

Pathak, Shrimati Riti

Patil, Shri C. R.

Patil, Shri Kapil Moreshwar

Patil, Shri Sanjay Kaka

Patil, Shri Unmesh Bhaiyyasaheb

Pfoze, Dr. Lorho

Pintu , Shri Sunil Kumar

Prakash, Shri Jai

Pramanik, Shri Nisith

*Prasad , Shri Chandeshwar

Prasad, Shri Ravi Shankar

Pujari, Shri Suresh

Raghavendra, Shri.B.Y.

Rai, Shri Nityanand

* Voted through slip

*Raj, Shri Prince

Rajoria, Dr. Manoj

Rajput, Shri Mukesh

Raju, Shri Raghu Rama Krishna

Ram, Shri Vishnu Dayal

Rangaiah, Shri Talari

Ranjan, Dr. R. K.

Rao, Shri Balli Durga Prasad

Rathod , Shri Dipsinh Shankarsinh

Rathod, Shri Ratansinh Magansinh

Rathore, Col. (Retd.) Rajyavardhan

Rathva, Shrimati Gitaben V.

Raut, Shri Vinayak Bhaurao

Rawat, Shri Ashok Kumar

Rawat, Shri Tirath Singh

Ray, Shrimati Sandhya

Reddeppa, Shri N.

Reddy, Shri G. Kishan

Reddy, Shri Magunta Sreenivasulu

Rijiju, Shri Kiren

Roy, Dr. Jayanta Kumar

Roy, Dr. Rajdeep

Rudy , Shri Rajiv Pratap

Sagar, Shri Arun Kumar

Sahu , Shri Chunni Lal

Sai, Shrimati Gomati

Saikia, Shri Dilip

Saini, Shri Nayab Singh

*Samanta, Prof. Achyutananda

Sao, Shri Arun

Sarangi, Shri Pratap Chandra

Sarangi, Shrimati Aparajita

Saraswati, Shri Sumedhanand

Sarkar, Dr. Subhas

Sarkar, Shri Jagannath

Saruta, Shrimati Renuka Singh

Sawant, Shri Arvind

Shah, Shri Amit

Shah, Shrimati Mala Rajya Laxmi

* Voted through slip

Sharma, Dr. Arvind Kumar

Sharma, Dr. Mahesh

Sharma, Shri Anurag

Sharma, Shri Jugal Kishore

Sharma, Shri Ram Swaroop

Sharma, Shri Vishnu Datt

Shejwalkar, Shri Vivek Narayan

Shekhawat, Shri Gajendra Singh

Shetty, Shri Gopal

Shewale, Shri Rahul Ramesh

Shyal, Dr. Bharatiben D.

Siddeshwar, Shri G. M.

Simha, Shri Prathap

Singari, Dr. Sanjeev Kumar

Singh, Dr. Jitendra

Singh, Dr. Satya Pal

Singh, Rao Inderjit

Singh, Shri Arjun

Singh, Shri Bhola

Singh, Shri Brijbhushan Sharan

Singh, Shri Brijendra

Singh, Shri Chandan

Singh, Shri Dharambir

Singh, Shri Dushyant

Singh, Shri Ganesh

Singh, Shri Giriraj

Singh, Shri Lallu

Singh, Shri Mahabali

Singh, Shri Pradeep Kumar

Singh, Shri R. K.

Singh, Shri Radha Mohan

Singh, Shri Raj Nath

Singh, Shri Rajbahadur

Singh, Shri Rakesh

Singh, Shri Sushil Kumar

Singh, Shri Uday Pratap

Singh, Shri Virendra

Singh, Shrimati Himadri

Singh (Raju Bhaiya), Shri Rajveer

Singh Deo, Shrimati Sangeeta Kumari

Solanki, Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai

Solanky, Shri Mahendra Singh

Soni, Shri Sunil Kumar

Sonkar, Shri Vinod Kumar

Suman, Dr. Alok Kumar

Supriyo, Shri Babul

Swamiji, Dr. Jai Sidheshwar Shivacharya

Tadas, Shri Ramdas

Tamta, Shri Ajay

Teli, Shri Rameswar

Teni, Shri Ajay Misra

Thakur, Sadhvi Pragya Singh

Thakur, Shri Anurag Singh

Thakur , Shri Gopal Jee

Thakur, Shri Shantanu

Tiwari, Shri Manoj

Tomar, Shri Narendra Singh

Tripathi, Dr. Ramapati Ram

Tripura, Shri Rebati

Tudu, Er. Bishweswar

Udasi, Shri S. C.

Uikey, Shri Durga Das

Vallabhaneni, Shri Balashowry

Vardhan, Dr. Harsh

Vasava , Shri Mansukhbhai Dhanjibhai

Vasava, Shri Parbhubhai Nagarbhai

Verma, Shri Bhanu Pratap Singh

Verma, Shri Parvesh Sahib Singh

Verma, Shri Rajesh

Vichare, Shri Rajan Baburao

Vikhe Patil, Dr. Sujay

Yadav, Shri Ashok Kumar

*Yadav, Shri Dinesh Chandra

Yadav, Shri Giridhari

Yadav, Shri Krishna Pal Singh

Yepthomi, Shri Tokheho

* Voted through slip

NOES

Ali, Kunwar Danish

Anand, Shri D.M.Kathir

Antony, Shri Anto

Ariff, Adv. A. M.

Baalu, Shri T.R.

*Baij, Shri Deepak

Bandyopadhyay, Shri Sudip

*Banerjee, Shri Abhishek

Banerjee, Shri Kalyan

Banerjee, Shri Prasun

*Barq, Dr. Shafiqur Rahman

Basheer, Shri E. T. Mohammed

Behanan, Shri Benny

*Bordoloi, Shri Pradyut

Borlakunta, Dr.Venkatesh Netha

*Chandra, Shri Girish

Chaudhary, Shri Santokh Singh

Chellakumar, Dr. A.

* Voted through slip

*Chinraj, Shri A.K.P

*Chowdhury, Shri Abu Hasem Khan

Chowdhury, Shri Adhir Ranjan

Dastidar, Dr. Kakoli Ghosh

Dhanorkar,Shri Balubhau *alias* Suresh Narayan

* Eden, Shri Hibi

Faizal P.P, Shri Mohammed

Gandhi, Shrimati Sonia

Gogoi, Shri Gaurav

Haridas, Kumari Ramya

*Hasan, Dr. S.T.

Jagathrakshakan, Shri S.

Jaleel, Shri Syed Imtiaz

*Jawed, Dr. Mohammad

*Jayakumar, Dr. K.

Jothimani, Sushri S.

Karunanidhi, Shrimati Kanimozhi

Kaur, Shrimati Preneet

* Voted through slip

*Khaleque, Shri Abdul

Khan, Shri Abu Taher

Kolhe, Dr. Amol Ramsing

*Kumar, Shri Dhanush.M.

Kunhalikutty, Shri P.K.

Kuriakose, Adv. Dean

Mahant, Shrimati Jyotsna Charandas

Mal, Shri Asit Kumar

*Malothu, Shrimati Kavitha

Manickam Tagore, Shri B.

Mann, Shri Bhagwant

Maran, Shri Dayanidhi

Moitra, Sushri Mahua

Mondal, Shri Sunil Kumar

Mondal, Shrimati Pratima

Muraleedharan , Shri K.

Natarajan, Shri P.R.

*Nath, Shri Nakul K.

Navaskani , Shri K.

* Voted through slip

Owaisi, Shri Asaduddin

Paarivendhar, Dr. T. R.

Pala, Shri Vincent H.

Pasunoori, Shri Dayakar

Patil, Shri B.B.

Poddar, Shrimati Aparupa

Pon, Shri Gautham Sigamani

*Pothuganti, Shri Ramulu

Prakash, Adv. Adoor

*Prathapan, Shri T. N.

Premachandran, Shri N.K.

Raghavan, Shri M.K.

Raja, Shri A.

Rao , Shri Nama Nageswara

Ray, Prof. Sougata

Reddy , Shri Manne Srinivas

*Reddy, Dr. G. Ranjith

Reddy, Shri Kotha Prabhakar

Reddy, Shri Uttam Kumar

* Voted through slip

Roy, Shrimati Mala

Roy (Banerjee), Shrimati Satabdi

Sardinha, Shri Francisco

Selvam, Shri G.

Senthilkumar S. , Shri DNV

Singh, Dr. Amar

Singh, Shri Ravneet

Sreekandan, Shri V. K.

Subba, Shri Indra Hang

Subbarayan, Shri K.

*Sudhakaran, Shri K.

Sule, Shrimati Supriya Sadanand

Suresh, Shri D.K.

Suresh, Shri Kodikunnil

Tatkare, Shri Sunil Dattatray

Tewari, Shri Manish

*Thangapandian, Dr. T. Sumathy (A)Thamizhachi

Tharoor, Dr. Shashi

Thirumaavalavan, Dr. Thol

* Voted through slip

*Thirunavukkarasar. Shri Su.

Ulaka, Shri Saptagiri Sankar

Unnithan, Shri Rajmohan

Vaithilingam, Shri Ve.

*Vasanthakumar, Shri H.

Veeraswamy, Dr. Kalanidhi

Venkatesan, Shri S.

Verma, Shri Ram Shiromani

Vishnu Prasad, Dr. M. K.

Yadav, Shri Akhilesh

*Yadav, Shri Mulayam Singh

Yadav, Shri Shyam Singh

ABSTAIN

Nil

* Voted through slip

माननीय अध्यक्ष : शुद्धि* के अध्यधीन मत-विभाजन का परिणाम यह है:

पक्ष 293

विपक्ष 82

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

श्री अमित शाह : माननीय अध्यक्ष जी, मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : लॉबीज खोल दी जाएं।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : आइटम नम्बर 17, डॉ. जयशंकर जी।

---

* The following Members also recorded/corrected their votes through slips:

Ayes: 293+ S/Shri Bholanath 'BP Saroj', Bandi Sanjay Kumar, Praveen Kumar Nishad, Sunil Baburao Mendhe, Prataprao Patil Chikhlikar, Dinesh Chandra Yadav, Kaushlendra Kumar, Gajanan Kirtikar, Pashupati Kumar Paras, Chandeshwar Prasad, Prof. Achyutananda Samanta, S/Shri Bellana Chandra Sekhar and Prince Raj =306

Noes: 82 + S/Shri Girish Chandra, Abhishek Banerjee, Ramulu Pothuganti, Shrimati Kavitha Malothu, Shri Shyam Singh Yadav, Dr. G. Ranjith Reddy, S/Shri Mulayam Singh Yadav, Abu Hasem Khan Chowdhury, K. Sudhakaran, SU. Thirunavukkarasar, Dr. Mohammad Jawed, S/Shri Pradyut Bordoloi, Hibi Eden, Deepak Baij, Abdul Khaleque, Nakul K. Nath, Dr. T. Sumathy (A) Thamizhachi Thangapandian, Dr. Shafiqur Rahman Barq, Shri T.N. Prathapan, Dr. K. Jayakumar, Shri H. Vasanthakumar, Dr. S.T. Hasan, S/Shri Dhanush M. Kumar and A.K.P. Chinraj =106 – Shri Kaushlendra Kumar wrongly voted for Noes, later on he corrected through slip for Ayes = 105

Abstain: Nil

13.40 hrs

(iii) Anti-Maritime Piracy Bill, 2019*

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (DR. SUBRAHMANYAM JAISHANKAR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to make special provisions for repression of piracy on high seas and to provide for punishment for the offence of piracy and for matters connected therewith on incidental thereto.

माननीय अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

> "कि खुले समुद्र में जलदस्युता के दमन के लिए विशेष उपबंध करने के लिए और जलदस्युता के अपराध के लिए दंड और उससे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

डॉ. शशि थरूर जी, क्या आप बोलना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Yes, Sir. I oppose the introduction of the Bill. …(*Interruptions*). The basic issue is that the Supreme Court has ruled that death penalty can only be in the rarest of rare cases, whereas this Bill has an automatic provision for death penalty to be applied as one of only two opinions under the law.

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 2 dated 9.12.2019.

Secondly, you are putting the country in a situation where it will be impossible for us to get the cooperation of foreign countries because of the dealth penalty here. Therefore, we need a Bill which does not involve the violation of the international principle of not having the death penalty. There is the issue. I, therefore, oppose the Bill.

DR. SUBRAHMANYAM JAISHANKAR: Sir, through you, I would like the hon. Member to recognize that the Bill actually does not have an automatic death penalty. Article 3 of the Bill says that whoever commits any act of piracy, shall be punished with imprisonment for life or with death, if such a person is in the committing act of piracy, causes death or attempt thereof. So, it is factually incorrect to say that there is automatic death penalty. So, I would urge the hon. Member not to see a rigidity that is not there in the Bill.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

> "कि खुले समुद्र में जलदस्युता के दमन के लिए विशेष उपबंध करने के लिए और जलदस्युता के अपराध के लिए दंड और उससे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

DR. SUBRAHMANYAM JAISHANKAR: Sir, I introduce the Bill.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा): अध्यक्ष महोदय, रानी झांसी रोड में पिछले दिनों जो आग लगने की घटना हुई, यह काफी हृदय विदारक है। कोई बड़ी घटना होती है तो उससे लोग सीखते भी हैं कि आगे उसकी पुनरावृति न हो, लेकिन उसको ध्यान में नहीं रखा और यह अग्निकांड हो गया। हम समझते हैं कि इसमें जितने लोग मरे हैं, उनमें से एक-दो लोगों को छोड़ कर सभी लोग बिहार के ही हैं। सहरसा जिले से आठ व्यक्ति झुलस कर मर गए, समस्तीपुर जिले से नौ व्यक्ति जल कर मर गए, मुजफ्फरपुर जिले से तीन व्यक्ति जल कर मर गए, बेगुसराय जिले से एक व्यक्ति जल कर मर गया, सीतामढ़ी से पांच व्यक्ति जल कर मर गए, मधुबनी से एक व्यक्ति जल कर मर गया और अररिया से एक व्यक्ति जल कर मर गया।

अध्यक्ष महोदय, उसमें बिहार के 25 लोगों की मृत्यु हो गई है और कुछ लोग अस्पताल में भर्ती हैं, तो उनकी संख्या बढ़ सकती है। यह हादसा जिस तरह से हुआ है, अगर सुरक्षा की दृष्टि से भी देखा जाए तो उसकी बिल्कुल अनदेखी की गई। वे सभी गरीब परिवार के लोग हैं। बिहार में गरीबी है, इसीलिए लोग दिल्ली में रोजगार के लिए आते हैं, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। लोग लाचार हो कर वहां से यहां आते हैं।

दिल्ली सरकार ने भी मुआवजे का प्रावधान किया है और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने भी सहायता की घोषणा की है। बिहार के मुख्य मंत्री, श्री नीतीश कुमार जी ने भी दो-दो लाख रुपये इन सभी के परिवार वालों को देने की घोषणा की है। मेरा आपसे आग्रह है कि जितने लोग घायल हैं, उन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस घटना में जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है, उनको अपने-अपने जिले में भेजने की सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए।

मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि सभी लोग गरीब हैं। मुआवज़े की जो व्यवस्था की गई है, वह कम है। मुआवज़े के रूप में कम से कम 25 लाख रुपए सभी मृतकों के परिवारों को दिए जाएँ। कोई

ठोस व्यवस्था की जाए, ताकि इस तरह की घटना पुन: न हो, यह माँग मैं आपके माध्यम से सरकार से करता हूँ।

अंत में, मैं मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। मैं समझता हूँ कि आसन के माध्यम से भी मृतक लोगों के परिवारों में भी संवेदना चली जाए, तो यह बहुत बड़ी बात होगी।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): माननीय अध्यक्ष महोदय, जो घटना हुई है, वह सचमुच बहुत ही दर्दनाक है। बड़ी संख्या में लोग बिहार से बाहर काम करने के लिए आते हैं। इस घटनाक्रम में जिस प्रकार से लोगों की दर्दनाक मृत्यु हुई है, उसके लिए एक विशेष जाँच बिठाई जाए। इस घटना पर हमें दु:ख है। जितने गरीब लोगों की मृत्यु इसमें हुई है, उनके परिवार को राहत पहुँचे, इसकी जाँच बैठे और जाँच का प्रतिवेदन देश के समक्ष आए, ताकि फैक्ट्रियों या गोदामों में काम करने वाले लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिल सके। सरकार इसमें पहल करे और इसकी पूरी तरह से जाँच कराई जाए।

मैं माननीय गृह मंत्री जी से आग्रह करना चाहूँगा कि केन्द्र के स्तर से एक जाँच की जाए और जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा है, सहायता की राशि के रूप में कम से कम पच्चीस-पच्चीस लाख रुपए उन परिवारों को दिए जाएँ।

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Hon. Speaker, Sir, the devastating blaze at Delhi's Anaj Mandi in a 4-storey building housing illegal manufacturing units causing loss of lives of more 43 people, is yet another incident of lack of safety norms and irresponsible enforcement of provisions towards ensuring safety of factory workers.

Sir, this is the second worst fire in the Capital City of Delhi that caused numerous deaths, which throws light into the absolute lack of regulation for safety of the workers and occupants of the building.

The major tragedy, in recent times, was in 1997 when Uphar Cinema Theatre fire killed 59 people. Along with that in February, 2019, 17 people were killed by a fire in a 6-storey hotel in the City in their illegal roof top kitchen.

Sir, this has been happening regularly in the Capital City of the country. This incident shows that there is absolutely no enforcement of safety system whereas the Delhi Government and the Central Government are engaged in the blame game.

I would, therefore, request that the victims of the factory fire must be given adequate compensation. Also, building and shop owners, who had flouted norms, must be prosecuted along with concerned Government officials, who failed to effectively enforce the safety provisions

Sir, the hon. Home Minister is sitting here. Let him respond.

माननीय अध्यक्ष: शून्यकाल में जवाब नहीं दिया जाता है।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI KODIKUNNIL SURESH: Sir, this has happened in the Capital City of Delhi. The hon. Home Minister must respond.

श्री सुनील कुमार पिंटू (सीतामढ़ी): माननीय अध्यक्ष महोदय, कल रविवार, दिनांक 8.12.2019 को दिल्ली के रानी झांसी रोड पर स्थित अनाज मण्डी के रिहाइशी इलाके में एक अवैध फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड में लगभग 45 मजदूरों की मृत्यु हो गई। इस घटना में घायल हुए 25 लोग अभी भी जीवन और मौत से अस्पताल में जूझ रहे हैं।

यह अग्निकांड पूर्णत: लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण घटित हुआ है। जहाँ तक मुझे जानकारी मिली है कि ज्यादातर मजदूर लोग, जो इस फैक्ट्री में काम कर रहे थे, वे बिहार के रहने वाले थे। इन लोगों के परिवार में अन्य कोई व्यक्ति कमाने वाला नहीं है। राज्य सरकार एवं अन्य संस्थाओं ने थोड़ी-बहुत मुआवजे की घोषणा की है। मेरे नेता माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने भी सभी पीड़ित परिवारों को दो-दो लाख रुपए देने की घोषणा की है।

महोदय, यह देखा जा रहा है कि देश भर में, जिस प्रकार से अवैध फैक्ट्रियों में लगातार घटनाएँ घटित होती जा रही हैं, वे पूर्ण रूप से लापरवाही और नियमों को सही ढंग से पालन नहीं करने के कारण होती हैं। आकस्मिक आग से निपटने का कानून तो है, परंतु उसका पालन सही रूप से नहीं किया जा रहा है, जिसका खामियाजा गरीब, मजदूर एवं कार्यरत कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है।

माननीय अध्यक्ष: श्री गोपाल जी ठाकुर को श्री सुनील कुमार पिंटू द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष जी, अभी जो दिल्ली का विषय जीरो आवर में आया था, उस पर माननीय गृह मंत्री जी सदन में कल वक्तव्य देने वाले हैं।

13.49 hrs

MATTERS UNDER RULE 377*

माननीय सभापति: माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा। जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को आज उठाने की अनुमति दी गई है और जो उन्हें सभा पटल पर रखने के इच्छुक हैं, वे 20 मिनट के भीतर सभा पटल पर भेज दें। केवल उन्हीं मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा, जो निर्धारित समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त हो गए हैं, शेष को व्यपगत माना जाएगा।

* Treated as laid on the Table.

(i) Need to include Sanskrit education under Sarva Shiksha Abhiyan

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) : मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि संस्कृत शिक्षा को सर्व शिक्षा अभियान के तहत जोड़कर बिहार सहित देश के अन्य राज्यों में इसे लागू किया जाये।

इससे संस्कृत शिक्षा के स्तर में सुधार होगा यथा भवनहीन संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालयों में चल रहे पठन-पाठन के कार्यों में गुणात्मक सुधार होगा तथा ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों में संस्कृत शिक्षा में अभिरूचि पैदा होगी क्योंकि संस्कृत भाषा ही अन्य भारतीय भाषाओं की जननी है।

(ii) Need to set up a Potato Development Board

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): फर्रुखाबाद के आसपास के जनपदों में एशिया का सर्वाधिक आलू उत्पादन होता है। आलू ही ऐसी सब्जी है जो 365 दिनों तक पूरे देश में सब्जी के रूप में उपयोग होता है। यदि आलू का उत्पादन कम हो जाये तो पूरे देश में अन्य सभी सब्जियों के दाम आसमान छू जाते हैं।

जहां किसान पूरे देश को आलू सब्जी खिलाता है और अन्य सब्जियों के दाम भी नियंत्रित करता है वहीं आलू किसानों को उत्पादन का लाभकारी मूल्य न मिल पाने के कारण खून के आंसू रोना पड़ता है।

अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि जिस प्रकार केरल में मसाला बोर्ड की स्थापना करके मसाला उत्पादक किसानों की दशा में सुधार हुआ है इसी प्रकार जूट बोर्ड, टी-बोर्ड आदि की तरह राष्ट्रीय आलू विकास बोर्ड की स्थापना भी कराई जाये जिससे आलू किसानों की आर्थिक स्थिति को ठीक किया जा सके। मिड डे मील में सब्जी के तौर पर आलू की सब्जी को भी सप्ताह में कम से कम दो दिन अनिवार्य कर दिया जाए क्योंकि आलू में सर्वाधिक कार्बोहाइड्रेट्स होता है जो बच्चों की शारीरिक और बौद्धिक क्षमता को बढ़ाता है।

(iii) Need to construct compound wall in government schools in Rewa Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा): मेरे संसदीय क्षेत्र के कई शासकीय विद्यालयों में चारदीवारी न होने के कारण सुरक्षा का खतरा रहता है। विद्यालय में कई असामाजिक प्रवृति के लोग प्रवेश करते हैं जिनसे छात्र-छात्राएं असुरक्षित रहते हैं। केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जिन विद्यालयों में चारदीवारी नहीं है उनमें चारदीवारी कराने में मदद करने की कृपा करें।

(iv) Need to introduce daily train service from Prayagraj in Uttar Pradesh to Pune and Bengaluru

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मैं सरकार का ध्यान जनपद प्रयागराज, उ0प्र0 की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं, जनपद प्रयायराज उ0प्र0 की सर्वाधिक आबादीवाला जनपद है, यहां के बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें एवं नौकरी करने वाले लोग पुणे और बंगलोर में रहते हैं। प्रयागराज से दोनों शहरों को जोड़ने के लिए मात्र एक ही ट्रेन है, जो सप्ताह में एक बार ही चलती है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करती हूं कि एक ट्रेन प्रारंभ की जाए जो प्रति-दिन प्रयागराज से शुरू हो और दोनों शहरों को जोड़े। जिसमें छात्र-छात्रायें एवं नौकरी करने वाले लोगों को आने-जाने की यात्रा सुगम हो।

(v) Need to declare MSP for crops grown in rain-fed regions of Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्री राहुल कस्वां (चुरू): मेरे संसदीय क्षेत्र चूरू (राजस्थान) में किसानों द्वारा वर्षा आधारित (रेनफेड) परम्परागत जैविक खेती आज भी 80 प्रतिशत से अधिक हिस्से में की जा रही है। वर्षा आधारित (रेनफेड) खेती में आज भी रसायनिक व पेस्टीसाइड सामग्री का प्रयोग बहुत ही कम व नाममात्र क्षेत्र में किया जा रहा है लेकिन उन किसानों द्वारा पैदा की गई फसलों को मान्यता एवं प्रमाणित कर बाजार में अलग से बिकी का कोई प्रावधान नहीं है और न ही सरकार ने बिक्री के लिए कोई मूल्य निर्धारित किया है, जिस वजह से मेरे क्षेत्र के किसान को अपनी वर्षा आधारित (रेनफेड) फसल का पूरा मूल्य नहीं मिल पा रहा है इसी कारण किसानों का परम्परागत खेती से रूझान हटता जा रहा है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि किसानों द्वारा वर्षा आधारित (निफेड) परम्परागत खेती के माध्यम से तैयार की गई फसलों को बाजार में अलग से बिक्री करने व अलग से सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू की जाये।

(vi) Need to extend Rayalseema Express (train no. 12793/12794) upto Nanded in Maharashtra

श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर (नांदेड़): मेरा संसदीय क्षेत्र नांदेड़ धार्मिक, व्यावसायिक, शैक्षणिक एवं व्यापारिक दृष्टि से राज्य में ही नहीं अपितु देश भर में महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां हजूर सचखंड साहिब का विश्व प्रसिद्ध गुरूद्वारा है।

इसको मद्देनजर रखते हुए मेरी सरकार से विनती है कि 12793/12794 रायलसीमा रेलगाड़ी वर्तमान में निजामाबाद से तिरूपति तक चलती है, इस गाड़ी का विस्तार नांदेड़ तक किए जाने की आवश्यकता है क्योंकि नांदेड़ क्षेत्र के लोगों को तिरूपति जाने के लिए यह गाड़ी निजामाबाद जाकर पकड़नी पड़ती है। नांदेड़ से तिरूपति जाने वालों की बहुत अधिक संख्या है और हमारी सरकार की यह प्राथमिकता भी है कि देश के सभी प्रसिद्ध धार्मिक स्थानों को रेलमार्ग से जोड़ा जावे।

इस ट्रेन के विस्तार से न सिर्फ जनता को सुविधा मिलेगी बल्कि रेल विभाग को भी अच्छा राजस्व प्राप्त होगा। इसलिये मेरी मांग है कि रायलसीमा ट्रेन का विस्तार नांदेड़ तक करने हेतु जल्द से जल्द कदम उठाये जावें।

(vii) Need to address the problem of land depression and land erosion caused by Brahmaputra river flood in Guwahati Parliamentary Constituency, Assam

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी): मेरे संसदीय क्षेत्र गुवाहाटी में प्रसिद्ध ब्रह्मपुत्र नदी में प्रत्येक वर्ष वर्षा से आने वाली बाढ़ के कारण आसपास में रहने वाले जनजीवन भूमि कटाव के कारण बहुत प्रभावित हो रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से गुवाहाटी से चन्द्रपुर, सनसली, खारधुली व पश्चिम गुवाहाटी ग्रामीण क्षेत्र और पसबरी, शीयोगांव, बोकू में ब्रह्मपुत्र नदी के आस पास के गांव में रहने वाले लोगों के घर, पशु सहित जानमाल की क्षति होती है। वर्तमान में बाढ़ के कारण उत्पन्न भूमि धसान व कटाव ने एक बहुत ही गंभीर रूप ले लिया है।

अतः मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों की निरंतर मांग को देखते हुए शीघ्र ही केन्द्र सरकार को निर्देशित कर एक उच्च स्तरीय तकनीकी टीम का गठन कर बाढ़ के कारण हो रहे भूमि धसान व कटाव को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं जिससे यहां पर रहने वाले सभी नागरिकों को राहत मिल सके।

(viii) Need for contingency plans to address the drinking water crisis in Karnataka

SHRI G. S. BASAVARAJ (TUMKUR): My state Karnataka known as the abode of the holy and perennial Kaveri river, has been hit by a water crisis. From the capital city of Bengaluru to the traditionally arid zone in the Hyderabad-Karnataka region, the water crisis has assumed alarming proportions. The worst hit districts are Tumakuru, Vijayapura, Chitradurga and Chikkaballapura having more than 100 villages. My home district Tumakuru is worst hit with 142 villages is being served by tankers. Tumakuru urban area with 46 wards is receiving rationed water through tankers. Karnataka has already suffered three successive drought years. Water level in state reservoirs/dams is much below their capacities. For the time being areas having services by Irrigation Department or urban local bodies can manage till reservoir levels fall too low. But the remaining 65% of the state is dependent mostly on ground water which is depleting faster than getting recharged. I urge the Centre especially the newly created Jal Shakti Ministry to roll out contingency plans for Karnataka to overcome the impending drinking water crisis during the coming summer.

(ix) Regarding proposal for Veer Savarkar Memorial in Marseilles, France

SHRIMATI POONAM MAHAJAN (MUMBAI-NORTH-CENTRAL): In 1910, Swatantryaveer Savarkar's historic jump and subsequent illegal arrest by the British, while on French Land, caused worldwide furor. The arrest was considered a detestable act in violation of the right to asylum and was challenged in the International Court of Justice. In view of Swatantryaveer Savarkar's courageous act in defiance of imperialism, organisations including the Mumbai based Swatantryaveer Savarkar Seva Kendra, have been actively demanding the construction of a memorial for the great freedom fighter, in Marseilles. While the said organisations have reported that the Mayor of Marseilles had given consent for the same in year 1998, there is no report of any formal proposal received by the Government of India. I request the Government, through the Ministry of External Affairs, to work closely with their French counterpart in establishing a formal proposal for the Veer Savarkar Memorial in Marseilles and rightfully honour the historic event.

(x) Need to set up a Mega Food Park in Kaushambi district, Uttar Pradesh

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उनकी आय दुगुनी करने हेतु अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी, जहां विश्व विख्यात इलाहाबादी अमरूद, आम एवं केला तथा जनपद प्रतापगढ़ में विश्व विख्यात आंवला की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, वहां कोई मेगा फूड पार्क न होने के कारण किसान अपने उत्पादन को औने-पौने दाम पर बेचने के लिए मजबूर है। इलाहाबादी अमरूद एवं प्रतापगढ़ के आंवला की अन्तर्राष्ट्रीय पहचान होने के बावजूद भी किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पाता है।

अतः मेरा अनुरोध है कि विश्व विख्यात उत्पादन को बढ़ावा देने व किसानों को उचित मूल्य दिलाने हेतु जनपद कौशाम्बी में एक मेगा फूड पार्क की स्थापना की जाए, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ायी जा सके। धन्यवाद ।

(xi) Need to provide environmental clearance for construction of canal connecting water reservoirs to agriculture fields in Chhattisgarh

श्री चुन्नी लाल साहू (महासमुन्द): छत्तीसगढ़ राज्य के बांधों एवं छोटे-छोटे जलाशयों से कृषि भूमि एवं परती भूमि को नहरों के द्वारा सिंचित कर अधिक फसल की पैदावार बढ़ाई जा सकती है, लेकिन कुछ लंबित वन प्रकरणों के कारण जैसे कोमा जलाशय, भीमखोज जलाशय, पाली जलाशय योजना आदि जलाशयों से नहर बनाकर सिंचित करने में वन विभाग की भूमि आ जाने से पूर्व प्रस्तावित नहरों का कार्य आज तक रूका हुआ है। विगत पांच वर्षों से असमय वर्षा के कारण अकाल की स्थिति से किसान जूझ रहे हैं कर्ज तले स्थिति दयनीय है।

सरकार से मेरी गुजारिश है कि उपरोक्त वन विभाग ओर सिंचाई विभाग के संदर्भ को दृष्टिगत करते हुए अतिशीघ्र समन्वय कराया जाए, जिससे आने वाले समय में कृषि सिंचाईसुविधा बढ़े जिससे अधिक कृषि क्षेत्र में वृद्धि होगी एवं किसान खुशहाल होंगे, किसानों की आय भी दुगुनी होगी। साथ ही देश भी समृद्ध होगा। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना का सपना भी साकार होगा।

(xii) Regarding new railway line project from Kaliaganj to Buniadpur in West Bengal

DR. SUKANTA MAJUMDAR (BALURGHAT): A project of rail connectivity between Kaliaganj and Buniadpur was announced and approved in 2010-11. So many years have passed but due to shortage of funds no concrete development has taken place. Even land acquisition process has not been completed due to paucity of funds. Poor people who are solely dependent on public transport are forced to travel by bus or jeeps due to non-availability of train on this route.

I request Hon'ble Railway Minister to look into this matter and release funds and issue necessary instructions to expedite the railway project between Kaliaganj and Buniadpur so that by 2020, lakhs of people of my constituency may get benefitted.

(xiii) Regarding childcare responsibilities faced by working women

SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI (NEW DELHI): The participation of women in workforce is very crucial. However, the responsibility of childcare pushes women out of workforce. If any functional alternative is developed with support from State, it could lead to increasing participation of women in the workforce.

Model Proposed

- For every colony of a fixed group of population, crèche and daycare facilities will be made available;
- At least 1/3 members of such centres should be male to set as a precedent for involving men in childcare responsibility;
- Dedicated school/state sponsored transport to drop pre-school kids to these centres.

Time-Benefit

If such daycare centres are established, office timing could be advanced, and people would be able to leave office premises earlier and look after childcare responsibilities.

(xiv) Regarding problems in construction of Railway line between Deogarh and Pirpainti via Godda in Jharkhand

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): Jharkhand has six railway line projects under the 67% state funding and 33% central government funding mechanism since 2002. The states like Maharashtra, Gujarat, Karnataka and Tamil Nadu among others contribute only 50% as state funding component while West Bengal and Bihar do not have to spend anything as the whole funding is done by the Centre for railway line projects. Jharkhand, which contributes more than 40% to railways' total revenue ends up paying more state funding component. In the meantime, the Railways have done a fresh MoU of 50% state contribution for six prior projects and all future projects. Hence, the crucial Deogarh-Pirpainti via Godda railway line needs to be constructed as per the new cost share of 50-50 as well. The state government has agreed and wrote to the Railway Board that it will happily contribute to 50 per cent of the total cost. In February 2014, the CCEA cleared this 127-km Deoghar Pirpainti via Godda rail project. The land acquisition has since been started. However, in 2017 the Coal Ministry put up an objection saying that it has been allotted with a coal block on the route between Godda and Pirpainti. But, NoC had already been provided by the Coal Ministry which allowed for the land acquisition to take place.

Now, the Godda to Mahagama 32 Km land acquisition process is complete and the Railways have awarded the work to lay the railway line. However, the

30-km section between Mahagama and Pirpainti is stuck due to the coal companies last minute objections. Due to this hitch, the State Government is not willing to fund the project, as the new alignment will go through Bihar.

It is, therefore, requested:

(1) Overrule the objections of Coal India and stick to the old alignment of the proposed railway line.

(2) NTPC should allow for the usage of its existing line and save costs and delays.

Godda is an aspirational district and in Jharkhand it is the lowest ranked district in terms of health and infrastructure. Here, people are suffering from cancer, tuberculosis, children are malnourished and girls are anemic. Due to coal we have no safe drinking water, and no job.

It is thus requested that the Government kindly intervene at the earliest and resolve this problem which is preventing the development of the region.

(xv) Need to declare Barpeta town in Assam as a heritage city

SHRI ABDUL KHALEQUE (BARPETA): Barpeta is situated at a distance of 137 km from Guwahati. Barpeta is undoubtedly regarded as an important cultural town for its unique socio-religious and cultural heritage. Barpeta is known as Satranagari, for its innumerable satras and monuments established by the Vaishnavite saint Mahapurush Madhabdev, the chief disciple of Srimanta Sankardeva who laid a strong pillar of Assamese culture through his socio-religious Vaishnavite movement. Barpeta became the nerve centre of Vaishnavite culture as Srimanta Sankardev himself preached vaishnavite in the area. The Barpeta Satra was established in th 16th century by Mahapurush Madhavdev. As Barpeta is the Land of Satras, so all the fairs and festivals, rituals and ceremonies, observances are associated with it and centred on Kirtanghar. The people of Barpeta celebrate the festivals and ceremonies with satriya tradition. Barpeta is also famous for its traditional art heritage. Famous Vrindabani Bastra was woven by Gopal Tanti. Barpeta is also famous for making of traditional gold ornaments since the medieval period. There are many traditional cultural and economic activities which are prevalent in and around Barpeta. There are 12 heritage cities in India and Barpeta too deserves to be in the list for many a historical reasons. Once the heritage status is given to Barpeta, there would be an

overall development in the area which would also improve the socio-economic condition of the people. So, I urge the Ministry of Housing and Urban Affairs to declare Barpeta Town as a heritage city and usher in the economic development of the area.

(xvi) Need to protect mangrove forest of Sunderbans in West Bengal

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sundarban means “Beautiful forest”, it comprises closed and open mangrove forests, tidal streams and channels. Four protected areas in the Sundarban are enlisted as UNESCO world heritage sites. Despite a total ban on all killing or capture of wildlife other than fish and some invertebrates, it appears that there is a consistent pattern of depleted biodiversity or loss of species. Ecological quality of the forest is declining. The forest is suffering from increased salinity due to rising sea levels and reduced fresh water supply and mangrove forest in the area is the victims of destruction by unscrupulous elements. Lakhs of people still live in this area and earn their livelihoods from the forest. My earnest request is to save the forest from rampant plunder.

(xvii) Need to provide funds for payment of wage dues under MGNREGA

SUSHRI S. JOTHIMANI (KARUR): The people in the rural areas of Tamil Nadu and across the country are facing a lot of problems due to more than 6 months delay in payment of wages under MGNREGA.

There is severe fund shortage under MGNREGA in the states. Payment to MGNREGA workers has been stopped for the last six months.

I urge the Central Government to provide adequate funds for MGNREGA wages to the state governments at the earliest.

(xviii) Need to set up a Medical College in Kallakurichi District, Tamil Nadu

SHRI GAUTHAM SIGAMANI PON (KALLAKURICHI): I request the Central Government to set up a Medical College in Kallakurichi District, Tamil Nadu.

(xix) Need to enhance the pension under Employees Pension Scheme – 1995

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित (पालघर): देश में विभिन्न निजी एवं अर्धसरकारी संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों की आर्थिक दशा को देखते हुए 1995 में तत्कालीन सरकार ने इम्प्लॉइमेंट पेंशन स्कीम 1995 शुरू किया जिसके तहत इन संस्थानों से सेवानिवृत होने के पश्चात सभी कामगारों को पेंशन देने का प्रावधान किया गया।

1995 में जो पेंशन की राशि तय की गयी थी वही राशि आज भी दी जा रही है। आज की महंगाई के दौर में कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदाताओं को पेंशन के रूप में प्रतिमाह 1000/- रुपया दिया जाना उनके साथ अन्याय के समान है। 2012-13 में सरकार राज्यसभा के याचिका समिति के अध्यक्ष श्री भगत सिंह कोशियारी जी ने सभी पर अध्ययन के पश्चात 3 हजार रुपए एवं महंगाई भत्ता के साथ करने की सिफारिश की। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस सिफारिश को लागू करने के आदेश दिए।

निवृत कर्मचारी समन्वय समिति के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए कई बार धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन भी किया है लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण अभी तक कोई सार्थ निष्कर्ष नहीं निकल पाया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपयुक्त सेवानिवृत सभी कामगारों को कर्मचारी पेंशन योजना के अंतर्गत मिल रही पेंशन की राशि बढ़ाकर 9000/- रुपए प्रतिमाह किया जाय एवं ईएसआईसी के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

(xx) Need to construct flyover on level crossings in Katihar Parliamentary Constituency, Bihar

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार): मेरा संसदीय क्षेत्र कटिहार, रेलवे डिवीजन मुख्यालय है जो उत्तर-पूर्व रेलवे अंतर्गत में पड़ता है। कटिहार शहर के बीचोंबीच से रेल लाइन गुजरती है। बरौनी से मुकरिया रेल लाइन पर छीटाबारी केएम/2 और बरौनी से कुमेदपुर रेल लाइन पर भगवान चौक केके/1 फाटक बने हैं। ये दोनों फाटक कटिहार शहर में एक ही मार्ग पर लगभग 150 मीटर की समानांतर दूरी पर है। महोदय, यदि इन दोनों फाटकों के उपर एक ओवरब्रिज बना दिया जाय तो सड़क मार्ग का यातायात अवरोधमुक्त हो जाएगा।

माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि जनहित में उक्त दोनों समपार फाटक छीटाबारी और भगवान चौक पर एक फ्लाईओवर बनाकर इन फाटकों से यातायात जाम को अवमुक्त कराया जाय जिससे सड़क मार्ग से आवागमन निर्बाध गति बना रहे।

सधन्यवाद।

(xxi) Regarding integration of schemes meant for tackling malnutrition in the country

PROF. ACHYUTANANDA SAMANTA (KANDHAMAL): Despite economic growth in recent years, in the recent Global Hunger Index, 2019 India is ranked 102nd out of 117 countries. Moreover, a survey by the Ministry of Health has found that currently Indian children and adolescents suffer from high levels of malnutrition. POSHAN Abhiyaan aims to achieve the target of malnutrition free India by 2022, these recent statistics show that in our fight against hunger and malnutrition, we are not headed in the right direction.

Coming to my constituency- Kandhamal, according to the District Human Development Report (DHDR) for Kandhamal the percentage of children in 0-3 year age group under malnutrition (Grade II,III and IV) category is 21.5%. This statistic makes Kandhamal one of the lowest ranked districts with respect to nutritional status of children. One of the main problems we face is with respect to lack of healthcare services due to remote locations, inadequate staffing and infrastructure. Though the Government has introduced a number of schemes which directly or indirectly affect the nutritional status of children, the level of malnutrition in the country is high. I would like to ask the Hon'ble Minister of Women and Child Development whether the Government has any plans of integrating all relevant schemes under one single authority, which will create

synergy and link schemes, and ensure that there is uniformity/clarity in the implementation of such schemes.

Also, data has shown that moving towards a diet which is focused more on nutri-cereals, pulses, milk and poultry has improved nutrition levels in children. I request Hon'ble Minister to keep this in mind while formulating new policies to tackle malnutrition in the country.

I have worked and work with lakhs of young tribal children on a daily basis, giving them a home, ensuring that no one goes hungry, and it is possible to have a malnutrition free India. We just have to focus all our energy on tackling this efficiently and promptly.

(xxii) Need to provide arrears of honorarium due to Madarsa teachers employed under MPQEM and MPEMM schemes of Government of India

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित एस.पी.क्यू.ई.एम./एस. पी.ई.एम.एम. योजनांतर्गत कार्यरत मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों के सामने अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में लगभग 25500 व अन्य राज्यों में कई हजारा मदरसा आधुनिक शिक्षक मदरसों में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं कम्प्यूटर शिक्षा विगत 26 वर्षों से देते आ रहे हैं। इस महंगाई के दौर में स्नातक शिक्षक को मात्र 6000/- रुपए प्रतिमाह व स्नातक, बी.एड. शिक्षक को मात्र 12000/रुपए प्रतिमाह की दर से दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन शिक्षकों को इस कम मानदेय के बावजूद भी समय पर मानदेय नहीं मिला बल्कि आज भी केन्द्र सरकार पर विगत 3 वर्षों का मानदेय बकाया है। इसके कारण अब तक 24 मदरसा आधुनिक शिक्षकों की हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि मदरसा आधुनिक शिक्षकों का लंबित बकाया मानदेय भुगतान जल्द से जल्द किया जाए।

کنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، وزارات انسانی وسائل کی ترقی کے ذریعہ سنچالِت ایس۔پی۔کیو۔ای۔ایم۔/ایس۔پی۔ای۔ایم۔ایم۔ منصونہ بندی کے تحت کاریرت مدرسہ جدیدیت اساتذہ کے سامنے بہت سارے مسائل پیدا ہوتے ہیں۔ اُتر پردیش میں لگ بھگ25500 و دوسری ریاستوں میں کئی ہزار مدرسےجدید تعلیمی مدرسوں میں ہندی، انگریزی، حساب، سائنس و کمپیوٹر کی تعلیم گزشتہ 26 سالوں سے دیتے آ رہے ہیں۔ اس مہنگائی کے دور میں گریجویٹ

اساتذہ کو صرف 6000 روپئیے مہینے کی در سے و پوسٹ گریجویٹ، بی۔ایڈ اساتذہ کو -/12000 روپئے فی ماہ دئیے جانے کا پراودھان ہے۔ لیکن اساتذہ کو اتنے کم محنتانا کے باوجود بھی وقت پر محنتانا نہیں ملابلکہ آج بھی مرکزی سرکار پر گزشتہ 3 سال کا محنتانا بقایا ہے۔ اس کی وجہ سے اب تک 24 مدرسہ آدھونِک اساتذہ کی ہارٹ اٹیک سے موت ہو چکی ہے۔

جناب، آپ کے ذریعہ میری سرکار سے مانگ ہے کہ مدرسہ آدھونِک اساتذہ کو لمبے وقت سے بقایا محنتانا جلد سے جلد ادا کیا جائے۔

(ختم شد)

(xxiii) Need for construction of flyover at Yerravally cross roads on N.H. 44 in Nagarkurnool Parliamentary Constituency, Telangana

SHRI RAMULU POTHUGANTI (NAGARKURNOOL): There is an urgent need for construction of new Flyover at Yerravally Cross Roads on National Highway No.44, in Jogulamba Gadwal District, Nagarkurnool Parliamentary Constituency, Telangana. The N.H.-44 is a busy road with vehicles constantly plying. Crossing the road, particularly by the pedestrians and two wheelers, involves a lot of hardship. A large number of accidents take place on this road.

I would, therefore, urge upon the Union Government/Hon'ble Minister of Road Transport & Highways to accord approval with adequate financial support for the construction of the Flyover at Yerravally Cross Roads on N.H.-44, in Jogulamba Gadwal District, Telangana which will help the public to a great extent.

(xxiv) Need to construct a barrage on Sakri river in Bihar

श्री चंदन सिंह (नवादा): प्रकृति पर निर्भर रहने वाले जमुई, नवादा, शेखपुरा के किसानों का हर साल सुखाड़ की वजह इनकी लहलहाती फसल बर्बाद हो जाती है। नदी जोड़ योजना के तहत सिंचाई के लिए अति महत्वपूर्ण माने जाने वाली नाटी और सकरी नदी को जोड़ने के लिए यहाँ के किसान लगातार संघर्ष कर रहे हैं। यदि यह योजना का क्रियान्वयन होता है तो जमुई, नवादा, शेखपुरा, नालन्दा तथा लखीसराय जिले के बड़े भूभाग पर बहुत हद तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। सकरी नदी को नाटी में मिलाने के लिए जमुई, नवादा, शेखपुरा, नालंदा के किसानों के लिए सिंचाई जैसे अति महत्वपूर्ण योजना सकरी बराज निर्माण कब पूरा होगा कहा नहीं जा सकता। सकरी बराज का निर्माण नवादा के गोविन्दपुर प्रखंड के बक्सोती गाँव के समीप सकरी नदी पर बांध बनाकर कौआकोल से दक्षिण नाटी नदी में मिलाना है जिसकी दूरी लगभग 18 किलोमीटर है। बिहार विभाजन के बाद सकरी बराज का कैचमेंट एरिया झारखण्ड के कोडरमा, गिरिडीह तथा हजारीबाग के इलाके में चला गया। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 1977 में जमुई, नवादा, शेखपुरा के कई विधायक व सांसदों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जी से मिलकर योजना पर अमल करने का अनुरोध किया था, लेकिन यह योजना कुछ कारणों के चलते ठंडे बस्ते में चली गयी लेकिन स्थानीय किसानों ने हिम्मत नहीं हारी और संगठित होकर संघर्ष को तेज किया। परिणामस्वरूप 20 अक्टूबर, 1984 को तत्कालीन मुख्यमंत्री ने गोविंदपुर प्रखंड के बकसोती के समीप इस योजना का शिलान्यास किया। प्रस्तावित योजना के अनुसार इसके निर्माण से तत्कालीन मुंगेर जिले का लगभग 29 हजार 286 एकड़ भूभाग का पटवन किए जाने का लक्ष्य था। 20 नवम्बर, 1991 को तत्कालीन जल संसाधन मंत्री, भारत सरकार ने भी इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर कार्यरूप दिए जाने से संबंधित एक पत्र राज्य सरकार को लिखा था एवं एक सामाजिक कार्यकर्ता ने पटना हाईकोर्ट में सीडब्ल्यूजेसी दाखिल कर इस

योजना के निर्माण का आग्रह किया था तथा हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 6 अक्टूबर, 2004 को राज्य के जल संसाधन विभाग के आयुक्त सह सचिव को प्राथमिकता के आधार पर योजना पर अमल करने का आदेश दिया था। लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद भी कोई पहल नहीं हो सकी, जिसके चलते कृषि पर आधारित नवादा के कृषक हर साल सूखे की मार झेल रहे हैं।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि नवादा के गोविन्दपुर प्रखंड के बक्सोती गाँव के समीप सकरी नदी पर सकरी बराज का निर्माण कराया जाये ताकि 40 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था होगी जिससे जमुई, नवादा, शेखपुरा और नालंदा जिलों के लाखों किसानों को फायदा होगा।

(xxv) Regarding students strike in Jawahar Lal Nehru University due to hike in hostel fee

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): It was brought to my notice by the Jawaharlal Nehru University Teachers Association that the student representatives of the Inter-Halls Administrative Committee were not given voice, when the decision to hike their hostel fees was taken. This fee hike is adding to the burden of already high mess costs that students are bearing because of rising food inflation. It is requested that the Centre make the Report of the High Powered Committee, formed through Ministry of HRD notification on 17th November 2019, public and resolve this matter. It must also consider reinstating the studentships that were cancelled after protests to fee hike started. I urge the Government to engage in dialogue with students and refrain from using violence against student protestors. I also request the Centre to make higher education accessible to everyone by withdrawing the JNU hostel fee hike.

13.50 hrs

ARMS (AMENDMENT) BILL, 2019

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): मैं प्रस्ताव करता हूं:

> "कि आयुध अधिनियम, 1959 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

महोदय, वैसे तो बिल स्वयं स्पष्ट है। सभी सदस्यों के विचार सुनने के बाद मैं उत्तर भी दूंगा और बिल के बारे में संक्षिप्त में भूमिका रखने का प्रयास भी करूंगा। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यह बहुत पुराना कानून है और इस कानून के तहत ढेर सारी विसंगतियां थीं, जैसे, गैर कानूनी हथियार उपयोग करने वालों और गैर कानूनी हथियार बनाने वालों में सजा के प्रावधान में कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं था। यदि किसी के पास से देशी कट्टा मिलता है या ए.के.- 47 रायफल मिलती है तो दोनों के लिए सजा में विशेष अंतर नहीं है। इसके कारण क्राइम कंट्रोल में बहुत बड़ी दिक्कत आती थी। हमने इसमें खिलाड़ियों को विशेष छूट देने का प्रावधान किया है। बहुत सारे सदस्यों का यह कहना था कि जो व्यक्तिगत लाइसेंस होते हैं, उनमें एक की जगह दो आयुधों की परमिशन दी जाए, उसका भी संशोधन लाकर ऑफिशियल अमेंडमेंट सदन के सामने रखा है और आयुधों की तस्करी, गोला-बारूद, इन सबके लिए विशेष प्रावधान इस बिल के अंदर किए गए हैं। सभी सदस्यों की चर्चा सुनने के बाद मैं चर्चा का उत्तर दूंगा और इस बिल को लाना क्यों जरूरी था, वह भी बताऊंगा।

माननीय अध्यक्ष: प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि आयुध अधिनियम, 1959 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

SHRIMATI PRENEET KAUR (PATIALA): Mr. Speaker, Sir, I would like to draw the attention of this House to the Bill introduced to bring amendments in the Arms Act, 1959. What is the purpose of the original Arms Act? The purpose is to regulate usage and possession of arms in the country. As a Member of the House and a responsible citizen, I do appreciate that laws required to keep pace with the changes in the society. And it is incumbent upon Governments to bring legislations in consonance with the changing social realities.

15.53 hrs (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

However, if we go back to historical traditions, the ancient arms bearing tradition of India continues to feed the manpower demand of the current national security establishments of India. The local arms bearing culture of Hindustan keeps the fighting tradition alive in India and continues to motivate our young to lay their lives in the line of fire. A negative consequence of disarming the population by law was the growth of bodies of skilled lathiyals, making of illegal country-arms and smuggling of fire arms. This is the major source of crime today and not the legal licensed fire arms. The licensing fire regime prescribes to ensure that individuals get licenses for their private protection, for crop protection, for purposes of sports and for purposes of arms that have been inherited. What is the usage of licensed arms in the crimes committed? According to the Government's data, approximately 58,000 offences were recorded in the year 2017. Out of which, 419 involved licensed arms. This comes to less than one per

cent of the total. If the idea is to reduce crime, as the Minister said, involving arms, then should we be looking at the licensed arms or the unlicensed arms? In 2017, approximately 63,000 firearms were seized, out of which about 3,500 were licensed. This comes to only 6 per cent. Does this warrant an amendment, a change? While I agree that irresponsible usage of licensed arms is wrong and it should be penalised, I disagree with the proposed Clause 3 of this new amendment. As a Member of Parliament representing Punjab, I must voice my concerns on this.

Punjab is a State with a 553-kilometre long border with the not so friendly State of Pakistan. It has been a witness to terrorist violence on account of militancy in 1980 and 1990, an aspect that needs no further elaboration. These conditions naturally gave rise to a very palpable sense of fear and insecurity.

It is also pertinent to mention that a large number of farmers have, over the years, come to live on farmhouses that are outside their villages where they do not have the comfort and the safety of the main village habitation. The State has over the years granted licences and also issued licences for firearms for crop protection to farmers as provided in the Arms Act. An unintended consequence will be this. When you limit them to one firearm, how will they be able to protect their farmland as different bores have different usages?

The House must look at both the unintended consequences and the intended consequences of this proposed legislative action. I have no doubt that the Ministry of Home Affairs would have examined the different aspects before piloting the Bill. However, as a concerned citizen and a representative of the people of Punjab, I consider it my bounden duty …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Madam, just a minute, please. The hon. Minister wants to say something.

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी): हम ऑफिशियल अमेंडमेंट लेकर आए हैं और सभी को सर्कुलेट किया गया है । एक जगह दो आर्म्स के लिए इंडिविजुअल लाइसेंस, यानी एक लाइसेंस पर दो आर्म्स लगाने के लिए है । हमने इसको ऑफिशियली सर्कुलेट किया है । माफी चाहता हूं ।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): यह आपका हक है, इसमें माफी की कोई बात नहीं है ।

SHRIMATI PRENEET KAUR: Thank you, Mr. Minister for giving this small concession. But we still want the three arms to remain in the Act.

The people of Punjab have been historically classified as a martial race with strong representation in Armed Forces and paramilitary, as have been other citizens from other States. A large number of people have come to possess firearms and take pride in retaining them. There is also a great cultural importance that the citizens belonging to the martial communities attach to them, such as the Ahirs, the Dogras, the Jats, the Rajputs, the Sikhs, etc. and a large

number of these people take pride in retaining them. They have been legal holders of three firearms sometimes across many generations. Suddenly, when they have to deposit it – first it was two; now you are saying one – even that will tantamount to not being in the public interest.

There is another aspect to this that I would like to come to. That is the talent pool for sports representation. Qualified shooters today enjoy holding of multiple guns according to their level of achievements as defined in the Exemption Notification. But, at the same time, there are thousands of shooters who have not reached the prescribed achievement level. This large number of people produces the pool for talent scouting. No sport can survive and expand unless the total number of persons playing the game is large at the grassroots level. In fact, the larger the pool, the higher the chance of finding world-class talent.

14.00 hrs

Today, India is enjoying glory at world level only because of this large pool of talent at the grassroot level which produces the world class shooters. *....(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON : Hon. Minister wants to intervene.

श्री जी. किशन रेड्डी : मैं आदरणीय संसद सदस्या जी से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि चाहे राइफल क्लब हो, राइफल एसोसिएशन हो, जो स्पोर्ट्स में शूटिंग प्रैक्टिस करते हैं, उनके लिए कोई

चेंज नहीं किया गया है। इसीलिए, आप एक बार ठीक तरह से बिल पढ़कर अपना मत रखें, तो ठीक रहेगा।

SHRIMATI PRENEET KAUR: Thank you, Sir. मेरे पास जो कागज आए थे, उसमें पूरा बिल नहीं था। जो अमेंडमेड्स में शब्द चेंज किए हैं, उसमें वही आया था। मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने शूटर्स के बारे में सोचा है और जो स्थिति है, अब वह स्थिति मौजूद रहेगी, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देती हूं।

14.01 hrs (Dr. Kakoli Ghosh Dastidar *in the Chair*)

यह मेरे कन्सर्न्स थे। मैं खुश हूं कि आपने इनको नोट किया है। एक बार फिर जो यह अमेंडमेंड तीन है, आपने एक के बजाय दो किया है। आप इसको फिर से कंसिडर कीजिए और इसको तीन ही रहने दीजिए।

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : आदरणीय सभापति महोदया, मैं सबसे पहले भारत के बहुत ही तेजस्वी गृह मंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा प्रस्तुत आयुध (संशोधन) विधेयक, 2019 के समर्थन में बोलने के लिए यहां पर खड़ा हुआ हूं।...(व्यवधान) सुरेश जी, आप ध्यान से सुनिए, यह आपके भी काम आएगा।...(व्यवधान) विशेष रूप से पुलिस और सुरक्षा बलों से हथियार छीनना और लूटना, अंडरवर्ल्ड द्वारा गन्स का अवैध ट्रैफिकिंग और स्मगलिंग करना, विदेशी हथियारों का ट्रांसपोर्टेशन करना और हर्ष फायरिंग करना, इस पर कड़ी सजा को बढ़ाने का जो प्रावधान किया गया है, मैं उसका बहुत समर्थन करता हूं। माननीय सभापति महोदया जी, मैं आज अपनी बात एक वेद मंत्र से शुरू करना चाहता हूं।

'यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यंचौ चरतः सह,

तं लोकं पुण्यं प्रज्ञेषं यत्र देवाः सहाग्निना।'

जिस भी समाज में, जिस भी देश में, ज्ञान शक्ति और छात्र शक्ति दोनों साथ-साथ चलती हैं, दोनों का समन्वय होता है और जहां पर अच्छे लोगों का संरक्षण होता है, उनकी सुरक्षा होती है, उनके पास शक्ति होती है, वहीं पर उसी समाज और उसी देश के अंदर पुण्यलोक या स्वर्गलोक का निर्माण हो सकता है। शक्ति अच्छे लोगों के हाथों में रहे, तो समाज और देश का भला होता है। अगर गलत लोगों के हाथों में हथियार और शक्ति चली जाए, तो बहुत ही संघारक है, विनाशक है और वह राक्षस बन सकता है। लेकिन बिना शक्ति के न राज्य चलता है और न ही ज्ञान और विद्या का प्रचार होता है। इसीलिए, हमारे शास्त्रकारों ने कहा है कि-

'शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चर्चा प्रवर्तते।'

जहां शस्त्रों की झनकार होती है, वहीं शास्त्रों की चर्चा चल सकती है। इसीलिए शस्त्र भी बहुत जरूरी है। बिना शक्ति के, बिना पुलिस के न हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं काम कर सकती हैं। पिछले

70-72 वर्षों का इतिहास इस बात को दिखाता है कि हमारी पुलिस ने इतनी अच्छी आंतरिक सुरक्षा का निर्माण किया है, जिससे आज हमारे देश का लोकतंत्र सुरक्षित है। हमारी जितनी भी लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं, वे ठीक तरह से काम कर रही हैं। सभापति महोदया, मैं आपके और इस सदन के माध्यम से इस देश के जो लाखों पुलिसवाले हैं, मैं उन सभी का अभिनंदन करता हूं और सभी को धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदया जी, भारतीय संस्कृति का एक बहुत अच्छा संदेश है, सभी लोग इस बात को मानेंगे हमारे जितने भी देवी-देवता हैं, सभी के हाथों में हथियार है। आप मूर्तियों को देखिए, किसी देवी की मूर्ति देखिए, किसी देवता की मूर्ति देखिए। यह इस बात का संदेश है कि जो शक्ति है, वह अच्छे लोगों के हाथों में होनी चाहिए। गलत लोगों के हाथों में नहीं होनी चाहिए। इसका दूसरा संदेश भी यह है कि लाइसेंस भी अच्छे लोगों को ही दिया जाना चाहिए, गलत लोगों को नहीं दिया जाना चाहिए। देवताओं के पास होना चाहिए, अच्छे लोगों के हाथों में होना चाहिए। जब तक देश में हम लोग इस बात पर, हमारे शास्त्रकारों ने जो कहा, उस पर हम लोग चलते रहे, अस्त्र-शस्त्रों में हम लोगों ने जंग नहीं लगने दिया, तब तक यह भारत विश्व विजयी रहा। जब हम लोग ने मात्र कुछ संप्रदायों के प्रभाव में आ कर पूरी तरह से अहिंसक बन गए, अहिंसा का पालन करने लगे, सेना रखना बंद कर दिया, हथियारों पर जंग लग गई, तभी यह देश खंडित होने लगा, और अंतत: यह देश गुलाम बन गया।

महोदया, सन् 1857 तक इस देश के अंदर हथियार रखने के बारे में कोई कानून या कोई नियंत्रण नहीं था। इस देश में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम हुआ। विशेष रूप से उत्तर भारत में अंग्रेजों के खिलाफ बहुत जोरों से क्रांति हुई। हम लोग झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बारे में सुनते हैं। उन्होंने अपने राज्य को बचाने के लिए क्रांति की, अंग्रेजों की खिलाफत की। अवध की बेगम हजरत महल ने भी अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति की थी। आरा, बिहार के कुंवर सिंह थे, उन्होंने भी किया। लेकिन मैं आपको यह जिक्र करना चहता हूँ कि हमारे बागपत में ही दिल्ली के पास कोई रियासत नहीं थी। वहां

के बाबा सामल ने छह हजार किसानों को इकट्ठा कर के अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई की। सन् 1857 के बाद पहली बार अंग्रेजों का झंडा, जिसको हम यूनियन जैक बोलते हैं, उसको उतार कर ओम का झंडा सन् 1857 में लगाया। एक तरफ तो यह माहौल था। अंग्रेजों ने देखा कि जिन लोगों के पास हथियार हैं, रियासत नहीं है, तब भी हमारे खिलाफ लड़ रहे हैं तो सन् 1857 के बाद यह किया गया कि लोगों के हथियार जमा कराए जाएं। एक तरफ यह माहौल था। दूसरी तरफ यह माहौल आया कि सबसे पहले इस देश में जितने भी समाज सुधारक हुए, जितने भी महापुरुष हुए, उनमें से महर्षि दयानंद ने सन् 1874 में सबसे पहले लिखा। बहुत लोगों ने शायद किताब में पढ़ा भी होगा, उनका लिखा हुआ सत्यार्थ प्रकाश है। उनको मैं कोट करता हूँ कि –

> " अब अभाग उदय से, और आर्यों के आलस्य, प्रमाद, प्रस्पर के विरोधी यह आर्यव्रत विदेशियों के पादाक्रंत हो रहा है, ये हमारे दुर्दिन हैं, कोई कितना भी करे, परंतु जब स्वदेशी राज्य होता है, वह सर्वोपरि उत्तम होता है, अथवा मतमतांतर के आग्रहरहित अपने और पराए का पक्षपात सुन प्रजा पर पिता-माता के समान कृपा, न्याय और दया के साथ भी विदेशियों का राज सुखदायक नहीं है। "

यह पहली बार महर्षि दयानंद ने घोषणा की थी। मुझे लगता है कि जितने भी महापुरुष इस देश में हुए हैं, 19वीं शताब्दी के अंदर केवल मात्र महर्षि दयानंद ऐसे थे, जिन्होंने स्वराज का बिगुल सबसे पहले बजाया था। यह जो इस प्रकार का उस समय चल रहा था, कांग्रेस ने सन् 1929 के अंदर स्वराज की मांग की थी। उससे पहले सन् 1874 में महर्षि दयानंद ने यह कहा था। इसलिए देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ने यह लिखा है, अगर महात्मा गांधी इस देश के राष्ट्रपिता हैं तो महर्षि दयानंद इस देश के राष्ट्रपितामह होने चाहिए, क्योंकि सबसे पहले आजादी का बिगुल महर्षि दयानंद ने इस देश के अंदर बजाया था। इन बदलते परिवेश में आजादी की क्रांति एवं स्वामी दयानंद की अलख ने अंग्रेजों को सचेत कर दिया और इसलिए सबसे पहले हथियार रखने पर पांबदी करने के लिए सन् 1878 में सबसे पहले अंग्रेज लोग आर्म्स एक्ट ले कर आए। लॉर्ड लिटन उस समय के

वॉयसरॉय थे। हथियारों के बारे में बारे इतनी जबरदस्त पाबंदी लगाई गई कि बिना परमिट और बिना लाइसेंस के कोई भी भारतीय न हथियार बना सकता था, न बेच सकता था, न रख सकता था और न हथियार ले कर चल सकता था। केवल ब्रिटिश और एंग्लो इंडियंस को इस मामले में छूट दी गई। लाइसेंस मिलना लगभग नामुमकिन हो गया। हथियारों में केवल रिवॉल्वर, पिस्टल और बंदूक ही नहीं थे, लेकिन संगीन, खड़ग, तलवार भाले, नोक, धनुष बाण आदि सब पर अंग्रेजों ने पाबंदी लगा दी। श्री सुरेंद्र नाथ बनर्जी ने इस कानून को कहा था, जब 1878 का कानून आया उन्होंने कहा कि a badge of racial inferiority and humiliation for all Indians. ऐसा सुरेन्द्र नाथ बनर्जी ने इस कानून के बारे में लिखा था कि यह जातीय भेद का शिकार, तथा भारतीयों की बेइज्जती करने का कानून है। महात्मा गांधी ने इस कानून के बारे में कहा था कि यह जो कानून है, यह ब्लैकेस्ट कानून है। सबसे बड़ा काला कानून है। इसने सारे देशवासियों को एकदम से नि:शस्त्र कर दिया। सन् 1918 में गांधी जी ने जहां इस कानून की भर्त्सना की, वहीं पर वर्ष 1918 में एक पेम्फ्लैट निकाल कर भारतीयों को अंग्रेजों की सेना में भर्ती होने के लिए भी आह्वान किया।

इस दुनिया में प्रथम विश्व युद्ध शुरू हो रहा था। मुझे मालूम नहीं कि अंग्रेजों की मदद के लिए फौज में भर्ती होने के आह्वान में, बाद में हो सकता है कि महात्मा गांधी जी ने बाद में कभी पश्चाताप भी किया हो, मुझे नहीं मालूम है। उनकी अपील के कुछ महीनों के बाद ही इस देश के अंदर रोलेट एक्ट आया, जिसको ब्लेकेस्ट एक्ट कहते हैं। रोलेट एक्ट उससे भी ज्यादा भयंकर कानून था, जिसमें न कोई दलील थी, न कोई बेल थी और न कोई अपील थी। इस तरह का कानून इस देश के अंदर आया। इंडियन पीनल कोड, 1860 है, उसके तहत लोगों को आत्मरक्षा का अधिकार दिया गया, उसमें साधारण अपवाद दिए गए धारा 96 से लेकर 106 तक, उसके भी खिलाफ यह 1878 का हथियार का कानून था। आत्मरक्षा का कानून सब को है और सर्वप्रथम है, सब को प्राप्त है। भारत आज़ाद हुआ और वर्ष 1959 में हमारे देश में आज़ाद भारत का आर्म्स एक्ट, 1959 बोलते हैं, वह

कानून आया। सरकार ने लोगों की आत्म रक्षा और सम्पत्ति के अधिकार को पुन: महत्व देते हुए एक लाइसेंस और परमिट के ऊपर तीन-तीन हथियार तक देने का प्रावधान किया। अनुभव यह कहता है कि लाइसेंसधारकों ने बड़ी जिम्मेदारी के साथ काम किया। ऐसा इस देश का पिछले 70-72 वर्षों का रिकार्ड यह दिखाता है कि जिनको लाइसेंस मिले, जिनके पास लाइसेंस के हथियार थे, उन्होंने काफी जिम्मेदारियों से काम किया और आँकड़े इस बात को कहते हैं। आंकड़ों में थोड़ी गड़बड़ हो सकती है कि लैस देन वन परसेंट जो है, लाइसेंस वाले जो लोग थे, वे अपराधों में इन्वॉल्व हुए या उनका दुरुपयोग हुआ। आर्म्स एक्ट को लागू करने में समाज में कुछ दिक्कतें आईं, पुलिस को कुछ दिक्कतें आईं तथा कुछ कमियां भी इसमें नजर आईं। वर्ष 1988 में इस कानून में संशोधन हुआ, पर वह कोई ज्यादा पर्याप्त नहीं था। हथियार कानून के बारे में चर्चा करते समय तीन-चार बातें बहुत विशेष महत्व की हैं।

सभापति महोदया, लोग हथियार क्यों चाहते हैं? एक तो यह है कि सब लोगों को आत्म रक्षा करने का, अपनी जान-माल की रक्षा करने का, अपने पड़ोसी का और अपनी इज्जत की रक्षा करने का अधिकार कानून ने दिया है। नंबर 2, असुरक्षा की भावना– जब समाज में असुरक्षा की भावना होती है, अगर हम अपने को असुरक्षित महसूस करते हैं तो हमको लगता है कि हमको हथियार चाहिए। लाइसेंस अगर मिल जाए तो बड़ी अच्छी बात है, अगर लाइसेंस नहीं मिलता है तो बहुत से लोग अवैध हथियार लेने की कोशिश करते हैं और अनुभव यह दिखाता है कि आज अवैध हथियार समाज और देश के अंदर है, उसमें यह नहीं है कि सब आदमी, जिनके पास अवैध हथियार है, सब सही हैं। कानून की नजर में वे अपराधी हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि वे अपराधी प्रवृत्ति के लोग हों, क्योंकि उनको असुरक्षा लगती है, इसलिए लोग दूसरी तरह के हथियार अपने पास रखना पसंद करते हैं।

कुछ लोगों के पास परम्परा से, बाप, दादा से हथियार आए हैं। वह अफेक्शन का मामला है, इसलिए वे हथियार रखते हैं। चौथे किस्म के वे लोग हैं, जो दिखाने के लिए, हम लोग बोलते हैं कि गन

रोमांटिसिज्म है, गन हाथ में होती है तो बड़ा अच्छा लगता है, उसके कारण से लोग हथियार रखने लगते हैं। कुछ जन प्रतिनिधि, मैंने देखा है कि स्टेटस सिम्बल है। हथियार वाला आदमी होना चाहिए। हथियार वाला, लाइसेंस वाला नहीं रहता, जिनके पास दूसरे हथियार हैं, उनको अपने पास रखते हैं, उनका रुतबा भी बढ़ता है, सुरक्षा भी होती है। इनकी संख्या बहुत कम है। ऐसे लोग भी समाज के अंदर हैं । पांचवीं किस्म के अपराधी तत्व हैं, जो अपराधी हैं, नक्सल्स हैं, एक्स्ट्रीमिस्ट्स हैं, आतकंवादी हैं, जिन्हें अपराध के लिए, अपनी सुरक्षा के लिए या पुलिस और फौज पर हमला करने के लिए हथियार चाहिए। इनकी संख्या काफी ज्यादा है। देश के अंदर जो नम्बर ऑफ लाइसेंस हैं, वह लगभग 34 लाख के आस-पास लाइसेंस हैं। इनसे थोड़े से कम हथियार हैं, जितने लाइसेंस हैं, उनसे थोड़े कम हथियार हैं। बिना हथियार के लाइसेंस की संख्या लगभग 5 लाख के आस-पास हैं। उसमें दिया है कि 14.5 परसेंट लोग ऐसे हैं, जिनके पास लाइसेंस हैं, लेकिन हथियार नहीं हैं। एक हथियार वाले लाइसेंस लगभग 79 परसेंट, 27 लाख के आस-पास लाइसेंस हैं । दो हथियार वाले लाइसेंस लगभग 2 लाख 10 हजार लगभग 6 परसेंट है। तीन हथियार वाले लाइसेंस लगभग 1 परसेंट है। जो स्पोर्ट्स पर्सन्स, खिलाड़ियों को लैस देन 4 हजार पूरे देश के अंदर लाइसेंस दिए गए। वर्ष 2013 में भारत सरकार ने नेशनल डेटाबेस फॉर आर्म्ड लाइसेंस बनाया। वर्ष 2013 से पहले लोगों को यह मालूम नहीं था कि इस देश के अन्दर कितने लाइसेंस हैं, किस जिले में कितने लाइसेंस हैं, किस राज्य में कितने लाइसेंस हैं । इसलिए मैं भारत सरकार को धन्यवाद दूंगा । आजकल यूनिक आइडैंटिफिकेशन सिस्टम हो गया है। उससे मालूम चलता है कि किसके पास लाइसेंस है। उदाहरण के लिए दिल्ली शहर में लगभग 39,000 लाइसेंस हैं, मुम्बई में केवल 15,000 ही लाइसेंस हैं।

महोदया, मैं बागपत जिले से आता हूं। बागपत जिले में, जहां लगभग 9-10 लाख की आबादी है, वहां 5,000 से कम लाइसेंस हैं। देश के सामने हथियार, लाइसेंस के बारे में जो मुख्य समस्या है, वह हम सब के सामने और सरकार के सामने यह है कि आज अवैध हथियारों की भरमार है। जितने

लाइसेंस हैं, जितने के बारे में पुलिसवाले बताते हैं, मुझे लगता है कि उससे कम से कम दस गुणा ज्यादा अवैध हथियार इस देश के अन्दर होंगे। उनका बनना, ट्रांसपोर्ट होना, बिकना, प्रयोग होना जारी है, चाहे ये अन्डरवर्ल्ड के पास जाएं, चाहे नक्सली लोगों के पास जाएं।

इसकी दूसरी समस्या है - गलत लाइसेंस बनना। हमारे देश में जिलों में एस.पी., कलक्टर के यहां, डी.एम. के यहां, जो फाइनल ऑथोरिटी है, वहां पर अभी भी बहुत से केसेज़ ऐसे हैं कि लाइसेंस गलत लोगों के बनाए जाते हैं। ये क्यों बनाए जाते हैं, मैं उस पर आगे बताऊंगा।

तीसरी बात है, जैसा कि मैंने पहले कहा कि पुलिस से हथियार छीनना, उन्हीं के खिलाफ इसका आपराधिक प्रयोग करना, इस प्रकार की जो समस्याएं आ रही हैं तो एक सर्वे के मुताबिक, मुझे नहीं मालूम कि यह सर्वे कितना सही है, पर एक सर्वे में बताया गया है कि देश के अन्दर 6 करोड़ 14 लाख अवैध हथियार हैं। लाइसेंस हथियारों से लगभग 18 गुणा ज्यादा अवैध हथियार हैं। मुझे लगता है कि इसकी संख्या इससे भी ज्यादा होगी। वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2017 तक लगभग 35,000 अवैध हथियार और लगभग डेढ़ लाख अवैध कारतूस सामान्यत: हर साल पकड़े गए, लेकिन जितने पकड़े जाते हैं, उनके बारे में मुझे लगता है कि वे दस प्रतिशत भी नहीं हैं, ऐसा मैं पुलिस में अपने काम के अनुभव से बता सकता हूं।

महोदया, दुनिया को मालूम है कि इसके कारण गम्भीर अपराध होते हैं। अंडरवर्ल्ड का मुम्बई, अहमदाबाद, इन्दौर, यू.पी. जैसी जगहों में जो इतना पावर बना, उसका मुख्य कारण यही था कि उनके पास ये हथियार और फायर आर्म्स आने लगे। वर्ष 1970 के दशक में, उदाहरण के लिए मुम्बई में अंडरवर्ल्ड के लोगों के पास, माफिया लोगों के पास चाकू-छुरे होते थे। वर्ष 1980 आते-आते इनके पास रिवॉल्वर्स, पिस्टल्स आने लगे और जैसे-जैसे इनके पास अवैध हथियार आने लगे, तो पहले वे शराब का अवैध व्यापार करते थे, स्मगलिंग करते थे, लेकिन उसके बाद वे धीरे एक्सटॉर्शन का गुनाह

करने लगे, लोगों को धमकियां देने लगे। अगर लोग उन्हें पैसे नहीं देते तो ये लोगों को गोली मारने लगे। वर्ष 1990 आते-आते, मैं उदाहरण के लिए यह बोल रहा हूं, हमारे अरविंद सावन्त जी यहां बैठे हैं, उन्हें मालूम है कि उस समय मुम्बई शहर इतना असुरक्षित हो गया कि कोई भी बड़ा व्यापारी, कोई भी आदमी अपने बच्चों की शादी किसी फाइव स्टार होटल में करने से डरने लगा, बड़ी गाड़ी खरीदने से डरने लगा, फ्लैट खरीदने से डरने लगा। वर्ष 1990 के आस-पास वहां की हालत इतनी खराब थी और यह उन हथियारों के कारण थी, जो अंडरवर्ल्ड के पास थे। अंडरवर्ल्ड में जो लोग थे, उनमें काफी लोग हमारे यू.पी. के थे, बिहार के थे। यहां से ये रिक्रूट होकर वहां गए और उनके बड़े-बड़े गैंग वहां बने। शुरू में तो हाजी मस्तान, युसूफ पटेल थे। अब्दुल लतीफ अहमदाबाद का था। ये लोग वहां आए। मुम्बई के अन्दर दाउद इब्राहिम आ गया, अरुण गवली आ गया, अमर नाईक आ गया। वर्ष 1993 के बाद छोटा राजन भी आ गया। उसके बाद अंडरवर्ल्ड के लोग भी धीरे-धीरे बढ़ते गए और जैसे लोग जमीन बाँटते हैं, उसी तरह ये लोग शहर को भी बाँटने लगे कि यह मेरा ज्यूरिस्डिक्शन है, यह तुम्हारा ज्यूरिस्डिक्शन है। इसमें तुम काम करोगे, इस तरह वहां होने लगा और यह केवल अवैध हथियारों के कारण हुआ। इन अवैध हथियारों को हम लोग कंट्रोल नहीं कर पाएं, इसलिए यह सब हुआ।

मैं यह भी बताना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में अवैध हथियारों का सबसे बड़ा कारखाना, जैसा कि मैं नाम सुनता हूं और वह अभी भी होगा, वह बिहार में मुँगेर जिले में मिर्जापुर वर्धा एक जगह है, वहां है। यह सारी दुनिया को मालूम है कि मिर्जापुर वर्धा में सभी तरह के हथियार बनते हैं और वहां से ये बिकते हैं। लेकिन, फिर भी यह सब चल रहा है। इसके अलावा, जैसे बिहार में मुँगेर है, वैसे ही मध्य प्रदेश में खरगौन है। पिछले बीस-तीस सालों से मैं सुनता आ रहा हूं कि खरगौन में सब तरह के हथियार मिलते हैं। मेरठ के हमारे राजेन्द्र अग्रवाल जी बैठे हैं, मेरठ में यह होता है। हमारे शामली जिले का कैराना है, मुज़फ्फरनगर का जौला है। ये कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पर आप किसी भी तरह का

अवैध हथियार ले सकते हैं। हमारे देश में बाहर से भी अवैध हथियार आते हैं। अण्डर वर्ल्ड के पास पता नहीं कितने हथियार आए, उनके पास नेपाल तथा बंग्लादेश के रास्ते से हथियार आते थे। बहुत लोगों को मालूम होगा कि पाकिस्तान के पेशावर में दर्रा आदम खेल है। वहां दुनिया का सबसे बड़ा अवैध हथियारों का कारखाना है। वहां कारखाने ही कारखाने हैं। आपको किसी भी तरह का हथियार मिल सकता है। वहां से आप पिस्टल से लेकर, ए.के.47, मशीन गन तथा एंटी एयर क्राफ्ट तक खरीद सकते हैं। वहां से होकर बांग्लादेश तथा नेपाल के रास्ते हमारे देश में काफी अवैध हथियार आते हैं।...(व्यवधान)

मैडम, अभी मैं फर्स्ट स्पीकर हूं, इसलिए मुझे थोड़ा समय चाहिए। मेरा दूसरा मुद्दा है, कुछ जगह ऐसी है, जहां से डीएम तथा पुलिस के बिना जांच किए भ्रष्टाचार के तहत काफी लाइसेंस बनाने के केस सामने आए हैं। जम्मू एंड कश्मीर में भी इस तरह के बहुत लाइसेंस बने हैं। नागालैंड में भी इस तरह के लाइसेंस बने हैं। जम्मू एंड कश्मीर के बारे में सीबीआई का केस हुआ। केवल मुम्बई शहर के अंदर हम लोगों ने ऐसे 600 लाइसेंस पकड़े हैं, जिनको जम्मू-कश्मीर तथा नागालैंड से बनाकर लोग लाए हैं। मेरा कहना यह है, उसको असला बाबू बोलते हैं, जो डीएम के ऑफिस में रहते हैं। अभी राजेन्द्र अग्रवाल जी बोल रहे थे। यह इतना कमिटेड पोस्ट है कि इन मामलों में वहां बहुत भ्रष्टाचार होता है। हमें वहां ध्यान देने की जरूरत है कि इतनी गड़बड़ी क्यों होती है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि देश और समाज में जो खतरा अवैध हथियारों तथा नक्सली इंसर्जेंट से है, वे पुलिस तथा फौज पर हमला करने का दुस्साहस करते हैं। इनकी रोकथाम के लिए हथियार कानून में जो बदलाव लाया गया है, मेरा विश्वास है कि यह बहुत ही ज्यादा प्रभावी होगा।

सभापति महोदया, मेरे कुछ सुझाव भी हैं। माननीय मंत्री जी यहां पर बैठे हैं। पहला, प्रत्येक जिले तथा प्रत्येक राज्य में अवैध हथियारों के नियंत्रण के लिए एक इल्लीगल आर्म्स कंट्रोल सेल बनाना चाहिए। यह आज तक नहीं है। अवैध हथियारों के बारे में एक सेल बनाया जाए और उनको यह

काम दिया जाए कि इस देश के अंदर जितने भी अवैध हथियार हैं, उनकी अवस्थापना कीजिए। दूसरा, आर्म्स एक्ट में हथियार कानून के अंदर जितने भी आरोपी है, उनको एंटी सेपेटरी जमानत नहीं दी जाए। बिहार के अंदर इसके ऊपर एक एक्सपेरिमेंट हुआ। बिहार में उस समय डी.जी. अभयानंद जी थे। उस जमाने में उन्होंने कहा कि आर्म्स एक्ट के जितने भी केस हैं, ज्यादातर लोग आर्म्स एक्ट में पकड़े जाते हैं और जल्दी ही बेल पर वापस आ जाते हैं। उन्होंने जुडिशियरी से बात करके, अभी के जो मुख्य मंत्री है, उनसे भी बात करके इन सभी की जमानत कैंसिल की गई। इसके लिए बहुत ही फास्ट ट्रायल हुआ। अगर आप बिहार के वर्ष 2008, 2009 तथा 2010 के आंकड़ें देखें, मेरे पास सारे आंकड़े हैं। वहां कानून व्यवस्था इतनी अच्छी हुई है, केवलमात्र आर्म्स एक्ट के अंदर कानूनी कार्रवाई करने से बहुत हद तक स्थिति सुधरी है। केवल छह महीने के अंदर उनको सजा दी गई।

महोदया, मेरा एक और निवेदन यह है कि डीएम और एसपी की ए.सी.आर. में, उनके क्षेत्र में लोग यह सोचते हैं कि अरे, मेरे जुरिस्डिक्शन में अगर कोई हथियार बना रहा है तो उससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि ये लोग बाहर जाकर क्राइम करते हैं, उनके ए.सी.आर. में एक नोट लिखा जाए कि इल्लीगल हथियार के बारे में इन लोगों ने क्या किया है। जैसा मैंने कहा कि लाइसेंस बनाने के लिए हमें बहुत ही पारदर्शी व्यवस्था करनी चाहिए। मेरा एक और निवेदन यह है कि वर्ष 1984 में एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट पॉलिसी आई, हम बाहर से जो हथियार इम्पोर्ट करते थे, उस पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया। हमारे देश के अंदर अच्छी क्वालिटी के वेपन तथा स्मॉल आर्म्स नहीं बनते हैं। सरकार से मेरा निवेदन यह है कि क्या इस विषय पर पुनर्विचार करना चाहिए कि यह जो वर्ष 1984 इम्पोर्ट पॉलिसी है, उसको दोबारा शुरू किया जाए? इसके बारे में हमें विचार करना चाहिए।

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में जो रिवॉल्वर तथा पिस्टल बनते हैं, अगर उनकी कीमत भी थोड़ी रीजनेबल रखी जाए तो अच्छा रहेगा। अगर लोगों को आराम से हथियार मिलेगा तो वे इल्लीगल

आर्म्स की तरफ नहीं जाएंगे। आप लोगों ने एक लाइसेंस पर दो हथियार अलाऊ कर दिया तो मैं माननीय गृह मंत्री जी का उस बात के लिए बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।

अंत में, मैं आशा करता हूं कि इस देश के तेजस्वी गृह मंत्री जी के नेतृत्व में एक ऐसा देश बने, मैं अपनी बात एक उदाहरण से कहना चाहता हूं। महाभारत में एक उदाहरण आता है, भीष्म पितामह शर-शैय्या पर पड़े हुए हैं और युधिष्ठर उनके पास जाते हैं। युधिष्ठर उनसे उपदेश मांगते हैं कि भीष्म पितामह जी, मैं अभी राजा बन गया हूं, अब मुझे कुछ उपदेश दीजिए कि राज्य कैसे चलाया जाए। उन्होंने कहा कि

'स्त्रियश्च पुरुषांच मार्गं सर्वालंकार भूषिता ।
निर्भया प्रतिपद्यन्ते यदि रक्षित: भूमिप: ।।'

उन्होंने कहा कि जहां स्त्री और पुरुष सारे अलंकार पहन कर अगर सड़क पर जा सकते हैं, निर्भय होकर घूम सकते हैं, तब हम कहेंगे कि देश सुरक्षित है। हमारा देश ऐसा सुरक्षित बने। मेरा पूरा विश्वास है कि इससे अवैध हथियारों पर कंट्रोल होगा। ऐसे लोगों के लिए सजा बढ़ाई गई है और नियम में यह किया गया है।

मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात को विराम देता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI A. RAJA (NILGIRIS): Madam, thank you for giving me this opportunity to say a few words on the Arms (Amendment) Bill, 2019. There are two major changes. Apart from these two, the other change is that a number of firearms can be kept by a person. Firstly, the definition of new offences; secondly, enhancement of punishment. I want to mention a few international Conventions, out of which, I think, the Bill has come out.

There is a need to revisit the circumstances for bringing the Arms Act, 1959. The Bill, in the present context, is having a root in the United Nations Conventions. The illicit proliferation of firearms and misuse of them is a great curse in these hectic days. By reading this Bill, I can understand the circumstances for revisiting the Act. The circumstances are increasing the organised crimes by using illicit weapons; a growing number of licenses for arms, which need more regulations; and inadequate punishment for the offences committed for using the weapons. On these three footings, the Bill stands.

Madam, in 2001, the most intense effort came into existence through the United Nations. The United Nations Small Arms Conference was held in New York. The primary purpose was to consolidate and coordinate small arms initiatives and develop an agenda for action. The resolving agenda for action contains recommendations for various governments – national, regional and global – as to how to follow up roadmaps in this regard.

As part of this agenda, the United Nations have taken up the issue of small arms and proliferation of arms in the United Nations Security Council and the United Nations General Assembly. In consequence of these two incidents, the United Nations Security Council took cognisance and the United Nations General Assembly took cognisance. Over these issues, another Conference was comprehensively held in the name of the United Nations Conference on Illicit Trade and Light Weapons a year back, which resulted in an international Programme of Action (PoA) on Illicit Arms. It was decided in the Conference to have a clear and comprehensive set of laws, regulations and administrative procedures that covers all aspects of manufacture, transport, storage and disposal of arms. These are the pre-requests for an effective national response to an illicit proliferation and misuse of arms.

I hope, all these Conventions and deliberations in the Conventions might have been kept in mind by the Government while bringing this Bill. In that sense, broadly, I welcome the measures taken by the Ministry of Home Affairs. This is the Bill essentially needed in this context.

Coming to the Act, I would like to simply make two suggestions. Section 25 of this Bill gives a new definition for the organised crime syndicate, in which any person can be involved in an offence. “The Explanation – For the purpose of sub-sections (6) and (7) – ‘Organised crime’ means any continuing unlawful activity by any person, singly or collectively, either as a member of an organised crime

syndicate or on behalf of such syndicate, by use of violence or threat of violence or intimidation or coercion, or other unlawful means, with the objective of gaining pecuniary benefits – Madam Chairperson, please see 'pecuniary benefits' – or gaining undue economic or other advantage for himself or any person."

So, the sole intention of the Bill is to punish those people who are indulging in an unlawful act which was meant for pecuniary benefits, gaining undue economic or other advantage. My humble submission to the hon. Minister is that it should not be only advantages because, sometimes, the crime is not committed only for pecuniary advantages. The crime can be committed on the basis of the principle of antagonism against a person or a group. When someone's philosophy, principle or some policy does not suit the other person or a group of people, then a rivalry or a conflict occurs between them and a crime will be committed by both of them. That is not addressed in the Bill. I request the hon. Minister that this point must be kept in mind.

Madam, I have another small suggestion. Regarding the punishment, sub-section (9) says, "Whoever uses firearm in a rash or negligent manner in celebratory gunfire so as to endanger human life or personal safety of others shall be punishable with an imprisonment for a term which may extend to two years…". Madam, the offence may be by way of use of firearm in a rash or negligible manner. The celebratory gunfire in a celebration is in order to show strength; there is no intention to harm anybody but apprehension or threat may be there.

The Government has given the provision of punishment of two years. I think, seizure of licence, punishment for minimum six months, fine or something like that can be done for this purpose because punishment for two years is too much for a celebratory gunfire. So, my humble submission is that these two suggestions can be taken into consideration.

We are talking about the misuse of a weapon by an individual, but what about the misuse of a weapon by the armed forces? A person can be permitted to use a gun or a firearm for self-defence. What about the Government sponsored act by the armed forces or State police? One year ago, in Tamil Nadu, there was an agitation by the people against the Sterlite Plant as it was creating pollution. It might be known to everybody. A huge group of people protested to close the Sterlite Plant. It is a common cause. People were sitting peacefully in front of the Collectorate but the State police fired at the people, not following the norms prescribed under law; they aimed at particular persons who carried out the agitation for years together, those who were the leaders and who were the front runners in the agitation. The Police fired at them using the telescope. It is absolutely a brutal murder committed on the part of the State Government. The Chief Minister of Tamil Nadu did not give any condolences. He did not even admit either on the floor of the House or outside that there was a shooting at all. He simply said that thirteen persons were killed. So, this type of excess of power

which is used by the State’s armed forces must be regulated. Some provisions must also be brought into account. With these words, I commend the Bill.

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Madam, as far as the Arms (Amendment) Bill, 2019 is concerned, there is a new provision being sought to be made vide Clause 2*(ea)* for granting licences. But what are the guidelines for granting such licences? What would be the criteria? Who will get the licences? The guidelines for issuance of licence should be stricter. I find that the Bill which has been brought is in keeping with the judgment of the Supreme Court delivered in 2012.

I would like to seek some clarifications in this regard. Before that, I want to state a few facts. Seizure of illegal weapons increased by 11.5 per cent between 2014 to 2016. Seizure of arms is done under the Arms Act. I have the NCRB figures of illegal arms seized up to 2016. The State of Uttar Pradesh is at first position as far as unauthorised arms seizure is concerned with a total of 27,850 arms, that is 46 per cent of the total arms seized. Next comes Madhya Pradesh with 9,269. Then comes Rajasthan with 6,840. Then comes West Bengal with 3,311. Next comes Bihar with 2,821. So far, Uttar Pradesh and Jammu and Kashmir are the two top States in the country where respective District Administrations had issued more than three lakh gun licences.

Now, the question is, what should be the criteria to decide as to who will get the licence. About seven people are arrested every hour in India with illegal weapons. That is the situation obtaining in the country now. I would seek certain

clarifications now and request the Government to see if they could include the points in the rules in future.

It can be seen that private security agencies are seeking licences and they, in turn, are providing firearms to private security guards. The question is, whether private security guards who are carrying those firearms are authorised to do so. It has now become a status symbol for a few rich people, a few politicians or others to engage private security guards carrying firearms for their security. Who are these firearms issued to? They are not issued to a person to protect or guard any other person. Even when the police personnel carry firearms, they do not display them to be seen by the general public. But you can clearly see the private security guards going around with firearms. The impression that the general public gets is that these rich people are being protected by Black Cat commandos.

Let us assume one can use a firearm for self-defence. If one has hired a security person, and if he is attacked, though the private security person is usually not attacked, can he use a firearm? There must be check and balance. I would request the hon. Minister to look into this subject which is now a big phenomenon. They think that unless it is there, there is no status! Status has to be done away with.

My next concern is to have private security guards with arms. So far as the security agency is concerned, do you think that rules and acts permit to grant

such type of licences to any security agency who may gain say, 15, 20, or 30 per cent profit and give firearms for the purpose when it is being hired? This is a matter of great concern.

Illegal trading of arms business has been increasing. Today we find that even a child, not a minor child, is also carrying illegal arms. One month back, one incident happened, I have forgotten the name of the State. A minor boy had fallen in love with a girl. That girl loved another person. And that boy who was carrying the firearm killed the girl. How can such incidents be stopped?

Another point is this. U.P., Jammu & Kashmir, Patna, and Munger district of Bihar have become a hub of manufacturing illegal arms. Why is it so in the border areas? Border security forces are not very much proactive to seize illegally transported firearms. In the border areas, Border Security Force has to be vigilant. So, these are the places where it has to be done very seriously.

Now, Madam, I would like to point out that Azamgarh and Muzaffarnagar, Uttar Pradesh have acquired notoriety as manufacturing hubs. …(*Interruptions*)

माननीय सभापति: आप टोका-टोकी मत कीजिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI KALYAN BANERJEE: The gun that killed Gulshan Kumar was a made in Bamhaur. So, necessary steps should be taken in this context.

माननीय सभापति: आप बीच में क्यों बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)

मेरा निवेदन है कि कम से कम इसका रिनुअल डीएम के पास करवा दें क्योंकि उनको उतना ही कष्ट उठाना पड़ता है और प्रोसीजर भी लंबा हो जाता है। लाइसेंस तो होम सैक्रेट्री इश्यू करे लेकिन इसे रिन्यु डीएम करे, मेरा निवेदन है कि यह प्रोवीजन जरूर कीजिए।

महोदय, वैपन्स का इम्पोर्ट एलाऊ करना चाहिए। आप 500 परसेंट ड्यूटी लगाइए, लोगों को अच्छा वैपन मिलेगा और गवर्नमेंट को रेवेन्यू भी मिलेगा।

महोदय, राज्यवर्धन जी ने दो बातें कही हैं, एस्पाइरिंग स्पोर्ट्समैन को जरूर कुछ न कुछ रियायत दीजिए। पुलिस की फाइरिंग रेंजेज़ को एक बार खुलवा दीजिए, चाहे हफ्ते में एक बार ही हो। धन्यवाद।

SHRI S. JAGATHRAKSHAKAN (ARAKKONAM): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on this Bill, the Arms (Amendment) Bill, 2019 on behalf of DMK Party. I rise to oppose this Amendment Bill, 2019.

Indian Government is crawling back to colonial mindset by confining the rights of gun licence holder to one-gun theory. Right to have guns is one of the earlier freedoms outlined in the USA's Bill of Rights. Without guns in the hands of the people, all the other freedoms are easily negated by the State.

The firearms would be registered under the National Database Arms Licence, NDAL, and the Arms Licence Issuance System, ALIS, along with the owner's address, the type of the firearm, its serial number, etc. Those criminals who want to commit crimes will not and do not bother to purchase firearms legally and register them.

Authenticate evidence provided by the NCRB in its 2017 statistics detailing the occurrence of crime shows that more crimes happen due to unlicensed and untraceable weapon. So, there is no point in curtailing the rights of licence holders by the Government.

The strengthening of three-to-one gun theory by the Government is in no way going to address the root causes of crime-spiralling due to illegal firearms.

The Government should concentrate more on taking actions rather than on formulating laws.

The Government is indirectly making India less competitive in the global arena by limiting the quality and uniqueness of arms that could be manufactured within India.

Thank you very much.

SHRIMATI MALA ROY (KOLKATA DAKSHIN): The bell seeks to decrease the number of licenced firearms allowed per person and increase penalties for certain offences under the Act. It also introduces new categories of offences.

The Bill provides for punishment for holding unlicensed firearms. That is a good step. But what are the measures being taken by the Government to stop smuggling of arms and ammunition into the country?

16.00 hrs

Until March, 2019, the police had seized 174 illegal firearms and more than 2,000 live cartridges from various individuals in Delhi alone. The Government has to define what a firearm is. There are various sporting facilities across the country where competitive sport is practised in the field. Will they be affected as well? What are the provisions for the same?

The Bill proposes the tracking of firearms and ammunition, which is a good step. But who guards the guard? Will the privacy of people holding firearms not be compromised?

There has to be a holistic mechanism for the collection and protection of data. The Government has still not tabled the Data Protection Bill in Parliament.

The Bill prohibits using firearms in celebratory gunfire which is a good step. But there has to be provision for banning the using of arms for other acts like a farmer using a licensed gun to ward off animals from his crops.

The Government in 2016 had claimed that demonetisation would kill terrorism. To counter that, requires holistic policies and strong action; and far-reaching and overarching legislation is also required.

In this context, what has the Government done to curb terror? Has demonetisation reduced the number of terror activities by stemming the flow of illegal cash? Has the Government found out the number of attacks post the announcement of demonetisation? Thank you.

*__SHRI HEMANT PATIL (HINGOLI):__ Hon'ble Chairman Sir, Thank you, very much. The Bill which has been brought here is very necessary in the backdrop of increasing criminal activities and illegal weapon trade in our country. Some restrictions would be imposed on the licensed arms holder through this Bill. But, I would like to request you to kindly reconsider it as the arms licence holder has to pass through rigorous and very strict screening process. He has to fulfill all the terms and conditions and submit all the necessary papers before getting the licence.

Through this Bill, you are going to restrict only two arms at a time. Many families and even freedom fighters have got more than two weapons. Our country is known as warriors country and we belong to this martial race. Many of us have old weapons as our ancestral property. What would we do with traditional , ancestral and inherited weapons? That is a question which should be answered. So, I have a request. We have banned import of weapons since 1984. We have arms factories at Kolkata and Ambarnath. But the weapons manufactured in these factories are of substandard quality and it takes a lot of time to repair these weapons once they got malfunctioned.

* English translation of the Speech originally delivered in Marathi

16.04 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

So, it is my request to you that import of foreign made weapons should be allowed. Necessary taxes should also be levied on the imported arms. Secondly, all the MPs who have been elected by 15-20 lakh people should be allowed to keep weapons and latest and sophisticated weapons should also be allowed to import. You can see that illegal arms factories and illegal arms trade is on rise in our country.

I want to congratulate you for bringing some strict norms. Lastly, I would like to request you that this Bill should be referred to a Joint Select Committee and weapons import policy should be revisited.

Thank you.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, a number of suggestions have already come on the Bill. So, I will delve into a little bit of its history.

It was with the Central Asia marauders who attacked India 1,200 years ago, and they brought gunpowder into this country, which actually changed our history to a very great extent. The first use of gunpowder was demonstrated in a very large scale in the First Panipat War where a very small contingent of the marauders from Central Asia changed the total history of our country. It was gunpowder because before that whatever war was being fought was with strength, swords and other things, but with canon, pistol or whatever names it was being called during that time, it was the changing factor.

Subsequently, after 500 years, it was the colonial powers from the European countries who traded firearms with our Kings and rulers of this country, and that actually changed our position to a very great extent. Subsequently, it became something, which we should possess for our protection and that is why a lot of advancement has been made in-between where technology has grown, fire power has also increased and sophistication also increased, which has led to illegal firearms. This is the reason why there is restriction in our country to contain the use of firearms to a very great extent.

I believe, that with this licensing policy that the Government has made during the last so many decades, it is necessary that we should not put more

restrictions on the licensing mechanism. Rather, more stringent action should be taken against illegal fire arms dealers. This is the reason why public order and Police, as being a State subject, a number of States have already been consulted. I would suggest that to curb illicit trade of fire arms, offenders of this should be dealt with full force.

The National Database of Arms License – Arms License System (NDAL-ALIS) has been created by the Government. As per NDAL-ALIS portal, 36,64,762 arms licenses were registered, and creation of a national database is actually to maintain a total list at the centralised-level of the licenses issued by the Central and State Governments, and by law-enforcing agencies in connection with it.

My only contention here is that the Home Ministry has proposed stringent punishment including jail till death for those illegally manufacturing prohibited arms. This reminds us about Mr. T. N. Seshan, who passed away very recently. We used to see on TV news channels the manner in which illegal arms were being used to subvert our election processes, but after Mr. T. N. Seshan's strict enforcement of the law, to a great extent, our elections are being conducted in a better manner, which has got recognition throughout the world.

The Bill covers five new areas, namely, illegal trafficking of arms, tracking arms and their component from manufacturers to end-users, organised crime, organised crime syndicates and celebratory firing. Here, it has sought to amend

Section 25 (1AA) of the Act to give a punishment from the usual life term of 14 years to imprisonment for the remainder of that person's natural life.

I would only mention something relating to the worry that was mentioned in this House by one of our hon. Members. There are a lot of worried people in the shooting sports community in India, and their anxiety is that it limits the number of weapons, which will hit new and emerging talent. The first weapon that one may buy is for safety, and then they buy a sports weapon. Therefore, I would request the Government, through you, Sir, that adequate steps need to be taken to encourage the sporting activity relating to shooting, which has brought a lot of laurels for this country.

With these words, I support the Bill. Thank you very much.

श्री अमित शाह: अध्यक्ष जी, आयुध संशोधन विधेयक, 2019 पर इस सम्मानित सभागृह के बहुत सारे सदस्यों ने चर्चा की है। श्रीमती परनीत कौर, डॉ. सत्यपाल सिंह जी, श्रीमान राजा जी, श्री कल्याण बनर्जी जी, श्री जी. माधव जी, श्री सामंत जी, श्री अरविंद जी, श्री श्याम सिंह यादव जी, श्री महाबली सिंह जी, श्री के. प्रभाकर रेड्डी जी, श्री दादासाहब पाटील, श्री एस. टी. हसन जी, कर्नल राज्यवर्धन राठौर, श्री ओवैसी जी, श्री जगबीर सिंह जी, श्रीमती माला राय, श्री हेमंत पाटिल जी, श्री भर्तृहरि महताब जी आदि सदस्यों ने अपने-अपने विचार इस विधेयक पर व्यक्त किए हैं। भारत के संविधान में आर्म्स, फायर आर्म्स, एम्युनिशन और एक्सप्लोजिव्ज संघ सूची यानी यूनियन लिस्ट में हैं। कुछ सदस्यों ने यह विचार व्यक्त किया कि कहीं राज्यों के अधिकार तो केंद्र सरकार नहीं ले रही है। यह शुरू से सैंट्रल एक्ट है और इस एक्ट के तहत राज्यों को भी अपने राज्य की सीमा के अंदर लाइसेंस देने का अधिकार प्राप्त है। इस बिल से किसी भी राज्य का कोई अधिकार छीना नहीं जाने वाला है। शस्त्र और गोला बारूद का नियंत्रण करना किसी भी देश की सुरक्षा के लिए, कानून और व्यवस्था की स्थिति को ठीक करने के लिए बहुत जरूरी होता है। मैं मानता हूं कि इसका प्रभावी नियंत्रण करना भी बहुत जरूरी होता है और यह प्रभावी नियंत्रण करने के लिए मैं संशोधन लेकर इस महान सदन के सामने उपस्थित हुआ हूं।

अध्यक्ष जी, भर्तृहरि जी ने थोड़ा पीछे जाकर बात कही और यह बात सही है कि पहली बार अंग्रेजों ने एक कानून सन् 1857 की क्रांति के बाद बनाया था। सन् 1857 की क्रांति में देश की आजादी के ढेर सारे मतवालों ने अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए सशस्त्र आंदोलन किया। एक लड़ाई छिड़ी, एक जंग छिड़ी और बहुत लम्बी भी चली, लेकिन अंततोगत्वा हम पराजित हुए और अंग्रेजों की जीत हुई। मगर जैसे ही कम्पनी के हाथ से राज्य जाने के बाद ब्रिटिश ताज का राजा आया, उन्होंने सैन्य बलों को मार्शल तथा गैर मार्शल केटेगरी के अंदर पुन:व्याख्यित किया, पुन:गठित किया। उसके बाद उन्होंने सबसे पहला नियम वर्ष 1860 में बनाया, जो बाद में भारतीय सशस्त्र अधिनियम

1878 के नाम से जाना गया। ये दोनों कानून, पहले नियम और बाद में कानून, दोनों सन् 1857 की क्रांति का ही नतीजा थे, क्योंकि अंग्रेज चाहते थे कि उनकी अनुमति के बगैर देश की जनता के हाथ में कहीं पर कोई हथियार या गोला बारूद न रहे और इस प्रकार उन्हें निकालने का ऐसा सामूहिक प्रयास फिर से न हो। जब यह कानून आया, तब यह अधिनियम ब्रिटिश आधिपत्य और शासक वर्ग के हितों और उनके शासन की रक्षा के लिए आया था। मूल कानून का उद्देश्य यही था और जब महात्मा गांधी जी ने इस देश में आजादी की लड़ाई छेड़ी, तब गांधी जी ने इस मुद्दे को देश के अधिकार के साथ जोड़ा। प्रथम विश्व युद्ध की भर्ती के पैम्फ्लेट में महात्मा गांधी जी ने विरोध किया था कि इतिहास इस अधिनियम को पूरे राष्ट्र के लोगों को हथियारों से वंचित रखने का कदम सबसे काला अध्याय मानेगा। तब गांधी जी ने आर्म्स एक्ट को निरस्त करने की मांग भी की थी और उस समय इस परिप्रेक्ष्य में यह मांग हुई थी कि अंग्रेजों ने इस देश की सारी जनता का निशस्त्रीकरण करने का इसलिए प्रयास किया था कि सन् 1857 जैसी क्रांति कभी न हो।

वर्ष 1926-1927 में आर्म्स एक्ट के सत्याग्रह के रूप में नागपुर के अंदर एक आंदोलन भी छेड़ा गया और 1930 में इरविन को लिखे 8 बिन्दुओं के जो गांधी जी के पत्र थे, गांधी जी ने 8 बिन्दुओं को, इस देश की जनता, इसके सम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक बनाया और उन बिन्दुओं में से एक बिन्दु हथियार धारण करने का अधिकार भी था। गांधी जी ने जब इरविन को पत्र लिखा, तब कहा था कि सन् 1857 के अंदर जब क्रान्ति हुई, तब इसके बाद समूचे देश का निशस्त्रीकरण कर दिया और आपने हमारा यह अधिकार हमसे छीना है। मगर जब आज़ाद हुए, हम जब अपना संविधान बनाने बैठे, संविधान सभा की जब बैठक हुई, उस वक्त इस इतिहास को भी संविधान सभा में दोहराया गया और कहा गया कि अब तो हमारा शासन है। जनता के हथियार जनता के पास रहें, इसमें क्या आपत्ति हो सकती है और यह हमारी आज़ादी के आंदोलन का मुद्दा भी रहा है। तब इसको हटा लेना चाहिए था। एक्ट को रिपील कर देना चाहिए था, नए संविधान में इसको जगह देनी चाहिए। मगर बहुत सारी चर्चा

के बाद डॉ. अम्बेडकर की सिफारिश पर इसको नये सिरे से खारिज़ किया गया और कहा गया कि चूंकि अब हमारा शासन है, इसलिए किसी को भी स्वतंत्रता संग्राम करने की जरूरत नहीं है। जनता की रक्षा का दायित्व खुद की चुनी हुई सरकार का है। इसलिए अब इस एक्ट का तत्कालीन कोई महत्व नहीं रहता। मतलब आज़ादी की दृष्टि से देखने का महत्व नहीं रहता, क्योंकि हम आज़ाद हैं। अगर एक चुनी हुई सरकार ही जनता की रक्षा करती है तो फिर शस्त्र की जरूरत इसलिए नहीं है, क्योंकि अब किसी को अपनी स्वतंत्रता के लिए संग्राम ही नहीं करना है और उसके बाद शस्त्र, आग्नेयास्त्र, गोला बारूद और विस्फोटक संविधान की 7वीं अनुसूची की पहली लिस्ट में संघ की सूची में सं. 5 पर शामिल किया गया। इस प्रकार से केन्द्रीय कानून चला है।

शस्त्र अधिनियम 1959 लागू हुआ। शस्त्र के निर्माण, विक्रय, आयात-निर्यात, सब प्रावधान इसके अंदर फिर से लिए गए और लगभग तीन दशक के बाद 1988 में सांप्रतिक परिस्थितियों के आधार पर इसकी समीक्षा की गई। आज उसके बाद पहली बार श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार इसके अंदर संशोधन लेकर आई है। अब मैं संशोधन के जो बिन्दु हैं, उनको थोड़ा बताना चाहूंगा कि संशोधन से क्या उपलब्धियां होंगी।

खिलाड़ियों पर संशोधन का असर आएगा, ऐसी चिंता कुछ माननीय सदस्यों ने व्यक्त की है। कुछ सदस्य मुझसे भी मिले हैं। श्रीमान् राज्यवर्धन भी खिलाड़ियों की चिन्ता करते हुए मुझसे मिले हैं। मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं कि खिलाड़ियों को जो हथियारों की संख्या दी गई है, उसमें लाइसेंसों का अलग-अलग प्रकार और शस्त्र दोनों में वृद्धि की गई है। कहीं पर कटौती नहीं की गई है। इसलिए किसी भी खिलाड़ी को खेल के लिए, शूटिंग की प्रैक्टिस के लिए, किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसकी पूरी चिन्ता इस संशोधन के अंदर हमने की है। पहले सिर्फ .22 बोर की राइफल और एयर राइफल दी जाती थी। अब अलग-अलग शस्त्र देने का भी प्रावधान किया गया है। अल्टीमेटली जो प्रस्थापित खिलाड़ी हैं, उनके लिए 2+7 शस्त्रों का प्रॉविजन हमने किया है। जूनियर खिलाड़ी जो प्रैक्टिस में जाने

वाले हैं, सबके लिए अलग-अलग प्रावधान किया है। इसलिए इसकी किसी को चिन्ता करने की जरूरत नहीं है।

सैन्यबल के रिटायर्ड अधिकारी और सर्विस में जो अधिकारी हैं, उनको भी चिन्ता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके प्रॉविजन के अंदर भी किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। उनके प्रॉविजन को भी as it is रखा गया है। पूर्व सैनिकों को भी इसकी चिन्ता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे एक जिम्मेदार नागरिक हैं।

अधिनियम की धारा 5,6 और 11 के उल्लंघन में आग्नेय अस्त्र और गोला बारूदों के अवैध निर्माण, विक्रय और सम्परिवर्तन आयात-निर्यात, गैर-कानूनी आयात-निर्यात के लिए पहले जो सज़ा का प्रावधान था, उसमें हम बढ़ोतरी कर रहे हैं। मैं नहीं मानता कि इस सदन में किसी को आपत्ति हो सकती है। जो गैरकानूनी हथियार बनाते हैं, बेचते हैं, इसकी तस्करी करते हैं और उसको देश से बाहर निर्यात करते हैं, उनको आजीवन कारावास तक की सजा मिले, सात वर्ष से आजीवन कारावास तक, जो जज साहब न्याय करेंगे, उनकी मुंसिफी पर छोड़ कर, सात साल से आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। मैं मानता हूं कि इसमें किसी को आपत्ति होने का सवाल नहीं है। प्रतिबंधित शस्त्र और प्रतिबंधित गोला बारूद को अपने कब्जे में रखने के लिए भी पांच साल से दस वर्ष तक की कारावास की जगह सात वर्ष से चौदह वर्ष तक की कारावास का हमने प्रावधान किया है और 25(1) को संशोधित किया है। उन मामलों में, जो शस्त्र पुलिस बल से छीन लिए जाते हैं, कहीं पर नक्सलवादी एरिया है, सरहदी एरिया है, वहां पर पुलिस के शस्त्र चुरा लिए जाते हैं, छीन लिए जाते हैं, इन सभी में भी आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है और 25(क)(ख) में इसका संशोधन किया है।

मान्यवर, यह इसलिए बेहद जरूरी है कि कई नक्सल, वामपंथी और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में यह नजर में आया है कि वे पुलिस स्टेशन पर रेड कर देते हैं, सारे हथियार उठा कर ले जाते हैं और उसी का उपयोग राज्य सरकार एवं पुलिस के सामने होता है। सेना के हथियार भी चुरा लिए जाते हैं और छीनने का भी प्रयास होता है। ऐसे सारे लोगों के लिए, जो पहले छ: साल की सजा थी, उसमें हम ने बहुत बढ़ोतरी की है। जो अवैध रूप से उसका निर्माण करते हैं, उनके लिए भी महत्तम आजीवन कारावास तक की सजा को हम ने बढ़ाया है। अभी तो परिस्थिति ऐसी थी कि कोई एक देसी पिस्तौल, कट्टा रखता है और चलाता है तो उसको भी तीन साल तक की सज़ा और जो बनाता है, उसको भी 3-7 साल की सज़ा है। मैं मानता हूं कि जिसके पास वह है, वह तो विक्टिम है, असली गुनाहगार कट्टा बनाने वाले हैं, अवैध हथियार बनाने वाले हैं, जिनके लिए आजीवन कारावास का प्रोविजन किया गया है। विभिन्न छोटे अपराधों के लिए एक वर्ष से तीन वर्ष की सजा के स्थान पर दो-पांच वर्ष तक की सजा का भी प्रावधान किया है। संगठित अपराध और सिंडिकेट को हथियार सप्लाई करने के लिए, जो आतंकवादी ग्रुप है, नक्सलवादी प्रवृत्ति के लोग हैं और संगठित अपराधी हैं, जो उनको हथियार सप्लाई करते हैं, हम ने उनके लिए भी आजीवन सजा का प्रावधान किया है। जिससे उनको बेल न हो पाए और कठोर सजा का प्रावधान जरूरी है। जहां तक लाइसेंस के रिन्युअल का प्रश्न है तो उसे तीन साल से पांच साल कर दिया गया है, जिसके कारण सभी की रिन्युअल की दिक्कत कम हो जाएगी। लाइसेंस को इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में भी रखने की व्यवस्था की गई है, जिससे हम नकली लाइसेंस एवं अन्य चीजों पर कंट्रोल कर पाएंगे। बाकी अन्य चीजों के लिए भी जो उचित बदलाव थे, इस संशोधन में किए गए हैं। हम ने इस बिल को लगभग एक महीने पहले गृह विभाग की वेबसाइट पर सार्वजनिक रखा था, इस पर बहुत सारे संशोधन आए हैं। बहुत माननीय सदस्य मुझसे व्यक्तिगत तौर पर भी मिले हैं। माननीय अध्यक्ष जी के सामने बिल की चर्चा करने की आपने बहुत अच्छी परंपरा बनाई है, उस वक्त भी सभी लोगों ने सुझाव रखा था कि एक लाइसेंस कम है, हमारे पास तीन-तीन शस्त्र हैं, थोड़ा छीन

लें, लेकिन तीन की जगह एक का प्रावधान न करें। थोड़ी प्रैक्टिकल डिफिकल्टी भी बताई गई थी। जो खेत में रहते हैं, गांव में रहते हैं, वहां बड़ा हथियार चाहिए, शहर में दो नाली गन लटका कर नहीं जा सकते हैं, वह अच्छा नहीं लगता है, तो मिनिमम दो हथियार होने चाहिए।

मान्यवर, सभी की बातों को सम्मान देते हुए मैं एक अधिकृत संशोधन भी लेकर आया हूं, हम एक हथियार की जगह, दो हथियार रखने का प्रावधान लेकर आए हैं।

मान्यवर, सभी सम्मानीय सांसदों ने यह दलील दी थी कि लाइसेंस वाले हथियार से कभी हत्या नहीं होती है। मैं थोड़े तथ्य सदन के सामने रखना चाहता हूं, क्योंकि हमारा जो इम्प्रेशन है, हमें उसको बदल देना चाहिए। उत्तर प्रदेश के अंदर 4,848 हत्याओं में से अवैध हथियार से 1,302 हत्याएं हुईं और लाइसेंसी हथियार से 191 हत्याएं हुईं। ऐसा नहीं है कि उनसे हत्याएं नहीं होती हैं। मैं सिर्फ वर्ष 2016 की बात कर रहा हूं। बिहार के अंदर लाइसेंधारी हथियार से 12 हत्याएं हुई हैं, हमें इसे बहुत बड़ी संख्या माननी चाहिए। झारखण्ड में भी लाइसेंसी हथियार से 14 हत्याएँ हुई हैं। मैं मानता हूँ कि 14 लोगों की जान जाना कम नहीं है।

मान्यवर, एक जमाना था, जब पुलिस स्टेशन, पुलिस थाने 50-50 किलोमीटर की दूरी पर होते थे, बहुत दूर होते थे। पुलिस तक पहुँचने में दिक्कत होती थी, पुलिस तक कम्युनिकेशन में भी दिक्कत होती थी। अब बहुत-से नम्बर्स भी बने हैं। सूचना की अलग-अलग व्यवस्थाएँ बनी हैं। देश में पुलिस तक पहुँचने की रेंज, ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा-से-ज्यादा, मैं ज्यादा-से-ज्यादा कह रहा हूँ, आधे घंटे की है और शहरी क्षेत्रों में 10 मिनट की है। इसलिए आजादी के समय से हथियार रखने की जरूरत अब काफी कम हुई है। मैं मानता हूँ कि यह कानून आने के बाद, जो लोग सेलेब्रिटी फायरिंग करते थे, जिसे हर्ष फायरिंग कहते हैं, किसी की शादी है, तो धड़ाधड़ हवा में फायरिंग करते हैं, कोई चुनाव जीतता है, तो हवा में फायरिंग कर देते हैं, कोई धार्मिक उत्सव है, तो भी हवा में फायरिंग कर देते हैं। इसके कारण वर्ष

2016 में 169 लोगों की जानें गईं। हर्ष फायरिंग बहुत ही गंभीर चीज थी। इसमें भी हमने सजा का प्रावधान कर दिया है और हर्ष फायरिंग करने वालों को अब जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ेगा।

मैं मानता हूँ कुल मिलाकर हथियारों की अवैध तस्करी, स्वचालित हथियार, पहले कट्टा मिले या ए.के. 47 मिले, इसके लिए लगभग समान सजा थी। अब तस्करी में ए.के. 47 मिलेगी, तो आजीवन कैद हो जाएगी। ऐसे ढेर सारे समयानुकूल बदलाव मैं लेकर आया हूँ। यह ऐसा बिल है कि जिसे पॉलिटिकल पक्षपात से ऊपर उठकर देश भर में कानून-व्यवस्था को ठीक करने के लिए यह बिल है। इसलिए सभी लोग इसका समर्थन करें। मैं ऐसी विनती करते हुए, अपनी बात को समाप्त करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

> "कि आयुध अधिनियम, 1959 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए। "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: अब सभा विधेयक पर खण्डवार विचार करेगी।

Clause 2 ***Amendment of Section 2***

माननीय अध्यक्ष: प्रो. सौगत राय - उपस्थित नहीं।

श्री सुरेश कोडिकुन्निल, क्या आप संशोधन संख्या 29 मूव करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, I beg to move:

Page 1, line 10,–

after "form"

insert "which is duly authorized and digitally endorsed and is subject to express revocation upon violation of conditions for issue of licence and eligible for reissue". (29)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री सुरेश कोडिकुन्नील द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 29 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 3 ***Amendment of Section 3***

संशोधन किए गए:

पृष्ठ 2, पंक्ति 5,-

"एक अग्न्यायुध" के स्थान पर

"दो अग्न्यायुध" प्रतिस्थापित करें। (54)

पृष्ठ 2, पंक्ति 9,-

"एक" के स्थान पर

"दो" प्रतिस्थापित करें। (55)

पृष्ठ 2, पंक्ति 10,-

"कोई एक" के स्थान पर

"कोई दो" प्रतिस्थापित करें। (56)

पृष्ठ 2, पंक्ति 10,-

"अग्न्यायुधों" के स्थान पर

"अग्न्यायुध" प्रतिस्थापित करें। (57)

पृष्ठ 2, पंक्ति 18,-

"एक अग्न्यायुध" के स्थान पर

"दो अग्न्यायुध" प्रतिस्थापित करें। (58)

(श्री अमित शाह**)**

माननीय अध्यक्ष: श्री अधीर रंजन चौधरी, क्या आप संशोधन संख्या 3 मूव करना चाहते हैं?

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मैं मंत्री जी के समक्ष एक छोटी-सी बात रखना चाहता हूँ। …(व्यवधान) बात यह है कि आपने इसमें पनिशमेंट के सारे इंतजाम किए हैं। सब ठीक है। लेकिन मान लीजिए कोई लोकल पुलिस इसका मिसयूज़ करते हुए, इसका एब्यूज़ करते हुए पकड़ा गया, मान लीजिए कोई आपके हाथ में एक आर्म थमा देता है, तो वह क्या करेगा?

पृष्ठ 2, पंक्ति 19 के पश्चात्,-
"परंतु यह और कि जहाँ केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुज्ञप्त अथवा मान्यता प्राप्त किसी राइफल क्लब या राइफल एसोसिएशन को कोई अनुज्ञप्ति अनुदत्त की गई है, वह व्यक्ति तीन अग्न्यायुध को रख सकता है।"
अंत:स्थापित करें। (3)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा खंड 3 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 3 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रो. सौगत राय - उपस्थित नहीं।

श्री विनायक भाऊराव राऊत, क्या आप संशोधन संख्या 26 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): माननीय अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने तीन अग्न्यायुधों के स्थान पर दो अग्न्यायुधों का प्रावधान किया है, इसलिए I am not moving.

माननीय अध्यक्ष: श्री सुरेश कोडिकुन्नील, क्या आप संशोधन संख्या 30 मूव करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH: Sir, I beg to move:

Page 2,*for* line 6,–

substitute “him none of such firearms and shall deposit, within thirty days from such”. (30)

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: श्री भर्तृहरि महताब, क्या आप संशोधन संख्या 44 और 45 मूव करना चाहते हैं?

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, the Minister has given an exhaustive answer. My only concern here was rifle club or rifle association licenced or recognised by the Central Government using a point 22 bore rifle or an air rifle for target practice. अगर आप इस अनुष्ठान को रेकग्नाइज करते हैं, तो उनके लिए भी यह व्यवस्था होनी चाहिए।

Sir, I am not moving amendments no. 44 and 45 to Clause 3.

माननीय अध्यक्ष: श्री जसबीर सिंह गिल, क्या आप संशोधन संख्या 50 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI JASBIR SINGH GILL (KHADOOR SAHIB): I beg to move:

Page 2, *after* line 14,--

insert “Provided also that the provisions of sub-section (2) of section 3 shall apply to those applicants who apply for arms licence after the coming into force of this Act.”. (50)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा खंड 3 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 50 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि खंड 3, यथा संशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

खंड 3, यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 4 ***Amendment of Section 5***

माननीय अध्यक्ष: श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 7 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I beg to move:

Page 2, line 16, --

after "procure,"

insert "possess,". (7)

Hon. Speaker, Sir, I did not speak on the Bill. It is a very positive and valid amendment. The hon. Minister may kindly see that the words 'manufacture', 'obtain', and 'procure' are there in the Bill. My only amendment is that there is a difference between 'procurement' and 'possession'. So, my amendment is 'manufacture', 'obtain', and 'procure' and 'possess'. Even possessing a weapon more than what is stipulated will also be punishable.

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 7 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: श्री कोडिकुन्नील सुरेश, क्या आप संशोधन संख्या 31 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH: I am not moving amendment no. 31 to Clause 4.

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि खंड 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
खंड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया।
खंड 5 और 6 विधेयक में जोड़ दिए गए।

Clause 7 *Amendment of Section 13*

माननीय अध्यक्ष: श्री कोडिकुन्नील सुरेश क्या आप संशोधन संख्या 32 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH: I beg to move:

Page 2, line 23, --

after "firearm"

insert ", including point 22 bore pellet guns or air rifles". (32)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा खंड 7 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 32 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि खंड 7 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

खंड 7 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 8 ***Amendment of Section 15***

माननीय अध्यक्ष: श्री जसबीर सिंह गिल, क्या आप संशोधन संख्या 4 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI JASBIR SINGH GILL : I beg to move:

Page 2, line 26,--

for "five"

substitute "ten". (4)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा खंड 8 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 4 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 8 और 9 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: I am not moving amendments no. 8 and 9 to Clause 8.

माननीय अध्यक्ष: प्रो. सौगत राय - उपस्थित नहीं।

श्री विनायक भाउराव राऊत, क्या आप संशोधन संख्या 27 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

श्री विनायक भाउराव राऊत: मैं संशोधन संख्या 27 को प्रस्तुत नहीं करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय, हमारी मांग थी कि रिन्यूअल के बारे 3 साल से 10 साल तक बढ़ाइए, लेकिन मंत्री महोदय ने 3 साल से 5 साल तक का प्रावधान किया है।

माननीय अध्यक्ष: श्री कोडिकुन्नील सुरेश, क्या आप संशोधन संख्या 33 और 34 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH: Sir, I am not moving amendments no. 33 and 34 to Clause 8.

माननीय अध्यक्ष : श्री टी.एन. प्रथापन, क्या आप संशोधन संख्या 46 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI T. N. PRATHAPAN (THRISSUR): I beg to move:

Page 2, line 26,--

for "five"

substitute "six". (46)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री टी.एन. प्रथापन द्वारा खंड 8 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 46 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: श्री जसबीर सिंह गिल, क्या आप संशोधन संख्या 51 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI JASBIR SINGH GILL: I beg to move:

Page 2, line 26,--

for "five years"

substitute "ten years". (51)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा खंड 8 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 51 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि खंड 8 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

खंड 8 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 9 ***Amendment of Section 25***

माननीय अध्यक्ष : श्री अधीर रंजन चौधरी, क्या आप संशोधन संख्या 5 और 6 को प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY: Sir, I beg to move:

"Page 3, *omit* lines 4 to 7." (5)

"Page 3, *after* line 12, --

insert "Provided that the prosecution must prove beyond reasonable doubt that the person has actually taken the firearm from the police or armed forces by using force."." (6)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा खंड 9 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 5 और 6 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचंद्रन, क्या आप संशोधन संख्या 10 से 16 को प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, I am moving amendment Nos. 10 and 16; I am not moving rest of the amendments. The Government should take into consideration, 'procure' and 'posses' at least in the future.

I beg to move:

"Page 2, line 37,--

after "procure"

insert ", possess"." (10)

"Page 3, line 29, --

after "procure"

insert "possess,"." (16)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन.के. प्रेमचंद्रन द्वारा खंड 9 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 10 और 16 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

श्री अरविंद सावंत जी, क्या आप संशोधन संख्या 28 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH): Sir, the hon. Minister has given a satisfactory reply. Hence, I am not moving the amendment.

माननीय अध्यक्ष: श्री कोडिकुन्नील सुरेश, क्या आप संशोधन संख्या 35 से 42 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH: Sir, I am not moving my amendments.

माननीय अध्यक्ष: श्री टी.एन. प्रथापन, क्या आप संशोधन संख्या 47 से 49 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI T. N. PRATHAPAN: Sir, I beg to move:

"Page 2, lines 42 and 43, --
for "imprisonment for life"
substitute "twelve years"." (47)
"Page 3, line 3, --
for "seven years but which may extend to fourteen years"
substitute "five years but which may extend to eleven years"." (48)
"Page 3, line 30,--
after "transfer,"
insert "assemble,"." (49)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री टी.एन. प्रथापन द्वारा खंड 9 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 47 से 49 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष: श्री बैन्नी बेहनन, क्या आप संशोधन संख्या 52 और 53 को प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): Sir, I beg to move:

"Page 3, line 46,--

for "economic or other advantage"

substitute "economic or any other illegal or immoral purpose to the advantage"." (52)

"Page 4, *after* line 20,--

Insert "Provided that in case of death or injury caused by the use of firearm in celebratory gunfire in rash or negligent manner, the person guilty of the offence

shall, in addition to above punishment, be also liable to pay a compensation of rupees twenty lakhs in case of death and two lakhs in case of injury to the kin of victim or the victims, as the case may be"." (53)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री बैन्नी बेहनन द्वारा खंड 9 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 52 और 53 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 9 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 9 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 10 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 11 ***Amendment of Section 44***

माननीय अध्यक्ष: श्री कोडिकुन्नील सुरेश, क्या आप संशोधन संख्या 43 को प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH: Sir, I am not moving my amendment.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 11 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 11 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक, यथा संशोधित, पारित किया जाए।

श्री अमित शाह : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक, यथा संशोधित, पारित किया जाए।"

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक, यथा संशोधित, पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

16.38 hrs

CITIZENSHIP (AMENDMENT) BILL, 2019

माननीय अध्यक्ष : आइटम नंबर 20.

माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी।

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि नागरिकता अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

अध्यक्ष महोदय, आज इस महान सदन के सामने मैं एक ऐतिहासिक विधेयक लेकर उपस्थित हुआ हूं। इस विधेयक को इस महान सदन की अनुशंसा मिलने के बाद ही लाखों-करोड़ों लोग यातनापूर्ण जीवन से मुक्त हो जाएंगे और सम्मान के साथ भारत के नागरिक बनेंगे।

मान्यवर, आज सुबह बहुत सारी चर्चा हुई थी कि इससे किसी को सिंगल-आउट करने की बात है, किसी के साथ अन्याय करने की बात है, कोई पॉलिटिकल एजेंडा चलाने की बात है। मान्यवर, मैं फिर से एक बार स्पष्ट करना चाहता हूं कि अगर कोई मेरी बात को ध्यान से सुनेगा और इस विधेयक को फिर से पढ़ेगा, मैं इस सदन को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा, अगर होगा तो न्याय ही होगा और उन लोगों के साथ न्याय होगा जो 70-70 साल से न्याय की राह देख रहे हैं।

मान्यवर, पॉलिटिकल एजेंडा की बात की गई है, तो पॉलिटिकल एजेंडा क्या होता है? हम चुनाव में जाते हैं। हम बहुपक्षीय संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में जीते हैं। हर पार्टी अपना-अपना घोषणा-पत्र घोषित करती है और घोषणा-पत्र को जनता के सामने रखती है, उसका प्रचार करती है। घोषणा के बिन्दुओं को सारे देश की जनता के सामने, सारे प्रत्याशी, सभी पार्टी के लोग रखते हैं। इसके आधार पर एक जनमत की निर्मिती करते हैं और निर्मित हुआ जनमत अपनी सरकार का चयन करता

है। इसमें पॉलिटिकल एजेंडा क्या है? यह संवैधानिक प्रक्रिया है। हर राजनीतिक दल को किसके आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए? सिर्फ अपने नेता के चेहरे के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए, परिवार के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए? किसके आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए? मैं यह मानता हूं कि पार्टी की विचारधारा और पार्टी के घोषणा पत्र के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए, जो इस देश की जनता की अपेक्षाओं में से निर्मित होता है। चुनावी घोषणा पत्र क्या होते हैं, जो देश की जनता राजनीतिक दलों से अपेक्षा रखती है। जब राजनीतिक पार्टियां जनता के बीच में जाती हैं, उनके संगठन के लोग जाते हैं, चुने हुए जनप्रतिनिधि जाते हैं, जो बातें सुनते हैं, उनकी संवेदना को सुनते हैं, वह अंततोगत्वा तो घोषणा पत्र के अंदर ही समाहित होती हैं। वह चुनावी एजेंडा नहीं होता है। वह पॉलिटिकल एजेंडा नहीं होता है। वह देश की जनता की जनभावनाओं का प्रतिबिंब होता है, जिसको देश की जनता ने स्वीकृत किया है। यहां यही हुआ है।

मान्यवर, वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में हमारे दोनों चुनावी मेनिफिस्टो के अंदर और मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि जब वर्ष 2019 में मेनिफिस्टो की घोषणा की गई थी, तब मैं भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष था, उसको रखने का गौरव मुझे प्राप्त हुआ है। मान्यवर, हमने कहा था, हमने घोषणा पत्र में कहा था कि हम हमारे पड़ोसी देशों के प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों को, माइनोरिटी के, मेरे मित्र जिसका विरोध कर रहे हैं, यह उसका एजेंडा है। क्यों एजेंडा है, क्योंकि आप मानते हैं कि माइनोरिटी को विशेष व्यवस्था मिलनी चाहिए। मैंने कई बार आपके मुंह से सुना है कि माइनोरिटी को विशेष व्यवस्था मिलनी चाहिए। तो बांग्लादेश की माइनोरिटी को विशेष व्यवस्था नहीं मिलनी चाहिए? पाकिस्तान की माइनोरिटी को विशेष व्यवस्था नहीं मिलनी चाहिए? अफगानिस्तान की माइनोरिटी को विशेष व्यवस्था नहीं मिलनी चाहिए? मान्यवर, कौन भेद-भाव कर रहा है? मैं तो नहीं कर रहा हूं। कौन भेद-भाव कर रहा है? हम एक जगह पर तो खड़े हैं। माइनोरिटी सिंगल आउट है।...(व्यवधान) अरे हम

क्या करें? माइनोरिटी को ही अधिकार दे रहे हैं। मगर वह माइनोरिटी बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से है।

मान्यवर, हमने कहा था कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित, धार्मिक अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए सिटिजनशिप अमेंडमेंड बिल, जिसको सीएबी के पापुलर नाम से जाना जाता है, हम इसको लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने इसके साथ में यह भी कहा था कि हम पूर्वोत्तर राज्यों के उन वर्गों के लिए मुद्दों को स्पष्ट करने के लिए भी प्रयास करेंगे, जिन्होंने कानून के बारे में आशंका व्यक्त की है और पूर्वोत्तर के लोगों की भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान की रक्षा के लिए भी हमारी प्रतिबद्धता है।

मान्यवर, मैं आज जो बिल लेकर आया हूं, वह बिल हमारे उस घोषणा पत्र के अनुरूप है, जिसको इस देश की 130 करोड़ की जनता ने मोदी जी को मैन्डेट के साथ अप्रूव किया है। यह सालों की मांग है। इस सदन को इसमें पार्टी की आइडियोलॉजी से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। वहां से लाखों-करोड़ों लोग धकेल दिए गए हैं। कोई भी आदमी अपना देश वैसे ही नहीं छोड़ता है। देश छोड़िए, जनाब गांव नहीं छोड़ता है। कितने प्रताड़ित हुए होंगे, कितने दुखी हुए होंगे, कितने अपमानित हुए होंगे। तब जाकर वे देश को छोड़कर यहां शरण में आए हैं। इतने सालों से न उनको मताधिकार है, न उनको शादी का अधिकार है, न उनको सरकारी नौकरी का अधिकार है, न घर खरीदने का अधिकार है, न शिक्षा का अधिकार है, न स्वास्थ्य का अधिकार है। मान्यवर, ये लाखों-करोड़ों लोग नर्क की यातना के अंदर जी रहे हैं। आज नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस बिल के आने के बाद उनको सम्मान मिलेगा, उनको अधिकार मिलेगा। हम इसमें किसी का कोई अधिकार नहीं छीन रहे हैं। मैं आप सबकी बात सुनने के बाद इस विषय पर आऊंगा। मैं एक-एक चीज का जवाब दूंगा। मगर मेरी सभी पक्ष और विपक्ष तथा सभी सांसद महोदयों से एक आग्रहभरी विनती है कि चर्चा को शांति से सुनें और चर्चा में शांति से हिस्सा लें।

जब कोई खड़ा होता है, आपके विचार के अनुकूल नहीं बोलता है, टोका-टोकी करना, बिठा देना, मैं नहीं मानता कि यह महान सदन की गरिमा के अनुरूप है। सुबह मैंने शांति से आप सबको सुना। जब मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ तो बीच-बीच में खड़े हो जाते थे। भय्या, मुझे भी तो सुनो। मैं भी तो सांसद हूँ। 18 लाख लोगों ने मुझे भी तो चुन कर भेजा है। ऐसा कैसे चलेगा कि आप मुझे नहीं सुनोगे? तो मेरा सबसे निवेदन है कि हम चर्चा के अंदर जो हिस्सा लें, वह सदन की गरिमा के आधार पर लें।

मान्यवर, यह बात सही है कि विविधता में एकता ही हमारे देश को एक रखने का सबसे बड़ा मंत्र है। मान्यवर, सहिष्णुता हमारा गुण है। कभी भी इस देश ने सीमाओं को लांघ कर किसी पर आक्रमण नहीं किया है। मान्यवर, दस हजार साल का इतिहास है, यहां से सेना कभी इसके बाहर नहीं गई है। सहिष्णुता हमारा गुण है। बदलाव को हमने खुलेपन से स्वीकार किया है। इसी कारण यह देश इतनी सदियों से चल रहा है। बदलाव को हम स्वीकार करते हैं। बदलाव को अपनी संस्कृति में समाहित करते हैं और संस्कृति की यात्रा को और आगे ले जाते हैं। सामूहिक चित्त और मानस हमारी संस्कृति का अविभाज्य हिस्सा है। यह बिल उसी को परिव्याख्यायित करने वाला बिल है।

मान्यवर, मैं एक बार फिर से कहता हूँ कि 15 अगस्त, 1947 को आजादी के बाद हमारी संविधान सभा ने पंथ निरपेक्ष राज्य को जो स्वीकार किया, इसका भारतीय जनता पार्टी और हम सब साथी दल हृदय से सम्मान भी करते हैं, इसको स्वीकार भी करते हैं और उसको आगे ले जाने के लिए हम लालायित भी हैं। हम सब पंथनिर्पेक्षता को स्वीकार करते हैं। किसी धर्म के आधार पर, पंथ के आधार पर किसी के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। किसी के अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। संविधान की इस स्पिरिट को मान्यवर हम स्वीकार कर रहे हैं।

मान्यवर, मगर किसी भी सरकार का यह तो कर्तव्य है कि देश की सीमाओं की सुरक्षा करें। देश के अंदर आते हुए घुसपैठियों को रोकें। शरणार्थी और घुसपैठियों की अलग-अलग पहचान करें। यह भी तो राज्य का ही कर्तव्य है। वरणा क्या यह देश सबके लिए खुला छोड़ देंगे? मान्यवर, जो बात करते हैं,

मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि कौन सा देश ऐसा है, जिसने बाहर के लोगों को नागरिकता का अधिकार देने के लिए कानून नहीं बनाया है। दुनिया में कोई ऐसा देश भला हो सकता है क्या? कोई नहीं हो सकता है। लिबरल से लिबरल देश ने अपना कानून बनाया है। हमने भी बनाया है। इसीलिए हमने संविधान में एकल नागरिकता का प्रावधान किया है। नागरिकता के प्रावधान को अनुच्छेद 5 से 11 में किया है। मान्यवर, आज जो मैं बिल ले कर आया हूँ, सुबह इसको सदन में रखने के पहले ढेर सारे सदस्यों ने इसका विरोध किया कि हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। इससे आर्टिकल 14 का वॉयलेशन हो जाएगा। मान्यवर, इस देश में बहुत बार ऐसा हुआ है। मैं बताना चाहता हूँ और जो लोग आज विरोध कर रहे हैं, उनके शासन के समय में ही हुआ है, उन्होंने ही किया है। अपनी सरकारों के कामों को ढंग से पढ़ लेते तो शायद न बोलते।

मैं आपको बताता हूँ कि सन् 1947 में जितने भी शरणार्थी आए, सबको भारत के संविधान ने स्वीकार कर लिया। हमने स्वीकार किया है, हर जगह पर रहते हैं, शायद ही हिंदुस्तान का कोई गांव ऐसा होगा, जहां पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान से आए हुए शरणार्थी न रहते हों। कई लोग इस देश में बड़े-बड़े पदों पर बैठे हैं। सरदार मनमोहन सिंह जी उसी कैटेगरी में आते हैं। श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी भी उसी कैटेगरी में आते हैं। मान्यवर, हमने उनको स्वीकार किया था। उनको नागरिकता दी थी, तभी तो वे देश के प्रधान मंत्री और उप-प्रधान मंत्री बन पाए थे। बड़े-बड़े उद्योगपति बने। इस देश की विकास की यात्रा में अपना योगदान दिया। इस देश की विकास की यात्रा को आगे बढ़ाया है। इसके बाद बीच में सन् 1958 में दंडकारण्य योजना आई। यहां महताब साहब बैठे हैं, जो अभ्यास करते हैं, उनको मालूम होगा कि क्या थी- दण्डकारण्य योजना। यह भी शरणर्थियों को नागरिकता देने के बारे में थी। वर्ष 1971 की लड़ाई के बाद जब इंदिरा जी ने बहुत राइटली इंटरवीन करके बंगलादेश की रचना की, रचना करने में भारत की सेना ने सहायता की, क्योंकि वहां बहुत प्रताड़ना हो रही थी। बंग्लादेश की रचना के बाद वर्ष 1971 तक के सारे जो शरणर्थी आए थे, उनको यहां शरण भी दी गई, नागरिकता भी

दी गई। किसी ने विरोध नहीं किया। हमारी पार्टी ने भी विरोध नहीं किया। इस देश की करोड़ों की जनता ने पाँच पैसे का बंग्लादेश का एक अलग टिकट सालों तक उनके निर्वहन के लिए लगाया। इसके बजट का जो बोझ आता था, उसके निर्वहन के लिए पाँच पैसे का एक अलग टिकट हम पोस्ट पर लगाते थे, आप सभी को याद होगा।

उसके बाद युगांडा में ईदी अमीन का शासन आया। भारतीय मूल के व्यक्तियों को निकाल दिया गया, फिर से सामूहिकता से नागरिकता दी गई। लंका क्राइसेस में भी काफी सारे भारतीय जो वहां गए थे, उनको नागरिकता दे दी गई। वर्ष 1985 में असम एकॉर्ड हुआ। राजीव गांधी और असम के छात्र नेताओं के बीच में हुआ। उसमें फिर से वर्ष 1971 तक असम में जितने भी लोग थे, सब को नागरिकता दे दी गई। उस वक्त किसी ने विरोध नहीं किया। हमने भी नहीं किया, क्योंकि हम समझते थे कि यह समय की जरूरत है। हमारे देश के जो लोग हैं, वे कहाँ जाएंगे। हमने विरोध नहीं किया और आज जब हम बिल लेकर आए हैं, तो कृपया इसको राजनीतिक पार्टी के आधार पर मत देखिए। जो यहां पर करोड़ों नागरिक आ गए हैं, करोड़ों हैं, जो नर्क की यातना में जी रहे हैं।

मैं बंगाल के सभी सांसदों को विशेष रूप से कहना चाहता हूं, वो भी इस डिबेट को देखते हैं, उनको भी आपसे आशा है कि आप उनकी नागरिकता का समर्थन करेंगे। वे लोग भी चाहते हैं कि उनको जो अधिकार मिल रहा है, आप उसमें रोड़ा न डालो। मैं कांग्रेस के मित्रों को भी कहता हूँ कि आप चर्चा के अंदर यह साबित कर दीजिए कि यह बिल किसी के साथ भेदभाव करता है तो मैं यहाँ से बिल लेकर वापस चला जाऊँगा। मगर यह बिल किसी के साथ भेदभाव नहीं करता, किसी को अधिकार देने का बिल है, किसी का अधिकार छीनने का बिल नहीं है। मान्यवर, किसी का अधिकार नहीं छीना जाता है। इस बिल के अंदर हमने जो व्यवस्था की है, उस व्यवस्था को मैं थोड़ा फिर से एक बार बताना चाहता हूँ। यह विधेयक हमारे तीन पड़ोसी देश, जिनसे हमारी जमीनी सीमा छूती है, पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान से आए हुए हिन्दू, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध और ईसाई

समुदाय के ऐसे प्रवासियों के लिए भारतीय नागरिकता का रास्ता खोलता है, जो धर्म के आधार पर अपने देश में प्रताड़ित हुए हैं। मान्यवर, वह धर्म के आधार पर प्रताड़ित हुए हैं, भाग कर आए हैं। या तो यात्रा का दस्तावेज ही नहीं है या दस्तावेज है तो वह दस्तावेज अपनी समय-सीमा को लांघ गया है। या तो दस्तावेज है नहीं, या तो अधूरा है, या समय-सीमा को लांघ गया है। यह सभी प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए इस बिल के अंदर प्रावधान है। अब मैं प्रावधानों को जरा डिटेल में बताता हूं।

मान्यवर, नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 2(1) (बी) में अभी प्रावधान है कि कोई भी विदेशी नागरिक बिना पासपोर्ट और वीजा के और ट्रेवल दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करता है तो उसको अवैध माना जाता है। इस विधेयक में यह प्रस्ताव है कि ऐसे प्रताड़ित नागरिक जो 31 दिसम्बर, 2014 तक भारत में प्रवेश कर चुके हैं, जिनको भारत सरकार ने 'द पासपोर्ट एक्ट, 1920 और फॉरनर्स एक्ट, 1946 के दण्डात्मक प्रावधानों से माफ कर दिया है, उनको नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 2(1) (बी) में अवैध प्रवासी नहीं माना जाएगा। इन प्रताड़ित प्रवासियों को भारत की नागरिकता देने की बात है। मान्यवर, यह आज की प्रक्रिया नहीं है। उस वक्त किसी ने विरोध नहीं किया, जब श्रीमान राजनाथ सिंह जी गृह मंत्री थे, मोदी जी ही प्रधान मंत्री थे, उस वक्त इन सारे लोगों को लाँग टर्म वीजा का प्रोविजन कर दिया गया था। उनको यहां रहने की एक प्रकार से अनुमति दे दी गई थी और आज उसी चीज को एक्सटेंड करते हुए, आज उनको नागरिकता देने की प्रक्रिया से यह बिल आया है। मैं मानता हूँ कि लाखों-करोड़ों लोगों को नर्क जैसी यातना भरी जिन्दगी से यह विधेयक मुक्ति दिलाने वाला है और उनको भारत के नागरिक का एक सम्मानजनक आधार देने वाला है।

इस बिल को पहले लोक सभा ने पास किया, राज्य सभा में यह पास नहीं हो पाया। लोक सभा की अवधि खत्म हो गई और यह लैप्स हो गया। मैं इसे फिर से लेकर आया हूं।

मान्यवर, इसमें धारा 6(B) बिल्स लाने का भी प्रस्ताव है, जिसमें भारत सरकार यह प्रावधान करेगी कि धार्मिक उत्पीड़न के शिकार उपरोक्त प्रवासी निर्धारित की गई शर्तों, प्रतिबंधों व तौर-तरीकों को अपनाकर रजिस्ट्रेशन या नैचुरलाइजेशन के माध्यम से…

महोदय, इस विधेयक में नागरिकता अधिनियम की धारा 18(2)(eei) में सरकार को इस के बारे में नियम बनाने की शक्तियां दी गई हैं।

मान्यवर, धार्मिक प्रताड़ना के कारण इन तीन देशों के जो अल्पसंख्यक यहां आए हैं, जो माइनॉरिटीज़ यहां आई हैं, मैं बार-बार यहां माइनॉरिटी शब्द इसलिए बोलता हूं, ताकि आपको मालूम पड़े कि हमें भी माइनॉरिटी की ही चिन्ता है। माइनॉरिटीज़, जो वहां से यहां आई हैं, जिनमें हिन्दू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी हैं, क्रिश्चियन भी हैं, उन्हें एक अर्जी लगाने से नागरिकता मिलेगी और इसके रूल्स भारत सरकार बाद में बनाएगी। यह प्रावधान किया जा रहा है कि ऐसे प्रवासी, अगर नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 5 या तीसरे शिड्यूल की शर्तें पूरी करने के उपरान्त नागरिकता प्राप्त कर लेते हैं तो उन्हें भारत में उनके प्रवेश से ही नागरिकता दी जाएगी।

मान्यवर, उनकी एक बहुत बड़ी दिक्कत है। अगर आज वे बेचारे एप्लाई करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि वे भारत के नागरिक नहीं हैं। इस बीच किसी ने छोटा-सा घर ले लिया है, किसी ने स्कूटी ले ली है, किसी ने साइकिल ले ली, किसी को छोटी-सी नौकरी भी मिल गई है, वैसे उन्हें कुछ मिलता नहीं है, मगर किसी को मिल गया है तो उसे यह डर है कि उसका यह सब छिन जाएगा।

यह बिल उन्हें प्रोटेक्ट कर रहा है और मैं यह मानता हूं कि इस सदन के सभी सदस्यों को, विशेषकर बंगाल के सदस्यों को, बंगाल के अन्दर जो शरणार्थी हैं, नॉर्थ-ईस्ट के अन्दर जो शरणार्थी हैं, उन तक यह बात अच्छे से पहुंचानी चाहिए कि आप जिस तारीख से भारत में आए हैं, उस तारीख से आपको नागरिकता दी जाती है और इसके बीच में किसी की भी जरूरत नहीं है। कोई राशन कार्ड

निकालने की जरूरत नहीं है। ख्वामखाह लाइनें मत लगाइए। कोई आपको डरा देता है तो डरिए मत। मैं देश के गृह मंत्री के नाते कहता हूं कि आपके पास राशन कार्ड है या नहीं है, हम नागरिकता देंगे।

मान्यवर, एक दूसरी दुविधा है कि अगर मैं आपको एप्लीकेशन देता हूं, तो उससे यह होगा कि अब तक तो मैं अवैध रूप से रहा हूं, तो मुझ पर केस हो जाएगा, यह भी भय है। यह भय खड़ा भी किया जा रहा है। कुछ पार्टियां प्रचार करती हैं कि एप्लीकेशन मत डालो वरना जेल में जाओगे। अरे भैया, उन्हें क्यों जेल भेजना है, बेचारे वैसे ही परेशान हैं।

मान्यवर, हम प्रोविजन लेकर आए हैं कि ऐसे अल्पसंख्यक प्रवासी के खिलाफ अवैध प्रवासी या नागरिकता के बारे में कोई भी कार्रवाई चल रही है, या चल सकती है, तो वह भारत की नागरिकता मिलने के साथ ही खत्म हो जाएगी, चाहे वह किसी भी प्रकार की हो। अगर ऐसी कार्रवाई चल भी रही है तो ऐसी कार्रवाई के साथ भी एप्लीकेशन करने के लिए पात्र होगा। अगर किसी पर केस चल रहा है तो भी आप एप्लीकेशन कर सकते हैं।

मान्यवर, इसमें यह भी प्रोविजन किया है कि भारत सरकार का जो सक्षम अधिकारी होगा, इस कारण से नागरिकता के आवेदन को खारिज नहीं कर पाएगा कि उसके खिलाफ अवैध प्रवास या नागरिकता के विषय में कोई कार्रवाई चल रही है, यह प्रोविजन भी हमने किया है।

मान्यवर, इस धारा में हमने यह भी प्रावधान किया है कि अगर कोई आवेदक, आवेदन की तिथि से किसी भी प्रकार से अधिकार या प्रिविलेज ले रहा है, मतलब अगर किसी की शादी हो गई, किसी को छोटी-मोटी नौकरी मिल गई, कोई पिओन बन गया या कुछ बन गया, किसी ने छोटा-सा मकान खरीद लिया, अगर कोई प्रिविलेज ले रहा है तो इस प्रावधान के तहत आवेदन करने से इन अधिकारों या प्रिविलेजेज से वह वंचित नहीं किया जाएगा, उसको सम्पूर्ण प्रोटेक्शन मिलेगा।

17.00 hrs

मान्यवर, हमने यह भी प्रोविजन किया है। बहुत सारे संसद सदस्यों ने तथा श्रीमान गोगोई जी ने भी एक मुद्दा उठाया था कि पूर्वोत्तर के लोगों की भाषाई संस्कृति और सामाजिक संरक्षण के लिए आप क्या करेंगे? मान्यवर, इस बिल के अंदर हम इसको बहुत अच्छे तरीके से प्रोटेक्ट कर रहे हैं। मैं यह आपके सामने इसलिए पढ़ना चाहता हूं कि पूर्वोत्तर के अंदर या तो समझ कर, या समझे बगैर ढेर सारे लोगों के मन में एक भय खड़ा करने का प्रयास हो रहा है। किसी को भयभीत या आक्रांतित होने की जरूरत है, इसलिए मैं बहुत स्पष्टता के साथ इसको आपके सामने रखना चाहता हूं।

मान्यवर, सबसे पहले अरूणाचल प्रदेश है। अरूणाचल प्रदेश, बंगाल ईस्ट फ्रंटियर रेगुलेशन एक्ट के अनुसार कवर होता है। जो बंगाल ईस्ट फ्रंटियर रेगुलेशन एक्ट के अनुसार कवर होते हैं, उनको इस कानून के बारे में कोई डर रखने की जरूरत है। वहां यह नागरिकता संशोधन कानून अप्लाई नहीं होगा। नागालैंड के थोड़े हिस्से को छोड़कर, इनरलाईन परमिट सिस्टम से प्रोटेक्टेड है। उनकी यह प्रोटेक्शन चालू रहेगी। पूरा मिजोरम भी इनरलाईन परमिट सिस्टम से प्रोटेक्टेड है, जो कि बंगाल ईस्ट फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 का प्रावधान है। वह भी चालू रहेगा। मणिपुर राज्य की भावना को ध्यान में रखकर मणिपुर को हम इनरलाईन परमिट सिस्टम के अंदर ला रहे हैं। मणिपुर की घाटी की बहुत बड़ी समस्या का आज समाधान हो रहा है।

मान्यवर, मणिपुर की घाटी के सारे लोग बहुत समय से इसकी मांग कर रहे थे। आज मैं मणिपुर के लोगों की ओर देश के प्रधान मंत्री का कोटि-कोटि धन्यवाद करना चाहता हूं कि इन्होंने मणिपुर की सालों पुरानी मांग आज पूरी कर दी है। त्रिपुरा में ए.डी.सी. क्षेत्र में सी.ए.बी. लागू नहीं होगा। जो हाई लेवल कमेटी बनाई गई है, उसी में सारे ट्राइबल को समाहित करने का काम किया है। पूरा मेघालय 6th शेड्यूल से कवर है। हम इसको सिक्स शेड्यूल से बाहर रख रहे हैं।

जहां तक असम का सवाल है, उसमें बी.टी.सी., कारबी आंगलोंग, दीमा-हसाओ जैसे सारे ए.डी.सी. को सी.ए.बी. से बाहर रखा गया है और जो असम का मूल प्रदेश है, वहां पर क्लॉज सिक्स है। सुबह गौरव भाई बात कर रहे थे कि यह असम अकॉर्ड की भावना है। गौरव जी, भावना का क्या करेंगे? वर्ष 1985 में राजीव गांधी जी ने असम अकॉर्ड किया और उसके बाद कुछ भी नहीं किया गया। अभी तक सिर्फ भावना ही रही है, पहली बार क्लॉज सिक्स की कमेटी श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बनायी है और असम की भाषा-भाषी लोगों की संस्कृति और उनके राजनीतिक पहचान को जिंदा रखने का हम एक प्रयास कर रहे हैं। आप बताइए, अभी तक आपने क्या किया? मैं इस सदन के माध्यम से असम की जनता से भी पूछना चाहता हूं कि जिन्होंने असम अकॉर्ड दिया, इतने सालों तक क्या किया? असम अकॉर्ड की कौन-सी चीज को आपने इम्प्लीमेंट किया? क्या एन.आर.सी. किया - ना जी। क्या क्लॉज-सिक्स किया - ना जी। क्या किया, तो एक-एक करके सारे लोगों को लाकर बसा दिया। असम का क्या हुआ, कुछ नहीं हुआ। वहां 15-15 सालों तक कांग्रेस का शासन रहा, लेकिन कोई नहीं बोला। अब जब हम इसे लेकर आ रहे हैं और इस समस्या का समाधान कर रहे हैं, तब जाकर इसका विरोध किया जा रहा है।

मान्यवर, मैं मानता हूं कि असम की छह समुदाय मोरन, मटक, ताई-अहोम, कोच-राजबोंगशी, सुटिया और टी ट्राइबल को भी अनुसूचित जाति में समाहित करने के लिए श्रीमान राजनाथ सिंह जी के समय से प्रयास हुआ है। अब हम इसमें भी आगे बढ़ रहे हैं। बोडो समुदाय के सांस्कृतिक विकास के लिए भी बोडो म्यूजियम, सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र, कोकराझार आकाशवाणी, दूरदर्शन का आधुनिकीकरण, सुपर फास्ट अरोनाई एक्सप्रेस का नामकरण भी भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने ही दिया है। असम के इश्यू को भी हम इसी प्रकार से एड्रेस कर रहे हैं। आज इस सदन के माध्यम से समग्र नॉर्थ-ईस्ट की जनता से कहना चाहता हूं कि पूरे नॉर्थ-ईस्ट के सभी के

सभी राज्यों की चिंताओं का निराकरण इस बिल के अंदर समाहित है, कोई उकसावे में मत आना, कोई आंदोलन मत करना, बहुत हो चुका और अब यह देश शांति के साथ आगे बढ़ना चाहता है।

मान्यवर, ऐसा नहीं है कि मैंने किसी से चर्चा नहीं की। विगत 1 मास के अंदर 140 से ज्यादा संस्थायें, 140 से ज्यादा अलग-अलग एनजीओ, राजनीतिक दल, जिसमें कांग्रेस पार्टी के सभी राज्यों के नेता भी थे और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मैंने लगभग 119 घंटे चर्चा की है। उन्होंने जो सुझाया, वे सारे सुझाव मैं इसके अंदर समाहित करने के लिए आया हूं। मेरे पास ढेर सारी लिस्ट है, मगर मैं पूरी लिस्ट नहीं पढ़ूंगा। अगर वे मुद्दा उठाएंगे, तो मैं जरूर पढ़ूंगा। मैं सभी लोगों के साथ इस पर चर्चा करके आया हूं।

मान्यवर, हम इसमें रियायत भी दे रहे हैं कि अभी न्यूनतम रेजीडेंसी पीरियड एक प्लस ग्यारह, बारह वर्ष है। अब हम 31 दिसंबर, 2014 की कट ऑफ डेट रख रहे हैं। उन लोगों के 11 साल वर्ष 2025 में होंगे। हम इसको कम करके वन प्लस फाइव कर रहे हैं, तो वर्ष 2014 से 6 साल, यानी वर्ष 2020 में ये सब एप्लीकेशन भी कर सकेंगे और जल्दी से नागरिक बनकर भारत की मतदाता सूची में भी आ जाएंगे। उसके अंदर भी हम उनको बहुत बड़ी रियायत दे रहे हैं।

मैं मानता हूं कि यह जो रास्ता श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रशस्त किया है, उस रास्ते के माध्यम से देश में रहने वाले लाखों करोड़ों लोग, तीन देशों से धार्मिक प्रताड़ना के कारण यहां आए हुए जो माइनोरिटी है, लघुमति है, उन लघुमतियों को, मतलब हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और स्मृति बहन पारसी कह रही हैं, पारसी भी है, पारसी समेत सभी माइनोरिटीज़ को यहां पर नागरिकता देने का रास्ता प्रशस्त हो रहा है।

अभी बिल को पुर:स्थापित करते वक्त बहुत सारे सदस्यों ने बिल की इस सदन की कांपिटेंसी पर सवाल उठाया था। वैधता के बारे में कहा था कि इस बिल को संवैधानिक रूप से यह सदन ले सकता है या नहीं ले सकता है। अभी भी किसी के मन में संशय है, तो प्लीज अपने वक्तव्य के अंदर

जरूर सदन के पटल पर यह रखिएगा। मैं एक शब्द को छोड़े बगैर, एक सांसद को छोड़े बगैर, हर एक का बहुत डिटेल में जवाब दूंगा। मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मेरा दायित्व है कि विपक्ष के भी सारे सांसदों के सवालों का जवाब देना और इसको जस्टीफाई करना, तो मान्यवर, इतनी भूमिका के साथ मैं इस बिल को सदन के सामने विचार करने के लिए प्रस्तुत करता हूं। आप सभी लोग रचनात्मक दृष्टि से इसको लें। इतनी विनती करके मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचंद्रन जी, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I rise to move an amendment to the motion for consideration moved by the hon. Minister.

I beg to move:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 31st March, 2020."

माननीय अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुए:

"कि नागरिकता अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

"कि विधेयक पर राय जानने के लिए 31 मार्च, 2020 तक के लिए परिचालित किया जाए।"

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : आपको बाद में मौका देंगे । आपको कब मौका नहीं दिया**?** अकेला नेता**,** अकेला चलो**,** फिर भी हर बात पर बोलते हैं ।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री सुदीप बन्दोपाध्याय (कोलकाता उत्तर): इस पर चर्चा और रिप्लाई क्या आज ही करेंगे? …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : जैसा सदन का विचार होगा, वैसा करेंगे।

श्री मनीष तिवारी जी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : हां, आज ही होगा। आप उनको बोलने दीजिए। कभी रात तक भी सदन चलना चाहिए।

श्री मनीष तिवारी जी।

श्री मनीष तिवारी (आनंदपुर साहिब): अध्यक्ष जी, आपकी अनुमति से जो यह नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 सरकार ने आज इस सदन में पेश किया है, मैं उसके विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। हमारा विरोध इस विधेयक के साथ यह है कि यह असंवैधानिक है, गैर-संवैधानिक है, संविधान की जो मूल भावना है, उसके खिलाफ है और जिन आदर्शों पर डॉ. बाबा साहब अंबेडकर ने हमारे संविधान की संरचना की थी, उसके बिल्कुल विरुद्ध है।

चूंकि समय बहुत कम है, नहीं तो नागरिकता का सिद्धांत कहां से शुरू हुआ? मैं वहीं से अपनी बात शुरू करता। बहुत वर्ष पहले जब यूनान में गणराज्य हुआ करता था, तब वहां पर नागरिकता का सिद्धांत उत्पन्न हुआ। उसके बाद वर्ष 1648 में वेस्ट फेलिया की संधि हुई, उसके बाद नागरिकता के कन्सेपट को अमलीजामा पहनाया गया। वक्त बदलता गया, सत्ता राजाओं के हाथ से जनता के हाथ में चली गई। वर्ष 1947 में भारत आजाद हुआ, अंग्रेजी साम्राज्यवाद को यहां से भगाया। भारत की संविधान सभा ने उसके ऊपर अपनी चर्चा आरंभ की।

10 अगस्त, 1949 को डॉक्टर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने संविधान सभा में बोलते हुए कहा “except one other Article in the Draft Constitution, I do not think that any other Article has given the Drafting Committee such a headache as this particular Article.” वह नागरिकता की धाराओं का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने यह बात इसलिए कही क्योंकि नागरिकता एक बहुत संवेदनशील मुद्दा है।

उस समय भारत के निर्माताओं ने यह बात तय की कि नागरिकता के दो आधार होंगे। पहला आधार भौगोलिक और दूसरा खून के रिश्तों के ऊपर आधारित होगा। धारा पांच से ग्यारह को भारत की संविधान में शामिल किया गया। उसके बाद 1955 में नागरिकता का कानून बना और उसमें यह बात सुनिश्चित की गई कि नागरिकता के चार मापदंड होंगे। सबसे पहले जन्म, दूसरा डिसेंट, तीसरा पंजीकरण और चौथा नेचुरलाइजेशन, उसके बाद उस कानून को आठ बार संशोधित किया गया।

लेकिन देश में जितनी उतेजना इस संशोधन को लेकर देखने को मिल रही है, वह आज से पहले कभी नहीं दिखी। उसका कारण है, जो विधेयक लाया गया है, धारा 14, धारा 15, धारा 21, धारा 25 और धारा 26 जो संविधान में है यह उसके बिल्कुल खिलाफ है।

आज सुबह गृह मंत्री जी ने धारा 14 को पढ़ा था, मैं दोबारा से एक बार पढ़ना चाहता हूं। धारा 14 क्या कहती है, `Equality before Law’. "The State shall not deny to any person equality before the law or the equal protection of the laws within the territory of India." इसके क्या मायने हैं? इसके मायने है कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह भारत का नागरिक है या नहीं, उसको भारत के कानून के सामने बराबरी की नजर से देखा जाएगा। आज जो कानून लाया गया है, यह उस बराबरी को समाप्त करता है। इसी तरह से अगर धारा 15 को देखें, धारा 15 में कहा है “The State shall not discriminate against any citizen on grounds only of race, religion, caste, sex, place of birth or any of them.” इसका क्या मतलब हुआ। इसका

मतलब हुआ कि आप किसी नागरिक के साथ धर्म, जाति या समुदाय को लेकर भेदभाव नहीं करेंगे। मैं एक बुनियादी प्रश्न पूछना चाहता हूं। जब आप किसी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं कर सकते तो क्या आप नागरिकता देने में भेदभाव कर सकते हैं, यह बहुत बुनियादी सवाल है। मैं उम्मीद करता हूं कि जब सरकार की तरफ से उत्तर आएगा तो जो जवाब दिया जाएगा।

इसी तरह से धारा 21 कहती है- It says:

> "No person shall be deprived of his life or personal liberty except according to a procedure established by law."

इसका उल्लंघन करता है क्योंकि धारा 21 में साफ तौर पर यह बात कही गई है कि जो भी कानून बनाया जाए, it should be equitable; it should be just; it should be fair; and it should be non-discriminatory. इन चारों मापदंड पर यह विधेयक पूरी तरह से गिरता है। वर्ष 1973 में उच्चतम न्यायालय ने केशवनंद भारती का फैसला दिया तो कहा कि भारत के संविधान का यह बेसिक स्ट्रक्चर है। मैं बेसिक स्ट्रक्चर के अंग पढ़ना चाहता हूं – They are: Supremacy of the Constitution, republican and democratic form of Government, secular character of the Constitution, separation of powers between Legislature, Executive and Judiciary, संविधान का मूलभूत ढांचा और सिद्धांत कहता है कि हर कानून पंथ निरपेक्ष होना चाहिए। यहां आज जो विधेयक आया है, बेसिक स्ट्रक्चर और मूलभूत आधार का भी उल्लंघन करता है। वर्ष 1995 में जब बोम्मई का फैसला आया तो साफ तौर पर भारत के उच्चतम न्यायालय ने जो कहा, मैं केवल उसका एक अंश पढ़कर सुनाना चाहता हूं –

> "Notwithstanding the fact that the words 'Socialist' and 'Secular' were added in the Preamble of the Constitution in 1976 by the 42nd Amendment, the concept of secularism was very much embedded in

our constitutional philosophy. Secularism is a basic feature of our Constitution."

यहां जो विधेयक लाया गया है, भारत के संविधान के प्रिएम्बल, मूलभूत अधिकार और स्वरूप का पूरी तरह से उल्लंघन करता है।

महोदय, इसके साथ कुछ अंतर्राष्ट्रीय संधियां भी हैं। इसमें सबसे बड़ी संधि रीफाउलमेंट की है, जिसे कस्टमरी इंटरनेशनल लॉ कहते हैं। इसमें साफ तौर पर कहा गया है कि कोई भी शरणार्थी चाहे किसी धर्म का हो, किसी मज़हब का हो या किसी भी फिरके से ताल्लुक रखता हो, अगर वह आपके यहां आकर पनाह मांगे तो आप उसे पनाह देने से इंकार नहीं कर सकते हैं।

यह बात सही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की शरणार्थियों की संधि पर भारत ने हस्ताक्षर नहीं किए, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय संधि जो टॉर्चर के खिलाफ है, उसकी धारा 3 में साफ तौर पर लिखा गया है और रिफाउलमेंट उसका अटूट अंग है। इसलिए जब भी कोई शरणार्थी भारत आता है, शरण मांगता है तो हमें नहीं देखना कि उसका धर्म क्या है, उसका मज़हब क्या है, उसका फिरका क्या है? अगर वह मानवीय कारणों से आकर शरण मांगता है तो हमारा कर्तव्य बनता है, जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि हमने उस अंतर्राष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। रेक्टिफाई नहीं किया, साइन किया है।

श्री अमित शाह: हमने रेक्टिफाई नहीं किया है। देश ने रेक्टिफाइड नहीं किया है। सदन में रिकॉर्ड क्लियर रहना चाहिए।

श्री मनीष तिवारी: गृह मंत्री जी, जो कस्टमरी इंटरनेशनल लॉ है, उसे रेक्टिफाई करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जो इंटरनेशनल कवनेंट ऑफ सिविल ऑर पोलिटिकल राइट्स है, जिसके ऊपर आपने हस्ताक्षर किए हैं, रीफाउलमेंट उसका अटूट अंग है। आपने चाहे उसे रेक्टिफाइड किया है या

नहीं किया है, इसका कोई मतलब नहीं बनता क्योंकि आपने इंटरनेशनल कवनेंट ऑफ सिविल एंड पोलिटिकल राइट्स को रेक्टिफाइड किया है, जिसमें रीफाउलमेंट साफ तौर पर लिखा गया है।

श्री अमित शाह: अगर रेक्टिफिकेशन की जरूरत नहीं है तो प्रक्रिया क्यों रखी गई है?

श्री मनीष तिवारी: आपने इंटरनेशनल कवनेंट ऑफ सिविल एंड पोलिटिकल राइट्स रेक्टिफाई किया है या नहीं किया है? मैं आपसे सीधा सवाल पूछना चाहता हूं? अगर किया है तो रीफाउलमेंट उसका अटूट अंग है, मैं आपको दिखा दूंगा। यह बहुत ही विचित्र कानून है।

माननीय अध्यक्ष जी, बांग्लादेश के लिए एक कानून और नेपाल तथा भूटान के लिए दूसरा कानून, अफगानिस्तान के लिए एक कानून और मालदीव के लिए दूसरा कानून, श्रीलंका के लिए एक और कानून। मैं यह पूछना चाहता हूं, स्टेटमेंट ऑफ ऑब्जेक्शन रीजन्स में लिखा है कि जिन तीन देशों का जिक्र किया गया है, उनका राजधर्म इस्लाम है। मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं कि मालदीव का राजधर्म क्या है? क्या आर्टिकल-10 जो मालदीव का संविधान है, उसमें यह नहीं लिखा गया कि उनका राजधर्म इस्लाम है? इसलिए, इस बिल में पूरी तरह से विरोधाभास है और इसको दोबारा देखने की जरूरत है। आज गृह मंत्री जी ने यह कहा कि यह बिल धारा-14 का जो रिजनेबल क्लासिफिकेशन है, उसके ऊपर खरा उतरता है। मैं यह बताना चाहता हूं कि रिजनेबल क्लासिफिकेशन का आधार क्या है? रिजनेबल क्लासिफिकेशन का आधार यह है कि Equals cannot be treated as unequals. इसका मतलब यह है कि जब कोई व्यक्ति भारत आता है तो वह शरणार्थी है। उसमें आप यह नहीं देख सकते कि यह शरणार्थी एक धर्म का है या दूसरे धर्म का है। जब वह शरणार्थी है तो आपका यह फर्ज बनता है कि उसको बराबरी का दर्जा दिया जाए और उसको बराबरी की नजर से देखा जाए।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि यह जो विधेयक है, यह भारत की परम्परा के भी खिलाफ है। पांचवी सदी से आठवीं सदी के बीच पर्शिया से जब पारसी भागकर आए, उनको वहां प्रताड़ित किया जा रहा था, जब वे गुजरात में सन्जन पहुंचे तो वहां के राजा, जिनका नाम जाधव राणा था, उन्होंने उन पारसियों को एक भरी हुई गढ़वी दूध की भेजी। उन्होंने कहा कि हमारे यहां बहुत लोग हैं, इसलिए आपके लिए यहां जगह नहीं है। पारसियों ने उस दूध की गढ़वी में शक्कर मिला दी और कहा कि हम शक्कर की तरह आपके समाज में घुल जाएंगे। यह भारत की परम्परा है, यह भारत का मूलभूत सिद्धांत है कि जो हमारी शरण में आया, हमने उसका धर्म नहीं देखा, हमने उसका मजहब नहीं देखा, हमने उसका फिरका नहीं देखा, हमने मानवीय आधार पर उसको शरण दी है।

अध्यक्ष जी, मैं दो बात कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं। हम शरणार्थियों को पनाह देने के बिल्कुल खिलाफ नहीं हैं। हम सरकार से यह चाहते हैं कि आप एक व्यापक कानून लेकर आइए, एक व्यापक रिफ्यूजी लॉ लेकर आइए, आप इल्लीगल माइग्रेंट्स के ऊपर एक कानून लेकर आइए, जो कानून धर्म, फिरके से ऊपर उठकर, यह जो बहुत संवेदनशील समस्या है, उस संवेदनशील समस्या को बहुत ही पैनी नजर से देखता है। आखिर में एक बात कहना चाहूंगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जब सदन में ऐसे संवेदनशील मुद्दे के ऊपर बहस होती है तो कभी कभी सत्तापक्ष के लोग उत्तेजित हो जाते हैं। आज गृह मंत्री जी ने कहा कि भारत का धर्म के नाम पर विभाजन के लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार थी। मैं साफ तौर पर एक बात कहना चाहता हूं कि अगर इस देश में किसी ने 'टू नेशन थ्योरी' की नींव रखी थी तो वर्ष 1935 में अहमदाबाद में हिन्दू महासभा के सेशन में सावरकर ने रखी थी, कांग्रेस पार्टी ने नहीं रखी थी। …(व्यवधान) बैठ जाइए, जब आपका मौका आएगा, तब बोलिएगा।

मैं आखिरी बात यह कहना चाहता हूं कि यह सत्तापक्ष जानता है कि यह विधेयक क्यों लेकर आए हैं, हम भी जानते हैं कि ये विधेयक क्यों लेकर आए हैं और जनता भी जानती है कि यह विधेयक क्यों लेकर आए हैं। लेकिन, मैं सिर्फ सरकार को आगाह करना चाहता हूं कि

'इतिहास की आंखों ने वह फलक भी देखे हैं,

लम्हों ने गलती की और सदियों ने सजा पाई है।'

आज आप बहुत बड़ी गलती करने जा रहे हैं। मैं इस विधेयक का पुरजोर विरोध करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): आदरणीय अध्यक्ष जी, इस ऐतिहासिक बिल पर अपने विचार रखने का आपने मुझे अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपके प्रति बहुत आभारी हूं।

मैं अभी कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद श्री मनीष तिवारी जी के तर्कों को सुन रहा था, यूनान से और कहां-कहां से उन्होंने नागरिकता की बात शुरू की। मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं। संविधान को हमने आत्मार्पित किया है । संविधान का प्रिएम्बल हमारे लिए पवित्रतम है, संविधान पवित्रतम है, लेकिन संविधान को बनाते समय जो कुछ मानवीयता के सूत्र, जनकल्याण के संकल्प संविधान निर्माताओं के जेहन में रहे होंगे, उनमें से एक बहुत महत्वपूर्ण है, जिसे हम 'गांधी जी का ताबीज' कहते हैं। ये जो सारे ग्रन्थ हैं, ये जो सारी बहस है, यह जरूर सोचने की बात है कि जो लोग लगभग 75 साल से एक प्रताड़ना सह रहे हैं, जिसमें उनका कोई कसूर नहीं है, क्या हमारी यह बहस उस आम तकलीफ के अंदर फंसे हुए व्यक्ति को राहत पहुंचाने वाली है या नहीं? गांधी जी ने यह बात कही थी कि आप जब भी कोई काम करें, आप जब भी कोई योजना बनाएं, तो उस गरीब व्यक्ति का ख्याल रखें कि आपका काम उसके हित में है या उसके अहित में है।

बहुत बार हमारे दोस्त बड़ी एकैडेमिक बहस करते हैं । आर्टिकल-11, आर्टिकल-14 और आर्टिकल-25, सबकी चर्चा हो रही है, सबके जवाब दिए जा रहे हैं। कहीं पर भी संविधान की आत्मा का उल्लंघन नहीं हुआ है, परन्तु मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि जब देश का विभाजन हुआ, देश के विभाजन में करीब डेढ़ करोड़ से दो करोड़ लोग डिसप्लेस हुए, लगभग बीस लाख लोग मारे गए और भयंकर नरसंहार हुआ। यदि आज भी उस जमाने के किसी व्यक्ति से मुलाकात हो जाए तो दिल दहल जाता है। वे लोग जो रह गए, यहां पर मुस्लिम रह गए, पाकिस्तान में हिन्दू रह गए, वे वहां शताब्दियों से रहते आ रहे थे, उनमें चिन्ता थी कि वे सुरक्षित रहें, इसके लिए 1950 में नेहरू-लियाकत समझौता हुआ। नेहरू-लियाकत समझौते के अन्दर बाकायदा इस बात की गारन्टी ली गई कि हिन्दुस्तान के अन्दर रहने वाले मुस्लिम और पाकिस्तान के अन्दर रहने वाले हिन्दू एवं अन्य अल्पसंख्यक वर्गों की

सुरक्षा की चिन्ता सरकार करेगी, लेकिन वह नहीं हुआ। पूरा विवरण इस बात की पुष्टि करता है, जो डेमोग्राफिक चेंजेज हुए, पाकिस्तान से लोग यहां आए, बाद में बांग्लादेश से लोग आए, बड़ी संख्या में लोग आए। कुल मिलाकर, यदि मैं उस डेमोग्राफिक चेंज का उल्लेख करना चाहूं, तो लगभग 40 लाख लोग बाद में बांग्लादेश से केवल बंगाल के अन्दर आए और लगभग 20 लाख लोग पाकिस्तान से केवल पंजाब के अन्दर आए और देश के विभिन्न हिस्सों के अन्दर पाकिस्तान और बांग्लादेश से जो लोग आए, उनकी संख्या, संसद के अन्दर भी इस बात का उल्लेख किया गया, लगभग ढाई करोड़ से तीन करोड़ अनुमानित की गई। इस बात के प्रमाण हैं कि उन लोगों के साथ बहुत बड़ी मात्रा में धार्मिक उत्पीड़न हुआ, उनकी बहू-बेटियों के ऊपर अत्याचार हुए। मुझे ध्यान है कि 2011 के अन्दर एक सज्जन मेहर चन्द हिन्दुस्तान में आए थे। उनकी बेटियों का किस प्रकार से अपहरण किया गया, उसका उन्होंने उल्लेख किया था। उनको किसी भी प्रकार की प्रोटेक्शन पाकिस्तान की सरकार ने, पाकिस्तान की ज्युडिशयरी ने, पाकिस्तान की कार्यपालिका ने प्रदान नहीं किया। उन्होंने यहां अपना पूरा दुखड़ा बताया, इंडिया टुडे ने पूरे विवरण को छापा था। मैं यह सवाल पूछना चाहता हूं कि ये जो पीड़ित लोग हैं, इनके प्रति हमारा कुछ कर्त्तव्य है या नहीं है?

पिछले सप्ताह हम बलात्कार की घटनाओं से बहुत चिंतित थे और यह स्वाभाविक भी है कि हमें चिंतित होना भी चाहिए। आप यह कल्पना कीजिए कि जिस पिता के सामने उसकी बच्ची को उठाकर कोई ले जाए, उसके साथ बलात्कार हो और पिता को बच्ची से मिलने भी न दिया जाए, उसे ईश निन्दा कानून जैसे कानूनों के अंतर्गत पीड़ित कर दिया जाए, क्या उसके लिए कोई दर्द नहीं होगा। क्या उस पिता के दर्द को समझने की कोशिश होनी चाहिए या नहीं होनी चाहिए। मुझे लगता है कि हमारी सारी बहस, हमारे सारे निष्कर्ष, हमारे सारे संवाद इस बात पर केंद्रित होने चाहिए कि वर्ष 1947 में देश के विभाजन के बाद जो उत्पीड़न के शिकार हुए, जिनका कोई अपराध नहीं था, उन्हें यदि नागरिकता नहीं मिली, उन्हें किस प्रकार से नागरिकता मिले तथा वे सुख-चैन से जिंदगी बिता सकें,

इसके लिए माननीय नरेन्द्र मोदी जी और अमित शाह जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं कि वे इस प्रकार का कानून में संशोधन लेकर आए हैं।

अध्यक्ष जी, यह कानून बहुत पहले बन जाना चाहिए था, लेकिन संवेदनशीलता का अभाव था। अंतत: जब नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी, तो वर्ष 2016 में तत्कालीन गृह मंत्री माननीय राजनाथ सिंह जी ने इस बिल का प्रस्तुत किया। तब यह चर्चा हुई कि इसे जेपीसी में भेजा जाए। हमारे आदरणीय सत्यपाल जी उस समिति के अध्यक्ष थे। मैं इस बात का इसलिए जिक्र कर रहा हूं क्योंकि वर्ष 2016 से लेकर जनवरी 2019 तक पूरे देश के विधिवेताओं से, सामान्य जन से, पीड़ित पक्षों से, जानकार लोगों से व्यापक चर्चा की गई और करीब 9000 मेमोरेंडम यहां आए। चर्चा के पश्चात् पुन: यह बिल यहां लाया गया और 7 जनवरी, 2019 में जेपीसी की रिपोर्ट रखी गई और 8 जनवरी, 2019 को बिल लाया गया और लोक सभा में इस बिल को पास भी किया गया लेकिन यह बिल राज्य सभा में हमारे कांग्रेस के दोस्तों की जिद के कारण पहुंचा ही नहीं और यह बिल बीच में ही रह गया। अभी रिफ्यूजी के बारे में चर्चा हो रही थी कि रिफ्यूजी कौन हों, जो भी आए क्या उसे रिफ्यूजी मान लिया जाए। माननीय सदस्य ने दूध का भी उदाहरण दिया, लेकिन क्या वे बताएंगे कि जो देश को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से, देश के संसाधनों पर कब्जा करने के उद्देश्य से देश में प्रवेश कर रहे हैं, क्या ऐसे घुसपैठियों को भी हम शरणार्थी मान सकते हैं? यूएनओ ने परिभाषा दी। मैं वह परिभाषा पढ़ना चाहूंगा :

> “Refugees are people who are forced to flee from their countries because of threats to their life, linked to race, religion, nationality, membership of a particular social group or political opinion.

स्पष्ट लिखा हुआ है और इसमें कोई दुविधा नहीं है। इस प्रकार के उत्पीड़न के शिकार जो लोग आते हैं, वे शरणार्थी हैं। किसी भी व्यक्ति को शरणार्थी मान लेने का कोई औचित्य नहीं है और किसी भी प्रकार से किसी भी देश के लिए यह संभव नहीं है। जहां तक इक्का-दुक्का मसले की बात है, आज लोग अदनान सामी को जानते हैं, लोग उनको सुनते हैं। वे मुस्लिम हैं। उन्होंने यहां निवेदन किया और हमने उन्हें नागरिकता प्रदान की। इस प्रकार के मसले हो सकते हैं, लेकिन कुल मिलाकर शरणार्थी और घुसपैठिया में यदि हम फर्क नहीं करेंगे, तो बात नहीं बन सकती है। यहां पार्लियामेंट की कम्पीटेंस की बात भी कही गई, मैं उस चर्चा में नहीं जाना चाहता। हमारे माननीय गृह मंत्री जी ने इस संबंध में बहुत विस्तार से कहा है। मैं जवाहर लाल नेहरू जी की कुछ कोटेशन्स यहां कोट करना चाहता हूं, क्योंकि जवाहर लाल नेहरू जी की बात हमारे सामने के मित्र जरा ध्यान से सुनेंगे। उनका Tryst With Destiny 15 अगस्त, 1947 का प्रसिद्ध भाषण है। उसमें वे पार्टिशन के कारण जो लोग कष्ट में थे, उनके लिए कहते हैं कि:

> "We think also of our brothers and sisters who have been cut off from us by political boundaries and who unhappily cannot share at present in the freedom that has come. They are of us and will remain of us whatever may happen, and we shall be sharers of their good and ill fortune alike. There is no doubt, of course, that those displaced persons who have come to settle in India are bound to have their citizenship. If the law is inadequate in this respect, the law should be changed."

पढ़ लेना चाहिए। अच्छा होता मनीष तिवारी जी पढ़ लेते, नेहरू जी ने कहा है और 1950 में जब 8 अप्रैल को समझौता हुआ था। डॉ. श्यामा मुखर्जी ने उनके बारे में चिन्ता व्यक्त की। उनकी चिन्ता अखिल भारतीय भी थी और उनकी चिन्ता बंगाल और असम को लेकर भी थी। यह समझौते के बाद की परिस्थिति है जबकि समझौता होने के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली थी। उन्होंने यह कहा:

> "The circumstances that have led to my resignation are primarily concerned with the treatment of minorities in Pakistan, specially in East Bengal."

जो इस्तीफा दिया गया, उसका कोई कारण बता रहे हैं।

> "Let us not forget that the Hindus of East Bengal are entitled to the protection of India, not on humanitarian considerations alone, but by virtue of their sufferings and sacrifices, made cheerfully for generations, not for advancing their own parochial interests, but for laying the foundations of India's political freedom and intellectual progress."

मैं आग्रह पूर्वक यह बात ध्यान में लाना चाहता हूं कि यह जो विषय है, मुझे लगता है कि यह कहीं खो जाता है। हमारे विज़न की ब्लर्डनैस है, उसके कारण हमारी स्पष्टता खत्म हो जाती है और ये पुराने कोट हो गये। हमारे पूर्व प्रधान मंत्री जी माननीय मनमोहन सिंह जी हैं, आपको सुनकर अच्छा लगेगा, 2003 की बात है, ज्यादा पुरानी बात नहीं है। जो हमारे लोग विदेश में हैं, उनको दोहरी नागरिकता देने के लिए, एक और नागरिकता संशोधन बिल आया था, जबकि उस बिल का सीधा संबंध इस प्रकार के शरणार्थियों को लेकर नहीं था। उसमें वे कहते हैं, यह 18 दिसम्बर 2003 का कोट है।

> "While I am on this subject, Madam, I would like to say something about the treatment of refugees. After the partition of our country, the minorities in countries like Bangladesh have faced persecution, and our moral obligation is that if circumstances force people, these unfortunate people, to seek refuge in our country, our approach to granting citizenship to these unfortunate persons should be more liberal."

वह अपेक्षा क्या कर रहे हैं, उस वक्त के गृह मंत्री माननीय लाल कृष्ण आडवाणी जी थे। वह अपेक्षा कर रहे हैं:

"I sincerely hope that hon. Deputy Prime Minister will bear this in mind in charting the future course of action with regard to the Citizenship Act."

वही हम कर रहे हैं और जैसा कि माननीय गृह मंत्री जी ने कहा कि यह हमारा प्रारम्भ से कमिटमेंट है। हम उसी का अनुपालन कर रहे हैं। मुझे कई बार वास्तव में हैरत होती है कि आपकी यह जो सलेक्टिव सेंसिटिविटी है। आप सेंसिटिव तो हैं। कहीं बाटला कांड होता है तो नींद नहीं आती है। आपको तकलीफ होती है परंतु पाकिस्तान में कोई उत्पीड़ित होता है, बंग्लादेश में कोई उत्पीड़ित होता है तो आपको परेशानी नहीं होती। आपकी जो सलेक्टिव सेंसिटिविटी है, यह बहुत चिंताजनक है। इस सेंसिटिविटी के अभाव में जो देश को नुकसान हुआ है, आपको शायद उसका अंदाजा नहीं है।

अभी मैंने सत्यपाल जी का जिक्र किया, वे चेयरमैन रहे हैं। उसके बाद से कुछ चीजें माननीय गृह मंत्रालय ने, माननीय राजनाथ सिंह जी ने राहत की कुछ ऐसी चीजें प्रदान की कि जो लोग बाहर से आ रहे थे, उनके बैंक एकाउंट भी खुले, उनके आधार कार्ड बने और आप कल्पना कीजिए। मैं सलेक्टिव इंसेंसिटिविटी की बात कह रहा हूं कि नागरिकता की फीस 15000 रुपये थी। जो लुट-पिटकर आया है, जो भागकर भी आया है, जो किसी प्रकार से जान बचाकर आया है, वह 15000 रुपये देगा तब वह एप्लीकेशन लगाएगा। हमने उसको 100 रुपये किया। मैं ये सब बातें इसलिए बता रहा हूं कि यह जो सलेक्टिव सेंसिटिविटी है, इससे काम नहीं चलेगा। संविधान हमसे कहता है कि हम प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान संवेदनशीलता के साथ न्याय का संकल्प लें। न्याय को हम परिभाषित करते हुए उसको एग्जीक्यूट भी करें। आपने नहीं किया।

अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत ज्यादा समय न लेते हुए यह कहना चाहता हूं कि मुझे बहुत चिंता होती है। मैं बहुत संजीदगी से कांग्रेस के दोस्तों से यह बात कहना चाहता हूं कि कांग्रेस साधारण पार्टी नहीं है। कांग्रेस दस दलों में से कोई एक दल नहीं है। कांग्रेस वह दल है, जिसने इस देश के ऊपर सर्वाधिक समय तक शासन किया है।...(व्यवधान) अब क्यों नहीं मिल रहा है? अब क्या हो गया, आप

सोचने को तैयार नहीं हैं ।...(व्यवधान) कृपया सोचिए ।...(व्यवधान) गौरव जी आप बैठिए । Shri Gogoi, you are a brilliant MP. जो नागरिकता संशोधन का विषय है, यह कोई अकेला विषय नहीं है, कहीं पर सोच के अंदर ऐसा दोष है, जो इस प्रकार के अनेक चीजों को करवाता है । कांग्रेस, कृपया सोचिए । बुद्धिमान लोगों की कमी नहीं है, बशर्ते कि आप उनको बुद्धिमता के साथ सोचने का अवसर दें । आज हिन्दू आतंकवाद का विषय लेकर आ जाते हैं, आप राम जन्म भूमि पर अजीब-अजीब बातें करते हैं । अभी मैंने बाटला हाउस का जिक्र किया है, उस पर आप की कैसी प्रतिक्रिया होती है? आप पुलिस अधिकारी की शहादत पर संदेह करते हैं । आपका धारा 370 पर किस प्रकार का रुख है, आप कहते हैं कि वैसे तो ठीक है, परन्तु तरीका गलत है । मुझे समझ में नहीं आता है कि आप क्या कर रहे हैं । शाहबानो केस पुरानी बात हो गई है, आपको क्या होता है, आप सर्जिकल स्ट्राइक पर क्या करते हैं? आप क्या करते हैं, आप जेएनयू में कैसे पहुंच जाते हैं । आप हमेशा आरएसएस का जिक्र करते हैं, लेकिन पता नहीं क्यों, आज आपने आरएसएस का जिक्र नहीं किया है? मुझे लगता है कि आपके चश्मे में कुछ ऐसा दोष है, जो आपको साफ-साफ देखने से रोकता है और कृपा करके आप उसको ठीक कीजिए ।

अध्यक्ष जी, पहला कदम 75 सेंटीमीटर का होता है, वह एक मीटर का नहीं होता है । आदरणीय सत्यपाल जी आईपीएस रहे हैं । वह 75 सेंटीमीटर का ही होता है, लेकिन पहला कदम दिशा तय कर देता है और मुझको ऐसा लगता है कि देश की आजादी के बाद कांग्रेस के नेतृत्व ने जो दिशा दी, वह दिशा गलत थी, उस दिशा के कारण यह स्थिति हो गई कि सेक्युलरिज्म का मतलब हिन्दुत्व का विरोध करना हो गया । हिन्दुत्व का विरोध करो तो वह सेक्युलर है । यह अजीब बात हो गई है । इसलिए मैंने सारे उदाहरण सुनाए हैं, वे इस प्रकार के हैं कि हिन्दुत्व के विरोध से संबंधित सभी उदाहरण हैं । कांग्रेस जिंदगी भर यही करती रही, इसलिए यह हुआ । कुल मिला कर वोट बैंक की राजनीति ड्राइविंग फोर्स रही । गौरव जी, आपने बीच में बोला । कृपा करके अब समझिए कि वोट बैंक

की राजनीति का समय जा चुका है, जा रहा है, विकास की राजनीति का युग आया है । अब अल्पसंख्यकों का आर्थिक संसाधनों पर पहला अधिकार है, इसका युग चला गया। अब सबका साथ-सबका विकास का युग आया है। आप इस बात को समझिए। अगर आपका दृष्टि दोष दूर नहीं होगा तो आपको सब तरफ इसी प्रकार समस्याएं दिखाई देंगी । मुझे एक शेयर याद आता है । गुलाम अली साहब ने बहुत प्रसिद्ध गजल गायी है। उन्होंने कहा है कि:

"सूरज को लगे धब्बा, कुदरत के करिश्मे हैं,
बूत हम को कहे काफ़िर, अल्लाह की मर्ज़ी है"

आज हिन्दुस्तान में सर्वाधिक सांप्रदायिक सोच वाला कोई राजनीतिक दल है, तो वह कांग्रेस है। कांग्रेस उसका विश्वविद्यालय है। उस विश्वविद्यालय में पढ़े हुए जितने भी छात्र हैं, जिनमें एक वह भी नाम है, आप देख लीजिएगा और देश की जनता भी देखे कि उस विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन करने वाले जितने भी छात्र हैं, उन्होंने इसी सांप्रदायिकता को अपनी राजनीति का आधार बनाए हुए हैं। वे बांटने की बात करते हैं। वे वोट बैंक की बात करते हैं, लेकिन हम यह नहीं करते हैं। मेरा निवेदन है कि इससे एक बार ऊपर उठिए, गांधी जी को स्मरण कीजिए । गांधी जी की ताव़ीज का स्मरण कीजिए और उसके अनुसार बिल्कुल सामान रूप से, सबसे प्रताड़ित व्यक्ति को किस प्रकार राहत मिले, इसकी चिंता कीजिए। आपके आंख का अंधेरा समाप्त हो जाएगा और आपको इस बिल का समर्थन करने में बिल्कुल भी दिक्कत नहीं होगी।

अध्यक्ष जी, अंत में मैं एक बात कहना चाहता हूँ, इस बात को यहाँ पर कई बार कहा गया है, लेकिन रामधारी सिंह दिनकर जी का यह एक बहुत ही प्रसिद्ध पद्यांश है, जिसे में कहना चाहूँगा, क्योंकि यह एक ऐतिहासिक क्षण है। हम बहुत ही कम समय में दूसरी बड़ी भूल, पहली धारा 370 थी, जिसने आतंकवाद को प्रश्रय दिया, जिसने भारत माता के मस्तक को हमेशा पीड़ा से ग्रस्त रखा, उसको हमने

दूर किया। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय अमित शाह जी के नेतृत्व में हमने पहला काम यह किया।

दूसरा काम अब यह संसद करने जा रही है। लेकिन ऐसे समय में, जो दिनकर जी ने कहा है, उसे मैं कहूँगा:

समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध,

जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनका भी इतिहास।

कृपया करके तटस्थ मत रहिए, इस बिल के पक्ष में आइए, इस बिल का समर्थन कीजिए और जो लाखों लोग पीड़ित हैं, उनको राहत दीजिए।

SHRI DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Thank you, Speaker Sir. I rise to oppose the Bill, on behalf of DMK Party. Sir, in the very beginning, I would like to state the Preamble which states that: "**WE, THE PEOPLE OF INDIA,** having solemnly resolved to constitute India into a **SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC** and to secure to all its citizens: **JUSTICE**, social, economic and political; **LIBERTY** of thought, expression, belief, faith and worship; **EQUALITY** of status and of opportunity."

The Right-Wing Party has the majority, as the Home Minister has said. You have a majority, but not in our State. We come from a State where none of us voted for you.

So, you have to think that the South and the North think differently. That is the reason, Sir, when you say that you are going to support Muslims and you will take care of the minorities, we are scared. You have not done anything till date to win the support of the minorities and give them a comfort level that you will be there for them.

Moreover, I would like to say that the 1st Article of Indian Constitution states: "India, that is Bharat, shall be a Union of States." Sir, your Bill is half-hearted. It does not constitute for all the States of India. You are pre-occupied with Pakistan, Bangladesh etc. You have failed to realise that you are not the Home Minister only for the northern part of India but you are the Home Minister for the entire country.

Sir, today morning, hon. Speaker had a guest for the Lok Sabha. Mr. Mohammed Nasheed, President of Maldives was with his full team here to witness the Lok Sabha events. They are also our neighbours.

Sir, as I searched in the internet and saw the records, I could realise that nearly 1082 people have been given citizenship or are in the process of being given citizenship by India, majority of whom have come from Pakistan. 13 people applied for citizenship from Sri Lanka. But you have not taken any note of that in your Bill. Your Bill is half-hearted.

There are Muslims in Sri Lanka who are also part of Tamil Nadu or Tamil Sri Lankans who have been living there. In India for 30 years, they are in our refugee camps. What are you going to do for them? You have not even addressed the issue because of your preoccupation of hating Muslims.

Sir, coming to Maldives, they are also people of Indian origin who are living in Maldives. If they want to have citizenship or they want to seek citizenship, what is your stand in this regard because they are Muslims? Is it a crime to be a Muslim? We do not understand this.

Sir, I went through your election manifesto. Yes, good job. You are systematically implementing all your election manifestoes. Congratulations! I have nothing to say. In point no. 12 of your manifesto, you have stated: “We are committed to enactment of Citizenship Amendment Bill for the protection of individuals of religious minority communities… etc.” It also says: “…. to protect the

linguistic, cultural and social identity of the people of Northeast, Hindus, Jains, Buddhists and Sikhs to escape persecution from India's neighbouring countries."

I was quite surprised to see in the Bill that you added Christians. Sudden love for Christians! The same love was not there when you had prepared your manifesto. Earlier this year, because it was prepared to get votes, and to ensure that you divide the country against the minorities, and especially to go against the Christians and Muslims. When it comes to the Bill, you have added `Christians'. Probably because of the fear of the Western countries, probably because the fear of you being isolated by the Western countries has crept into you to include Christians in the Bill. At least I am happy. But again you are trying to divide the minorities. You want to make sure that you are going to divide Christians and Muslims so that, `okay, let me finish the Muslims first, then I will come to Christians later'. This is how minorities fear. …(*Interruptions*) The Home Minister assured this House that each individual would be allowed to speak and nobody would disturb. Right now, the Home Minister is encouraging his own Party people to disturb. …(*Interruptions*) You said, Sir, on this floor of the House. …(*Interruptions*) The Home Minister assured the House. …(*Interruptions*) I am sure the Party people belonging to the Home Minister would respect his words and follow his instructions and not obstruct me while making my speech.

Today, in this morning's speech, you were talking about the Green Card holders. How did America give Green Card? India is the richest nation here. But

you are always preoccupied with Pakistan. Who cares about Pakistan? We have gone a long way. If Pakistan is bringing some laws which are antique, let them go to hell! It is not our job. We are a superior country. Let us go ahead. What is the policy of Pakistan? It is a tooth for a tooth. If Pakistan is going to do something against the minorities, why should we follow Pakistan? India is far ahead. We are the United States of America in this particular region. We are a superpower in this region. I am sure that is what we are trying to do.

Here, I would like to pose a question. You did raise a question about Kashmir being a part of India. You said that we have a 121 or 128 km. of borders with Afghanistan. Kashmir is a part of India. What if Muslims who are living in Pakistan occupied Kashmir want to come to India because their relatives are on this side of the country? If they want to come to our country, what do you have for them? Your answer is, `no, we have one law. We do not want Muslims. Whoever is a Muslim – whether he is a friend or a foe – he is out'. That is not the way it should be there.

What about atheists? The Bill does not talk about atheists. Ms. Taslima Nasrin was given asylum in India because she was an atheist. People will like to come to your country because they feel that it is right. It is my country as well. We will say yes, they want to come to our country because they believe that their rights are respected. Why is this? When you decide to discriminate, definitely, we are going to go to a different level.

I come from the State; I speak the language of *Kaniyan Pungundranar* – *"Yaadhum Oore Yaavarum Kelir"* – the entire world is my country, and everyone in this world is my brothers and sisters. Our Prime Minister, your Prime Minister, went to the United Nations, and uttered the same words, when he started his speech in the United Nations. He tried to win the hearts of Tamils. Everyone is our brother and sister but when it comes to the Home Minister, he does not want to follow the Prime Minister. He wants to take a totally different line. If he wants people to understand; if he wants his *bhaktas* here to understand, he should follow *Vasudhaiva Kutumbakam* – the entire world is one. But why do you want to differentiate?

There are 20 crore Muslims in our country. They are in a constant fear from 2014. In 2014, the moment this right-wing Government came into place, they were harassed, persecuted and lynched in the name of cow. After that was over, now you have brought in NIA under which you are trying to term every Muslim in the country a terrorist. Sir, please take a look at it.

Sir, sometimes, you have to take a pause and see what happened to them. You are scaring them and you are forcing the Muslim youth. The fear has come into them that this Government is against the Muslims. To top it all, your Bill, today's Bill, which you spoke about here, is also saying the same. Sometimes, when you say that you are supporting the minorities, it is not believed by the minorities.

'*Satan Vedam Odhugiradhu*' which means, "Satan is trying to preach gospels". Sir, this is the feeling which people have when you say it. Today, without your knowledge, you expressed it with some words, "should the minorities get benefits"? This sends chills over the spines of all the minorities living in India when it comes from the hon. Home Minister on the floor of the House. Sir, you are not the Home Minister of only those people who have voted for you, you are the Home Minister of the entire country.

Sir, today, you spoke about the Green Card in American. They do not give the Green Card on the basis of caste, creed or colour. Whoever is talented and is able to come can become a citizen of America. Why do we not grow big? Why is that you want to turn India into a small circle with the religious suppression. This is not the way we should do it.

Today, we all are suffering. India is suffering because of the bad economic policies of this Government since 2014. You have not taken any bold steps. By taking these steps, India is not going to prosper. You only want to create more and more animosity amongst the Indians. Sir, I humbly request you, since childhood, we all have learnt to love all Indians as brothers and sisters whether they are Christians, Muslims, Hindus, Sikhs or Buddhists. What is preventing you? When you have a majority, you should not be arrogant, you should be humble towards the minorities. Today, the opposition is like a minority. You have an elephant's strength in this House. Please listen to the voices of the minority.

We may be so small, but we represent our constituencies; we represent everyone who voted for us right from Hindus, Muslims and Christians. Sir, what you are doing is not fair. This Bill is half-hearted and is not taking care of the entire country. I request you to reconsider it, try to be more positive and take positive rather than negative steps.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अगर सभा की अनुमति हो तो सदन का समय इस विधेयक पर चर्चा की समाप्ति तक के लिए बढ़ा देते हैं।

अनेक माननीय सदस्य: हां।

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): सर, सभी के लिए रात्रि भोजन की व्यवस्था की गयी है। सभी से मेरा अनुरोध है कि वह भोजन ग्रहण करेंगे।

SHRI ABHISHEK BANERJEE (DIAMOND HARBOUR): Sir, I rise here today to speak on the Bill which is fundamentally opposed to the idea of India. This Bill is immoral, unethical and unconstitutional....(*Interruptions*) सर, मैं एक बात बताना चाहता हूं ...(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Sir, if he disturbs him, I will continuously disturb the hon. Home Minister during his speech...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग प्लीज़ शांत रहिए।

SHRI ABHISHEK BANERJEE: Sir, let me just remind the hon. Home Minister what he said an hour ago. माननीय गृह मंत्री जी ने बोला था कि यह शांतिपूर्वक चर्चा होनी चाहिए। न तो हम आपको टोकेंगे और न ही आप हमें टोकेंगे। पांच बजे होम मिनिस्टर जी ने यह बात कही थी और छ: बजे उनकी पार्टी के सदस्य यहां चिल्ला रहे हैं। एक बात तो तय है और यह साबित हो चुका है कि बीजेपी एक घंटे में अपनी चाल बदलती है। पांच बजे कुछ और बोलती है और छ: बजे कुछ और करती है, यह तो तय है।

माननीय अध्यक्ष : ऐसा कुछ नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी मेरी है।

18.00 hrs

SHRI ABHISHEK BANERJEE:Sir, let me first tell you that this Bill has been brought before this House with the noxious motive of gaining political mileage by the incumbent Government. Sir, I would first like to share with all in this august

House the vision of the Great Swami Vivekananda, Sardar Vallabh Bhai Patel and Mahatma Gandhi.

Our Prime Minister very often invokes Swami Vivekananda and his teachings but fails in reality to practice his principles. Four years ago, while unveiling a bronze statue of the Great Swamiji in Malaysia, Pradhan Mantri Ji said, 'Swami Vivekananda is not just the name of a person, he personifies the thousand-year old culture of India.'

A hundred and twenty-six years ago, while addressing the Parliament of World's Religions in Chicago, Swami Vivekananda said, "We believe not only in universal tolerance but we accept all religions as true." He also said, "I am proud to belong to a nation which has sheltered the persecuted and the refugees of all religions and nations of the earth." महोदय, या तो 126 साल पहले स्वामी विवेकानंद सही थे, या फिर आज देश के गृह मंत्री सही हैं। Swamiji would have been shell shocked had he been here with us to witness this Bill and debate which is fundamentally opposed to his idea of India, which is dividing India on the narrow lines of caste, creed, religion, race and community.

This Government is using the iconic spectacles of Mahatma Gandhi in their Swachh Bharat campaign. At a time when the nation is commemorating the 150th birth anniversary of the Great Mahatma Gandhi and the Prime Minister is unveiling commemorative stamps and coins to honour him and his contributions,

look what Gandhiji had to say 94 years ago. Gandhiji said, “Our ability to reach unity in diversity will be the beauty and test of our civilisation.”

The Government has spent Rs.3,000 crore of the taxpayers’ money to build a 600 ft, 180 metres, long statue of Sardar Vallabh Bhai Patel in Gujarat. But what about the unity and diversity that Sardar Patel taught the world? I should remind the House what the Iron Man of India said 73 years ago. He said, “Caste and community will rapidly disappear. We have to speedily forget all those things. Such boundaries hamper our growth.” These are the same people who, six years ago, made the country run for unity in the name of Sardar Vallabh Bhai Patel. And these are again the same people who, six years later, are making the entire country beg on their knees for their identity. It is a shame, Sir.

It would be most unfortunate, Sir, if we, Swami Vivekananda’s followers and devotees, fail to uphold his philosophy. It would be disastrous if we ignore the words of Great Mahatma Gandhi. It would be a shame if we do not heed to the advice of the Iron Man of India, Sardar Vallabh Bhai Patel.

Do we want an India that is one nation? Do we want an India for ourselves and our children, all our future generations that share the vision of these three great minds? Do we want an India that the founding father of the Constitution had created for us? Or do we want an India that is a loose collection of separate nations divided along the narrow lines of caste, creed, community, race and religion? The answer, hon. Speaker, is very obvious.

The fact that we have been debating the fundamental idea of India today here in this House is causing me sheer sadness mixed with deep anguish, pain and concern. We all have an idea of India in our mind. And everyone sitting over here, be the incumbents or the opposition, we all have an idea of India in our heads, minds and hearts. But your idea of India is different and our idea of India is different. Our India dwells in the optimism of our heart. Your India lives in the scepticism of your mind. Our India believes in love, peace and harmony. Your India is lost in mob lynching and communal agony. Our India smiles, hopes, cries, desperately waits for development. Your India is lost in the viciousness of destruction. Our India is inclusive. Your idea of India is divisive.

सर, आज जब बिल को इंट्रोड्यूज़ किया जा रहा था, गृह मंत्री महोदय पाकिस्तान के कंस्टिट्यूशन की बात कर रहे थे, बंग्लादेश के कंस्टिट्यूशन की बात कर रहे थे। But what about the Constitution that is placed here? What about the Constitution that every Member of this august House has sworn by, to protect and preserve?

Let me raise three fundamental questions. Can you classify migrants on the basis of their religious identity? Can you favour migrants on the basis of country where they come from? Can you put genuine Indian citizens in distress and attempt to snatch away their citizenship on dubious grounds? The answer to these three questions is very easy to find. Read the debates which are put forth in the Constituent Assembly. See what the Preamble of the Constitution had to say, ponder over the key words, understand in letter and spirit.

Let us start with Constituent Assembly and whether the idea of Indian citizenship was debated at length. Listen to what Pandit Nehru had to say. Pandit Nehru said, you cannot decide whom you like and whom you dislike. You have to lay down certain principles. All these rules naturally apply to every religion, Hindu, Muslim, Sikh, Christian, or anybody else. The Preamble declares India as a sovereign, socialist, secular, and democratic republic.

Now, let me read Article 14 of the Constitution, which every Member of the House is referring to. “The State shall not deny to any person equality before the law or the equal protection of the laws within the territory of India.” It is clear that the Citizenship (Amendment) Bill, 2019 very clearly violates the Constitution of India. It is immoral, I say again. It is unconstitutional and here are more reasons why it is constitutional.

Sir, after Article 14, let us look at Articles 5 to 11. These are laid down on the basis of who can be the citizen of India. Even though the Constitution was framed after freedom struggle, and the partition of India was characterized by great physical, psychological and emotional upheavals, none of its provisions makes religious identity or country of origin, grounds for restricting Indian citizenship. That is the greatness of Indian Constitution.

*{Great poet Dwijendra Lal Roy said :

* English translation of speech originally delivered in Bengali.

Emon deshti kothao khuje pabe na ko tumi,
Shakal desher rani she je amar Janmabhumi}

This in English means:

"You will never find such a country anywhere. She is the queen of all countries. She is my motherland."

Sir, any decision on the Citizenship (Amendment) Bill cannot be had without understanding the context of NRC, and any attempt by the Government to make us believe that NRC and CAB are two different exercises is absolutely unconvincing. NRC was a trap and CAB which has been introduced today and considered for passing is even a bigger trap.

मैं यहां पर पूछना चाहता हूँ, हिंदू-मुस्लिम की बात हो रही है, मैं पूछना चाहता हूँ कि जब आपकी तबियत खराब होती है तो आप डॉक्टर के पास जाते हैं, तब आप पूछते हैं कि आप हिंदू हैं कि मुस्लिम हैं? आप सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने जाते हैं, जो बेचता है, उससे पूछते हैं कि आप हिंदू हैं या मुस्लिम है? …(व्यवधान) आप एंबुलेंस बुलाते हैं, तब पूछते हैं कि हिंदू या मुस्लिम है? …(व्यवधान) अरे सुनने का पेशेंस रखिए। …(व्यवधान) यहां पर जो लोग बैठे हुए हैं, आपके मोहताज नहीं हैं। …(व्यवधान) हम लोग भी चुन कर आए हैं and 65 per cent of the country have voted for the Opposition and you should rightly know that the House belongs to the Opposition. आप लोग जब बोले, आप लोग को बोलने का मौका दिया गया है। …(व्यवधान)

If persecution and genuine concern is the real criteria, then anyone irrespective of religion should be considered for citizenship. How can citizenship be determined on the basis of religion? And if you are considerate towards the majority community here, then why only three countries? We never parted with

Afghanistan. मंत्री जी बताएं कि हम बॉर्डर शेयर करते हैं, 106 किलोमीटर लंबा, ठीक है, लेकिन और देश भी हैं, श्रीलंका है, मयंमार है। Myanmar was a part of British India. Why did you not considered them if you are so concerned and bothered about the majority and everyone here? That is why, I am telling it is a trap. एनआरसी एक लॉलीपॉप था। यह और भी बड़ा लॉलीपॉप है। देश की जनता के लिए और एक बड़ा जुमला है। मैं अगर आपसे पूछूँ कि वहाँ पर भी तो तमिल सफर कर रहे हैं, मुझ से पहले जो वक्ता थे, उन्होंने बताया कि वहां के जो माइनोरिटीज हैं, उनके लिए तो आप सोच नहीं रहे हैं। They are also being persecuted; they are also suffering. Why do you not consider them? It is simple. Thinking for them as genuine Indian citizens will not serve your political hunger. It only goes to prove how outrageous and how morally noxious your intent is.

Coming to the actual process of NRC, it is a totally botched up exercise. It is a failure and there is no doubt about it. You messed up with doing NRC in one of the States. …(*Interruptions*) Now you want to implement NRC in 27 other States and nine other Union Territories. You ask citizens to give this card, that card, documents before 1971, land document, this certificate and that certificate. यहाँ पर सदन में अपोजिशन को छोड़ कर जितने लोग बैठे हुए हैं, रूलिंग साइड में वर्ष 1971 के पहले का सबके पास डॉक्युमेंट होगा। If I were to ask you about the real certificates and documents. Education and otherwise, many of the Ministers in the Cabinet would be left embarrassed. So, I am not even going into that. …(*Interruptions*) How big a disaster NRC was going to be as it was implemented and scrapped! यह लुका-छिपी नहीं है। सब के देखने के लिए है। Please allow me to give you five real stories of the

disaster that the NRC was. I have already documented a list of people who lost their lives because of the ordeal of NRC and the panic caused because of NRC. Fifty-five-year-old daily labourer Kamal Ghosh was from Purba Bardhaman. He was not sleeping all night and not eating in the day. He went to the local BDO office to get his Digitised Ration card. He felt unconscious on the floor and lost his life. Who is responsible for his death, Sir? I demand an answer from the hon. Minister.

In Dhupguri, 39-year old driver Shyamal Roy committed suicide after he had lost his voter ID card. His family members say that he was in a state of panic after losing it. What would have happened if NRC had been implemented? Who killed him? Who is responsible for his death? In South Dinajpur, a person called Mintu Sarkar, 52 years of age, died after falling ill in the same way, as he was trying to acquire the digitisation card. Who is responsible for his death, Sir? In my constituency, Diamond Harbour, Kalachand Midde, a 43-year-old resident of Falta, hanged himself from a bamboo clamp because of the ordeal of NRC. Who is responsible for his death, Sir? We also know why Bengalis were brutally shot dead in November 2018 in Tinsukia. These are real people who died due to the ill though-out or the half-baked process of NRC. Why is there so much discrimination and hatred towards Bengal?

Now that I have established that this Bill is anti-Constitutional and anti-Indian, let me give you a few examples that will fundamentally establish how this

